राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 विराट की गाली, शुभमन को कप्तानी नहीं आती...

रूस के साथ अपने मजबूत संबंधों का इस्तेमाल करके यूक्रेन युद्ध ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 96 | नई दिल्ली, बुधवार, 17 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

## दरभंगा में उनके पैतृक घर पर अपराधियों ने धारदार हथियार से की हत्या

# मुकेश सहनी के पिता की हत्या, घर में मिला शव

### जांच के लिए एसआईटी गठित, दो संदिग्ध हिरासत में, शरीर पर चाकू से वार किए जाने के कई निशान

प्रात : किरण

पटना/दरभंगा/एजेंसी। विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की दरभंगा जिले में उनके पैतृक घर पर मंगलवार को चाकू मार कर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। दरभंगा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी ने घटना की पुष्टि करते हुए संवाददाताओं को बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जीतन सहनी के शरीर पर चाकू से वार किए जाने के कई निशान हैं। एसएसपी रेड्डी के अनुसार, बिरौल अनुमंडल पुलिस के पदाधिकारी, बिरौल थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर हैं। जांच के लिए दरभंगा के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर विधि-विज्ञान प्रयोगशाला के दल और श्वान दस्ते की मदद से विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि घर में रखा लकड़ी का एक बक्सा घर के पीछे पानी से भरे एक गड्ढे में पाया गया। पुलिस ने वारदात वाले कमरे में एक मेज पर रखे तीन खाली गिलास भी बरामद किये हैं। एसएसपी ने कहा कि कुछ अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी मिली है। उन्होंने कहा कि पुलिस लूटपाट, रंजिश सहित विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस घटना की निंदा की। उपमुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने घटना पर दुख जताते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा है।

**जांच के लिए एसआईटी गठित**

दरभंगा। हत्या की जांच और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। दरभंगा की ग्रामीण पुलिस अधीक्षक काम्या मिश्रा के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया है। इसमें बिरौल एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी और बिरौल के थाना प्रभारी के अलावा तकनीकी कोषांग, दरभंगा को शामिल किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जीतन सहनी घर में अकेले रहते थे। सोमवार की रात उनकी हत्या की गई है। शव देखने से साफ है कि उनके शरीर पर धारदार हथियार से कई वार किए गए हैं। उनका शव क्षत-विक्षत हालत में पुलिस ने बरामद किया है। जीतन सहनी की पत्नी की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। पुलिस आसपास के लोगों और उनके घर आने-जाने वालों से पूछताछ कर घटना के सुराग खोजने की कोशिश कर रही है। पुलिस प्रथम दृष्टया चोरी की घटना की बात कर रही है, हालांकि स्थानीय लोग इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि जीतन सहनी का न कोई बड़ा व्यवसाय था और न ही राजनीति से कोई लेना देना था। वह साधारण किस्म के व्यक्ति थे।

**हत्या मामले में दो संदिग्ध हिरासत में लिए गए :एडीजी**

पटना। पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या मामले में पुलिस दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस मुख्यालय का दावा है कि जल्द ही पूरे मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) जितेंद्र गंगवार ने कहा कि पुलिस वैज्ञानिक तरीके से मामले का अनुसंधान कर रही है। विशेष जांच दल का गठन किया गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि पुलिस के अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता से मामले की जांच कर रहे हैं। फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम भी घटनास्थल पहुंच रही है। इस मामले में किसी प्रकार की सूचना देने के लिए दरभंगा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नंबर भी जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिस घर में जीतन सहनी की हत्या हुई है, वह दो फ्लोर का है। ग्राउंड फ्लोर पर घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। जल्द ही इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।



### दोषियों को कठोर सजा दी जाए : सहनी

पटना। वीआईपी प्रमुख और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी मंगलवार को मुंबई से पटना पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनके पिता की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जो भी दोषी होंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि उन्हें मीडिया और गांव के लोगों से यह खबर मिली थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव सहित करीब सभी नेताओं से बात हुई है। सभी लोगों ने आश्वस्त किया है कि जो भी दोषी है, वह बख्शा नहीं जाएगा। मेरा आग्रह है कि दोषियों को कठोर सजा दी जाए। इससे पहले मुकेश सहनी के भाई संतोष सहनी ने पत्रकारों को बताया कि उनकी पिता से सोमवार को रात आठ बजे बात हुई थी। सुबह उनकी हत्या की खबर मिली। उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।

### सीएम नीतीश ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

#### मुकेश सहनी से की बात, कड़ी कार्रवाई का दिया भरोसा

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री मुकेश सहनी से फोन पर बात कर उनके पिता की हत्या पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस बयान में कहा गया है कि सीएम नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीतन सहनी की हत्या अत्यंत दुखद घटना है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री मुकेश सहनी से दूरभाष पर बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर-शांति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## डोडा जिले में आतंकवादियों को खत्म करने के अभियान के क्रम में हुआ हादसा

# विदेशी आतंकियों के साथ मुठभेड़ में चार जवान शहीद

### आतंकवाद को खत्म करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : रक्षा मंत्री

प्रात : किरण



जम्मू/नई दिल्ली/एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए पुलिस के साथ संयुक्त और समन्वित अभियान के दौरान एक कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी शहीद हो गये। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जम्मू स्थित रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी सुनील बर्तवाल ने कहा कि सोमवार रात 8.40 बजे एक खोज दल ने डोडा क्षेत्र से 10 किमी उत्तर में उरारबग्गी में आतंकवादियों को छिपे हुए होने की सूचना पर अभियान शुरू किया। वह इलाका घने जंगलों वाला और पहाड़ी क्षेत्र है और बादलों व बारिश के कारण दृश्यता सीमित है। उन्होंने कहा, शुरूआती गोलीबारी में, सेना के चार जवान घायल हो गए, जिन्होंने बाद में दम तोड़ दिया। आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए अतिरिक्त सैनिक और उपकरण बुलाए गए एवं ड्रोन तथा अन्य तकनीकी संसाधनों का उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। शहीद सैनिक हैं: कैप्टन ब्रिजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेंद्र और सिपाही अजय। पीआरओ ने कहा, सेना उन विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त और समन्वित अभियान चला रही है, जो घुसपैठ कर चुके हैं तथा उधमपुर, डोडा, किश्तवाड़ एवं भद्रवाह जिलों के ऊपरी इलाकों और उसके बाद कश्मीर घाटी की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह के ऑपरेशन कठुआ क्षेत्र में लगातार चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हाल के दिनों में कई ऑपरेशनों के परिणामस्वरूप 26 जून को गंदोह में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया, साथ ही 11 जून को छत्तर गली आतंकवादी हमले को भी सफलतापूर्वक विफल कर दिया गया। उन्होंने कहा,ह्लमृत आतंकवादियों के पास से बरामद बड़ी मात्रा में युद्ध जैसे भंडार के विश्लेषण से सीमा पार की शुरूआती एजेंसियों का हाथ होने का पता चलता है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोस्ट किया, मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। राष्ट्र हमारे सैनिकों के परिवारों के साथ दृढ़ता से खड़ा है जिन्होंने कर्तव्य के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया है। आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं, और हमारे सैनिक आतंकवाद के संकट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा क्षेत्र में शांति एवं व्यवस्था बहाल करें।

## संक्षिप्त खबरें

### हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी अमर है : मुख्यमंत्री



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुहर्रम के अवसर पर कर्बला के शहीदों एवं हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मैदान-ए-कर्बला में अन्याय, जुल्म, अहंकार के विरुद्ध हक और सच्चाई के लिए हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों द्वारा दी गई कुबार्नी अमर है। इसे कयामत तक याद किया जायेगा। इससे प्रेरणा लेकर हमें इंसानियत, सच्चाई और भलाई के लिए बड़ी से बड़ी कुबार्नी देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिये। मुख्यमंत्री ने मुहर्रम के अवसर पर राज्यवासियों से अपील की है कि वे हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को याद करते हुये उनके आदर्शों को अपनायें। उन्होंने राज्यवासियों से मुहर्रम को आपसी सौहार्द्र के साथ मनाये जाने की अपील की।

### मुंबई में एक्सप्रेस-वे पर बस दुर्घटनाग्रस्त, पांच की मौत

मुंबई। मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर नवी मुंबई के इलाके में बीती रात एक एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच लोगों की मौत हो गई और 49 अन्य घायल हो गये। घायलों में सात-आठ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना सोमवार-मंगलवार आधी रात के बाद करीब एक बजे की है। बस में सवार सभी लोग डोंबिवली, नीलजे लोढ़ा के रहने वाले थे। वे भगवान विट्ठल के दर्शन के लिए पनवेल से पंढरपुर जा रहे थे। बस एक्सप्रेस-वे पर एक ट्रैक्टर से टकरा गई। बस में 54 लोग सवार थे। नवी मुंबई जोन-2 के उपायुक्त विवेक पानसरे ने बताया कि 45 घायलों को एमजीएम अस्पताल भेजा गया है जबकि अन्य को सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। डॉक्टरों ने पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। सात-आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं जबकि अन्य घायल खतरे से बाहर हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस सीधे सड़क से नीचे जा गिरी। रात में ही बचाव कार्य किया गया और क्रेन की मदद से बस को भी मौके से हटाया गया।

# पूर्व विधायक गुलाब यादव के आवास पर ईडी की छापेमारी

प्रात : किरण

मधुबनी/एजेंसी। झंझारपुर के पूर्व विधायक गुलाब यादव के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छापेमारी की गई है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच झंझारपुर स्थित गंगापुर आवास पर ईडी की छापेमारी की। साथ ही ईडी ने उनके पटना और पुणे स्थित आवास पर भी छापेमारी की है। बता दें कि मंगलवार सुबह ईडी की टीम लखनौर प्रखंड के गंगापुर स्थित झंझारपुर के पूर्व विधायक और लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी गुलाब यादव के आवास पर पहुंची। उनके साथ केंद्रीय पुलिस बल भी है।

बताया जा रहा है कि ईडी ने गुलाब यादव के पटना और पुणे स्थित ठिकानों पर भी छापेमारी की है। गंगापुर आवास में पूर्व विधायक, उनकी पत्नी विधान पार्षद अंबिका गुलाब यादव और उनकी बेटी जिला परिषद अध्यक्ष बिंदु गुलाब आवास पर नहीं हैं। घर का केयरटेकर संदीप कुमार है जो घर के अंदर बताया जा रहा है। ईडी टीम के कुल 12 से 13 लोग सुरक्षा बलों के साथ तैनात बताए जा रहे हैं।

सुबह छह बजे से ही घर के अंदर जांच चल रही है। सुबह जैसे ही टीम पहुंची, सुरक्षा बलों ने पूर्व विधायक के घर तक पहुंचने वाले रास्ते को बंद कर दिया, जिसे बाद में खोल दिया गया। बताया गया है कि ये छापेमारी आय से अधिक संपत्ति के मामले में की जा रही है। गुलाब यादव साल 2015 से 2020 तक झंझारपुर से विधायक रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा के बेटे और वर्तमान में बिहार सरकार में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा को चुनाव में हराया था। उसके बाद साल 2019 में विधायक रहते हुए, उन्होंने आरजेडी के टिकट पर लोकसभा का चुनाव भी लड़ा था।

## बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर हुआ हादसा

# हाइवा से टकराई स्कॉर्पियो, छह की मौत

प्रात : किरण



पटना। पटना जिले में बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर ओवरब्रिज के नजदीक तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो के सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकराने से छह लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। बाढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने मंगलवार को बताया कि नवादा से बख्तियारपुर की ओर आ रही स्कॉर्पियो राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के किनारे खड़े हाइवा से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो पर सवार कुल 11 लोगों में चार की मौके पर ही मौत हो गई। श्री सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सात लोगों को बख्तियारपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। चिकित्सकों ने घायलों को बेहतर इलाज की लिए पीएमसीएच रेफर किया, जहां एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। एसडीपीओ ने बताया कि अन्य पांच घायलों का इलाज चल रहा है।

उन्होंने बताया कि घटना के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्कॉर्पियो के चालक को नींद आ गई या अन्य कारण से दुर्घटना हुई इसका पता लगाया जा रहा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। मृतकों की पहचान की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नवादा जिले के हिसुआ से एक स्कॉर्पियो आ रही थी। इस पर 11 लोग सवार थे। सभी बाढ़ के उमानाथ घाट गंगा स्नान करने जा रहे थे। इस दौरान बख्तियारपुर फोरलेन पर सड़क के किनारे खड़ी एक हाइवा से जा टकराई।

**मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया शोक :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे में छह लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# बजट सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। 22 जुलाई से शुरू होने जा रहे संसद के आगामी बजट सत्र से एक दिन पहले 21 जुलाई को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में शामिल होने के लिए दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा, में सभी राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स को आमंत्रित किया है। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू संसद के बजट सत्र से पहले 21 जुलाई को सुबह 11 बजे दोनों सदनों के सभी राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स के साथ संसद भवन परिसर स्थित संसदीय सौध के मुख्य समिति कक्ष में बैठक करेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी की यह पहली सर्वदलीय बैठक होगी। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होने जा रहा है और इसके 12 अगस्त तक चलने की संभावना है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश करेंगी।

## संयुक्त किसान मोर्चा प्रधानमंत्री समेत सभी सांसदों को सौंपेगा ज्ञापन

नई दिल्ली/एजेंसी। संयुक्त किसान मोर्चा अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर जबरदस्त प्रदर्शन की तैयारी कर रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी को लेकर मोर्चा के किसान 16 से 18 जुलाई तक प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और अन्य सांसदों से मुलाकात कर उन्हें अपना ज्ञापन सौंपेंगे। एसकेएम ने एक बार फिर अलग-अलग मांगों को लेकर आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। किसान संगठन ने 10 जुलाई को अपनी एक आम बैठक बुलाई थी जिसमें 17 राज्यों के किसान प्रतिनिधि पहुंचे थे। इस बैठक में एमएसपी की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी की मांगों को लेकर फिर से आंदोलन शुरू करने की घोषणा की गई थी। एसकेएम ने यह भी कहा कि वह पीएम मोदी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को एक ज्ञापन देगा।

# हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनी तो मुसलमानों को आरक्षण देगी : अमित शाह

प्रात : किरण




महेंद्रगढ़, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्गों से आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। अगर वो हरियाणा में सत्ता में आती है तो यहां भी ऐसा ही करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही पिछड़े वर्गों के खिलाफ रही है। 1957 में ओबीसी आरक्षण के लिए काका कालेलकर आयोग का गठन किया गया था, लेकिन कांग्रेस ने इसे सालों तक लागू नहीं किया। 1980 में इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग को ठंडे बस्ते में डाल दिया। 1990 में जब इसे पेश किया गया तो राजीव गांधी ने दो घंटे 43 मिनट का भाषण देकर ओबीसी आरक्षण का विरोध किया। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने ही पूरे देश को बताया कि उनकी सरकार दलितों, गरीबों और पिछड़ों की सरकार है। अमित शाह ने कहा, भाजपा ने देश को पहला सशक्त पिछड़ा वर्ग का प्रधानमंत्री देने का काम किया है। केंद्र में 71 में से 27 मंत्री पिछड़ा वर्ग से हैं। गृह मंत्री ने ओबीसी समुदाय के लिए प्रधानमंत्री के कामों को गिनाया और कहा कि उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में उनके लिए आरक्षण सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम हरियाणा में मुस्लिम आरक्षण नहीं होने देंगे। उन्होंने कांग्रेस नेता और दो बार मुख्यमंत्री रह चुके भूपेंद्र हुड्डा को चुनौती देते हुए कहा, मैं एक-एक पाई का हिसाब लेकर आया हूं, आंकड़ों के साथ मैदान में आएं। हरियाणा में अक्टूबर में चुनाव हो सकते हैं।


भाजपा यहां अकेले चुनाव लड़ने वाली है। उसकी नजर पिछड़े वर्ग को लुभाने पर है, जिनकी राज्य में 27 फीसदी हिस्सेदारी है। तीन सप्ताह से भी कम समय में अमित शाह का यह दूसरा हरियाणा दौरा है। इससे पहले गृह मंत्री का स्वागत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनके कैबिनेट सहयोगियों ने किया।

**प्रतिबंध** आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के मकसद से रक्षा मंत्रालय ने लगाया प्रतिबंध

# रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए 346 वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध

### पिछले तीन वर्षों में 12,300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण हुआ

प्रात : किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के मकसद से रक्षा मंत्रालय ने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए 346 वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने मंगलवार को पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है। इससे पहले जारी की गई चार सूचियों में अत्यधिक जटिल प्रणालियां, सेंसर, हथियार और गोला-बारूद शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों में 12, 300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया गया है। इसके बाद डीपीएसयू ने घरेलू विक्रेताओं को 7, 572 करोड़ रुपये के ऑर्डर दिए हैं। सार्वजनिक उपक्रमों के लिए 346 वस्तुओं में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सिस्टम, सब-सिस्टम, असेंबली, सब-असेंबली, स्पेयर और कंपोनेंट तथा कच्चा माल शामिल है, जिसका आयात मूल्य 1, 048 करोड़ रुपये है। रक्षा मंत्रालय ने 2020 में सृजन पोर्टल लॉन्च किया था। इस पोर्टल पर उपलब्ध सूची में दर्शाए गए स्वदेशीकरण की समय सीमा के बाद ही भारतीय उद्योग से वस्तुओं की खरीद की जाएगी। रक्षा वस्तुओं के स्वदेशीकरण में उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों की पांचवीं जनहित याचिका में उल्लिखित वस्तुओं का स्वदेशीकरण विभिन्न तरीकों से किया जायेगा, जिससे अर्थव्यवस्था में वृद्धि को गति मिलेगी और रक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ने के साथ आयात पर निर्भरता कम होगी। पांचवीं सूची में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, बीईएमएल लिमिटेड, इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड डीपीएसयू जुड़े हैं। इससे पहले रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) ने डीपीएसयू के लिए 4, 666 वस्तुओं से संबंधित चार जनहित याचिकाएं अधिसूचित की थीं, जिनमें से 2, 972 वस्तुओं का आयात मूल्य 3, 400 करोड़ रुपये है। इनका पहले ही स्वदेशीकरण किया जा चुका है। डीपीएसयू के लिए ये पांच सूचियां सैन्य मामलों के विभाग की ओर से अधिसूचित 509 वस्तुओं की पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों के अतिरिक्त हैं। इन सूचियों में अत्यधिक जटिल प्रणालियां, सेंसर, हथियार और गोला-बारूद शामिल हैं। जून, 2024 तक डीपीएसयू ने स्वदेशीकरण के लिए 36 हजार से अधिक रक्षा वस्तुओं की पेशकश की थी। उनमें से पिछले तीन वर्षों में 12, 300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया गया है। इसी का नतीजा है कि डीपीएसयू ने घरेलू विक्रेताओं को 7, 572 करोड़ रुपये के ऑर्डर दिए हैं।

# स्वदेश में ही बनाए जाएंगे 1,048 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेश से आयात किए जाने वाले करीब 1, 048 करोड़ रुपये मूल्य के रक्षा उपकरणों को भारत में ही बनाया जाएगा। इसके लिए रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) ने 346 वस्तुओं वाली एक सूची को अधिसूचित किया है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए यह पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) है।इससे पहले, रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) द्वारा 4, 666 वस्तुओं की चार सूचियां अधिसूचित की गई थी, जिनका आयात प्रतिस्थापन मूल्य 3, 400 करोड़ रुपये है। इन वस्तुओं व उपकरणों का पहले ही स्वदेशीकरण किया जा चुका है। डीपीएसयू के लिए ये पांच सूचियां सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) द्वारा अधिसूचित 509 वस्तुओं की पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों के अतिरिक्त हैं।

इन सूचियों में अत्यधिक जटिल प्रणालियां, सेंसर, हथियार और गोला-बारूद शामिल हैं।जून 2024 तक, डीपीएसयू और एसएचक्यू द्वारा स्वदेशीकरण के लिए उद्योग को 36, 000 से अधिक रक्षा वस्तुओं की पेशकश की गई थी। उनमें से पिछले तीन वर्षों में 12, 300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया गया है। परिणामस्वरूप, डीपीएसयू ने घरेलू विक्रेताओं को 7, 572 करोड़ रुपये के ऑर्डर दिए हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इनमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट/सिस्टम/सब-सिस्टम/ असेंबली/सब-असेंबली/स्पेयर और कंपोनेंट तथा कच्चा माल शामिल है। इनका आयात प्रतिस्थापन मूल्य 1, 048 करोड़ रुपये है।

संक्षिप्त समाचार

## कांवड़ यात्रा में बाधित न हो बसों का संचालन, पुख्ता रखें इंतजाम: जैन

**देहरादून, एजेंसी।** परिवहन निगम ने कांवड़ मेले में रोडवेज बसों के संचालन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। निगम के जीएम संचालन दीपक जैन ने कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। जीएम ने कहा है कि कांवड़ के दौरान ऋषिकुल मैदान, चंडीघाट, गौरी शंकर, मोतीचूर अस्थायी बस स्टेशनों से रोडवेज बसों का संचालन राउंड द क्लॉक ट्रैफिक प्लान के अनुसार किया जाएगा। निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला-पुलिस प्रशासन की ओर से मार्ग परिवर्तन, ट्रैफिक प्लान जारी करने पर निगम व डिपो को सूचित जरूर करें। कहा, वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित करने की दशा में अस्थायी बस स्टेशनों में पूछताछ कक्ष स्थापित कराएं। इनमें पर्यवेक्षक, लिपिक व कर्मचारियों की पर्याप्त मात्रा में तैनाती कराई जाए। मंडलीय प्रबंधक (संचालन) देहरादून मंडल की देखरेख में यह व्यवस्था की जाएगी। कहा गया कि हरिद्वार डिपो में कर्मचारियों की कमी के मद्देनजर अस्थायी बस स्टेशनों पर पीआरडी व सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जाए। अस्थायी बस स्टेशनों पर कर्मचारियों के ड्यूटी के दौरान ठहरने व रात्रि विश्राम के लिए आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध किया जाएं। कहा गया कि प्राइवेट पंपों से डीजल लेने की व्यवस्था रखें। कांवड़ मेला अवधि में सीनियर फोरमैन की मांग के अनुसार वाहनों के कलपुर्जे, स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध कराना तय करें। कांवड़ मेला अवधि में निगम वाहनों की ऑन लाइन बुकिंग का कार्य जारी रखा जाए।

## रजिस्ट्री के लिए धारी तहसील की दौड़ लगा रहे ग्रामीण

**भीमताल, एजेंसी।** ओखलकांडा के खनस्यूं तहसील में विवाह पंजीकरण और जमीन की रजिस्ट्री न होने से ग्रामीणों को धारी तहसील की दौड़ लगानी पड़ रही है। खनस्यूं के क्षेत्र पंचायत सदस्य रवि गोस्वामी ने बताया कि ग्रामीणों के लंबे संघर्ष के बाद खनस्यूं में तहसील तो खोली गई लेकिन एसडीएम का पद स्थायी नहीं होने से ग्रामीणों को विवाह का पंजीकरण और जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए धारी तहसील जाना पड़ रहा है। गोस्वामी ने कहा कि सरकार अगर एसडीएम की स्थायी नियुक्ति करा दे तो ग्रामीणों की समस्या हल हो जाएगी। साथ ही उन्होंने धारी एसडीएम से खनस्यूं तहसील में महीने में दो दिन विवाह पंजीकरण के लिए कैंप लगाने की मांग की है।

## स्ट्रीट लाइट और सड़कों के गड्ढे ठीक कराने की मांग

**रामनगर, एजेंसी।** भरतपुरी और दुर्गापुरी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट खराब होने और सड़क पर बने गड्ढों से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परेशान लोगों ने रविवार को भरतपुरी मंदिर में प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। भरतपुरी मंदिर समिति की अध्यक्ष सतेश्वरी रावत ने एचपी गैस पाइपलाइन के ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि ठेकेदार ने पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क तो खोदी लेकिन गड्ढों का भरान नहीं किया है जिससे मंदिर की दीवार गिरने का खतरा बना हुआ है। निवर्तमान सभासद कमला ढौंढियाल ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी पालिका की ओर से स्ट्रीट लाइट ठीक नहीं की जा रही है। वहां पूर्व सचिव छात्रसंघ नवीन सुनेजा, संजय बिष्ट, सुनीता रावत, प्रभा घुघत्याल, प्रशंसा पोखरियाल, दीपक सत्यवली आदि थे।

## सड़क के गड्ढों में जलभराव से व्यापारी परेशान

**भीमताल/गरमपानी, एजेंसी।** नौकुचियाताल मार्ग पर गड्ढे होने और उसमें जलभराव के कारण स्थानीय व्यापारी और वाहन चालक परेशान हैं। व्यापारी जितेंद्र बिष्ट ने बताया कि वाहनों की आवाजाही होते समय कीचड़ दुकानों में आ रहा है। लोनिवि के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने गड्ढों को भरने की मांग की है। इधर बेतालघाट क्षेत्र की सड़कों में भी जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# महल सिंह हत्याकांड के अधिवक्ता को मिली जान से मारने की धमकी, इनपर लगा आरोप; पुलिस ने दर्ज किया केस

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** काशीपुर में बहुचर्चित महल सिंह हत्याकांड केस की पैरवी कर रहे अधिवक्ता को अभियुक्तों ने न्यायालय परिसर में जान से मारने की धमकी दी।





काशीपुर में बहुचर्चित महल सिंह हत्याकांड केस की पैरवी कर रहे अधिवक्ता को अभियुक्तों ने न्यायालय परिसर में जान से मारने की धमकी दी। अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

ग्राम जुड़का निवासी अधिवक्ता करमपाल सिंह ने आईटीआई थाना पुलिस में दी तहरीर में बताया कि उसके ग्राम जुड़का निवासी ताऊ महल सिंह की 13 अक्तूबर 2022 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसका वाद न्यायालय में विचाराधीन है। मामले की वह ही पैरवी कर रहे हैं। बताया कि बीती 12 जुलाई को मामले की कोर्ट में तारीख थी। वह न्यायालय के बाहर सीढ़ियों के पास खड़ा था। तब कोर्ट की पेशी पर अभियुक्त साधू सिंह ने कहा कि उसकी वजह से ही वह जेल में है। उसने जेल से निकलने पर देख लेने और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी का कहना था कि उसकी प्रभजोत सिंह उर्फ पन्नू व गुरजंट सिंह उर्फ जंटा से उसे मारने की बात हो चुकी है। इस दौरान पन्नू और जंटा भी साधू सिंह से मिलने आए थे। करमपाल सिंह का कहना है कि पन्नू और जंटा के पिता पूर्व में भी उसे धमकी दे चुके हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

महल सिंह हत्याकांड की पैरवी कर रहे अधिवक्ता करमपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने न्यायालय में चार्ज के लिए फ्रेम लगाया हुआ है। इसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है। अब जल्दी-जल्दी तारीखों पर गवाहों की गवाही शुरू होगी। उन्होंने बताया कि हत्याकांड के अभियुक्त प्रभजोत सिंह उर्फ पन्नू और गुरजंट सिंह उर्फ जंटा लगभग एक महीना पहले जमानत पर बाहर आए हैं। दोनों उस दिन पेशी पर आए साधू सिंह से मुलाकात करने कचहरी आए हुए थे। बताया कि पुलिस इन लोगों के खिलाफ पूर्व में गैरकानूनी क्रियाकलाप अधिनियम के तहत कार्रवाई कर चुकी है।

ग्राम जुड़का निवासी पूर्व प्रधान महल सिंह का स्टोन क्रशर में हिस्सेदारी को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। इसके चलते 13 अक्तूबर 2022 को दो शूटरों ने घर के बाहर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। हत्याकांड में कनाडा में रह रहे एनआरआई ट्रांसपोर्टर हरजीत सिंह उर्फ काला का नाम प्रकाश में आया था। इसके बाद काला के सहयोग से प्रभजोत सिंह व सुखदेव सिंह को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि काला व उसके बेटे तनवीर ने कनाडा में रह रहे आतंकी अर्शदीप सिंह उर्फ डल्ला व सुक्खा दुनके की मदद से पंजाब के दो शूटर उपलब्ध कराए थे। 13 जनवरी 2023 को पुलिस ने कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट में कुल दस नाम शामिल किए थे। साक्ष्य मिलने पर हरजीत सिंह काला, तनवीर सिंह, अर्शदीप सिंह डल्ला, सुखदुल सिंह उर्फ सुक्खा, पंजाब के दो शूटर साधू सिंह व मनप्रीत सिंह, काशीपुर के प्रभजोत सिंह उर्फ पन्नू, गुरजंट सिंह उर्फ जंटा, सुखदेव सिंह व रजविंदर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था।

## पत्थरों के बीच फंसा था हिमांशु : सात दिन बाद मिला जवान का शव, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने किया रेस्क्यू; घर में मचा कोहराम



**नैनीताल, एजेंसी।** भीमताल के पदमपुरी मार्ग में बमेटा के पास 9 जुलाई को नहाते समय डूबे सैन्यकर्मी हिमांशु दफौटिया का शव सोमवार को रेस्क्यू के दौरान एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को मिला।

भीमताल के पदमपुरी मार्ग में बमेटा के पास 9 जुलाई को नहाते समय डूबे सैन्यकर्मी हिमांशु दफौटिया का शव सोमवार को रेस्क्यू के दौरान एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को मिला। पानी कम होने पर पत्थरों के बीच फंसे शव को टीम की ओर से निकाला गया।

शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। धारी एसडीएम केएन गोस्वामी ने बताया कि सोमवार को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और राजस्व पुलिस की मदद से शव को निकाला गया। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए नैनीताल भेजा जा रहा है।

एसडीएम ने कहा कि नदी, गधेरों और झीलों में नहाने वालों पर रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा कि इन जगहों पर नहाते समय पकड़े जाने पर छह महीने जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

# एसटीएफ ने 17 साल से फरार 25 हजार के इनामी लेखाकार को दबोचा, पिरान कलियर दरगाह में किया था घोटाला

**रुड़की, एजेंसी।** वर्ष 2007 में जमाल खान निवासी बजोडी टोली, थाना गंज, रामपुर, उत्तरप्रदेश लेखाकार के पद पर तैनात था। उस दौरान लेखाकार ने दरगाह शरीफ में करीब 1.25 करोड़ का घोटाला किया था।



एसटीएफ की टीम ने पिरान कलियर दरगाह शरीफ के पूर्व लेखाकार और 25 हजार के इनामी आरोपी को रामपुर उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। दरगाह शरीफ में करीब 1.25 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में वह 17 साल से फरार चल रहा था। जिसकी धरपकड़ के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी।

बता दें कि पिरान कलियर दरगाह साबिर पाक में वर्ष 2007 में जमाल खान निवासी बजोडी टोली, थाना गंज, रामपुर, उत्तरप्रदेश लेखाकार के पद पर तैनात था। उस दौरान लेखाकार ने दरगाह शरीफ में करीब 1.25 करोड़ का घोटाला किया था।

मामला सामने आने के बाद दरगाह प्रशासन ने 17 जुलाई 2007 को उसके खिलाफ कोतवाली सिविललाइंस में मुकदमा दर्ज कराया था। उस दौरान कलियर क्षेत्र सिविललाइंस कोतवाली रुड़की के अधीन था। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था।

पुलिस की टीम उसे लगातार तलाश कर रही थी लेकिन उसका कोई पता नहीं चल रहा था। जिसके बाद फरार चल रहे जमाल खान पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने टीम को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। जिसके बाद देहरादून एसटीएफ की टीम उसकी तलाश में लग गई। एसटीएफ को उसकी लोकेशन जोडी टोली, थाना गंज, रामपुर, उत्तर प्रदेश में होने की मिली थी।

इसके बाद एसटीएफ की टीम में शामिल निरीक्षक अब्दुल कलाम, एसआई यादवेंद्र बाजवा, विद्या दत्त जोशी, संजय मल्होत्रा, संजय कुमार, महेंद्र नेगी आदि की टीम रामपुर रवाना हुई। टीम ने रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया था। सोमवार को एसटीएफ की टीम ने उसे रुड़की कोतवाली में दाखिल कर दिया।

## 'ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही दुनिया, प्राचीन परंपरा हरेला ही समाधान'

**देहरादून, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रही है। इसका समाधान प्राचीन परंपराओं का पर्व हरेला ही कर सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री सोमवार को एडीफाई वर्ल्ड स्कूल में हरितोत्सव के तहत आयोजित हरेला जागरूकता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरेला प्रकृति पर्व अब देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है। हरेला को अंतरराष्टीय वृक्ष दिवस की मान्यता मिलनी चाहिए। कार्यक्रम में भारतीय वृक्ष न्यास के अध्यक्ष विजयपाल बघेल ने कहा कि यूएनओ की ओर से प्रत्येक दिन कोई न कोई विशेष दिवस मनाया जाता है, लेकिन प्राणवायु उत्पादित करने वाले पेड़ों के लिए कोई दिवस घोषित नहीं किया गया, यह चिंताजनक है। उन्होंने 16 जुलाई को अंतरराष्टीय वृक्ष दिवस मनाए जाने आह्वान किया। संस्था निदेशक रंजीत सिंह ने कहा उत्तराखंड की भूमि ने वन संरक्षण के मामले में दुनिया को नई दिशा दी है।

## प्राण वायु के लिए पेड़ों का होना जरूरी : स्वामी राजराजेश्वराश्रम

**देहरादून, एजेंसी।** प्रदेश में मनाए जा रहे हरेला पर्व के तहत एम्स में विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग प्रजातियों के 100 से अधिक पौधे रोपे गए। इस दौरान शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि प्राण वायु के लिए पेड़ों का होना जरूरी है। पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन करना प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है।

सोमवार को एम्स परिसर में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के फैकल्टी सदस्यों व अधिकारियों ने आंवला, बेहड़ा, जामुन, नीम, गुलमोहर, तेजपत्ता, शीशम, कचनार आदि प्रजातियों के 100 से अधिक फलदार व छायादार पौधे रोपे। परिसर में हर्बल गार्डन, नर्सिंग कॉलेज क्षेत्र और संस्थान के गेट नंबर एक से तीन के बीच कई स्थानों पर पौधरोपण किया गया।

शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज और उत्तराखंड महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने निदेशक कार्यालय के पास नीम का पौधा रोपा। स्वामी राजराजेश्वराश्रम ने कहा कि धरती में पर्यावरण संतुलन के लिए लोक परंपरा का निर्वहन करते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए। धरती पर जब वृक्ष होंगे, तभी जीवन बचेगा। एम्स निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि वृक्षों से ही धरती हरी-भरी होती है। उन्होंने पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण की आवश्यकता जताई।

इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. संजीव कुमार मित्तल, डॉ. पूजा भदौरिया, एसडीएम कुमकुम जोशी, नगर आयुक्त शैलेंद्र नेगी, वन क्षेत्राधिकारी गंभीर सिंह धमांदा, प्रदीप चंद्र पांडे, राजेश जुयाल, पीआरओ संदीप कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी गौरव बडोला आदि मौजूद रहे।

वहीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने केंद्रीय विद्यालय वीरभद्र में जन कल्याण समिति की महिलाओं के साथ जम्मू कश्मीर के कठुआ में आतंकी हमले में बलिदान हुए उत्तराखंड के वीर सैनिकों की स्मृति में पौधरोपण किया।

## आकाशीय बिजली गिरने से छत का हिस्सा टूटा, ट्रांसफार्मर फुंका, बिजली गुल

**देहरादून, एजेंसी।** सेलाकुई के अटक फार्म की मसूरी कॉलोनी में सोमवार की सुबह चार बजे एक मकान और ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिर गई। इस दौरान ट्रांसफार्मर में तेज धमाका हुआ और क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। आकाशीय बिजली से मकान की रेलिंग और छत का कुछ हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। वहीं, 10 घरों में फ्रिज, टीवी, पंखे, कूलर, इनवर्टर आदि उपकरण फुंक गए। खबर लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हुई थी। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार की रात से ही मौसम खराब था। सोमवार की सुबह चमक के साथ बिजली कड़क रही थी। अचानक तेज धमाका हुआ और बिजली गुल हो गई। इस दौरान कॉलोनी में रहने वाले लोग घबरा गए। घर में रखे विद्युत उपकरणों से धुआं आने लगा। लोग डर के मारे घरों से बाहर आ गए। बिजली गिरने से सुमन नेगी की छत के लिंटर का कुछ हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। स्टील की ग्रिल भी उखड़ गई। स्थानीय निवासी नरेंद्र रावत ने बताया कि उनके घर के भी सभी पंखें खराब हो गए हैं। हरीश बिष्ट ने बताया कि उनका अभी कुछ दिन पूर्व लिया गया नया इन्वर्टर फुंक गया। गोविंद सिंह नेगी ने बताया कि उनका टीवी, फ्रिज, कूलर और पंखे खराब हो चुके हैं।

## कमरे में नग्न अवस्था में मिला कर्मचारी का शव, एनसीआईटी कंपनी के कार्यालय में था कार्यरत

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी के कीर्ति विहार गली नंबर दो श्यामपुर ऋषिकेश निवासी ईशान तिवारी (36) का शव शनिवार दोपहर घर में नग्न अवस्था में अचेत मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। युवक कोठगादाम में परीक्षा कराने वाली कंपनी में कार्यरत था।

हल्द्वानी के कीर्ति विहार गली नंबर दो श्यामपुर ऋषिकेश निवासी ईशान तिवारी (36) का शव शनिवार दोपहर घर में नग्न अवस्था में अचेत मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। युवक कोठगादाम में परीक्षा कराने वाली कंपनी में कार्यरत था।

ईशान तिवारी काठगोदाम क्षेत्र स्थित एक बरातघर के पास किराये के मकान में रहता था। ईशान परीक्षाएं आयोजित कराने वाली कंपनी एनसीआईटी में कार्यरत था। ईशान के दोस्त वीरेंद्र ने बताया कि 10 मई को ईशान की नियुक्ति कंपनी के काठगोदाम स्थित कार्यालय में असिस्टेंट टैक्स एडमिस्ट्रेटर के पद पर हुई थी। यहां वह गणपति बरातघर के पास किराये के मकान में रहता था।

शुक्रवार को ईशान कंपनी के अल्मोड़ा स्थित कार्यालय से लौटा था। शनिवार को जब वह काफी देर तक ऑफिस नहीं आया तो कई बार कॉल और व्हाट्सएप मैसेज किए लेकिन कोई जबाव नहीं मिला। इस पर उसे देखने के लिए कमरे में पहुंचा। ईशान बाथरूम में नग्न अवस्था में जमीन पर पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को 108 एंबुलेंस से एसटीएच भिजवाया जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि रविवार को ईशान के परिजन हल्द्वानी पहुंचे जिन्हें पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया गया।

**दुकान के बाथरूम में पड़ा मिला दुकानदार का शव**

हल्द्वानी में आरटीओ कार्यालय के सामने किराना दुकान संचालक शंकर सिंह बिष्ट (62) का शव दुकान के ही बाथरूम के बाहर पड़ा मिला। परिजन उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मूल रानीखेत सचगोड़ी निवासी शंकर सिंह बिष्ट कई वर्षों से परिवार के साथ हल्द्वानी में रह रहे थे। घर के पास ही उनकी दुकान थी। जानकारी के मुताबिक शनिवार दोपहर उनकी तबीयत खराब हुई। वह दवा लेकर भी आए। देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचे तो परिजन रात करीब नौ बजे उन्हें दुकान में देखने पहुंचे। इस दौरान बाथरूम के बाहर बुजुर्ग का शव पड़ा था।

## समाजोत्थान में जुटे लोगों को मिला सम्मान

**नैनीताल, एजेंसी।** साह-चौधरी समाज के नैनीताल चैप्टर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

नगर के गोवर्धन कीर्तन हाल में आयोजित %%%%पीढ़ी से पीढ़ी तक%%%% सम्मान समारोह 2024 का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुर्मांचल बैंक के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक सजीव कुमार साह ने किया। कार्यक्रम में बुजुर्गों को महत्व देते हुए नैनीताल के जगदीश प्रसाद साह, अंबिका प्रसाद साह, पदमा देवी साह, हरी प्रिया साह, जगदीश लाल साह, महेश चंद्र साह, देवी लाल साह, निर्मला साह, बसंती साह, हल्द्वानी निवासी हरीश चंद्र साह, आनंदी चौधरी आदि को सम्मानित किया गया। इसके अलावा हाईस्कूल और इंटर में समाज के मेधावी वैष्णवी साह, अस्मिता साह, तेजस साह, अश्लेषा साह, यशस्वी साह, आस्था साह, मान्यता साह, शांभवी साह, उत्कर्ष साह, प्रियांशी साह, श्रेयस साह और शौर्य साह गंगोला को पुरस्कृत किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में अंजू साह जगाती, अंतरराष्टीय बॉक्सिंग कोच अभिषेक साह, फिल्म मेकिंग में दिवा साह, फोटोग्राफी में उदित साह, साहसिक खेल युवा उत्कृष्टता के लिए श्रीनेक साह को सम्मानित किया गया। साह-चौधरी समाज की स्थापना में अहम भूमिका निभाने वाले स्व. नवीन चंद्र साह को और अंतरराष्टीय स्तर पर फोटोग्राफी से पहचान बनाने वाले दिवंगत फोटोग्राफर अमित साह के विशेष सम्मान से नवाजा गया जो उनके परिजनों ने प्राप्त किया।

# विलेन बन रही रोक-टोक : निजी जिंदगी में पतियों का दखल बढ़ने पर बिगड़ रहे रिश्ते

**नैनीताल, एजेंसी।** पतियों की रोकटोक से परेशान महिलाएं ससुराल छोड़ रही हैं। नशे में महिलाओं को पीटने और दहेज का लालच भी कई घरों के टूटने का कारण बन रहा है।

पतियों की रोकटोक से परेशान महिलाएं ससुराल छोड़ रही हैं। नशे में महिलाओं को पीटने और दहेज का लालच भी कई घरों के टूटने का कारण बन रहा है। महिला समाधान केंद्र में बीते छह महीनों में 497 मामले पहुंचे हैं जिनमें 50 फीसदी मामलों में महिलाओं ने पतियों के रोकटोक करने पर नाराजगी जताई है। वहीं पति के शराब पीकर मारपीट करने के मामलों में भी 125 से अधिक महिलाओं ने न्याय की गुहार लगाई है। इसके अलावा छह माह में 250 से अधिक ऐसे मामले पुलिस के पास पहुंचे हैं जिनमें महिलाओं के साथ दहेज कम लाने के कारण हिंसा हुई है। संवाद

रामनगर निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि उसकी शादी आठ माह पहले हल्द्वानी निवासी एक युवक से हुई है। पति ने शादी के बाद से ही उसके घर से बाहर आने-जाने पर रोक लगा दी। वहीं बारङ्कबार किसी न किसी वजह से उसे ससुराल में टोका जाता है। महिला हेल्पलाइन में काउंसलिंग कर पति-पत्नी को समझाया गया लेकिन बात नहीं बनी। इस कारण महिला ने पति से अलग रहने का फैसला लिया है।



कालाढूंगी निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी एक साल पहले काठगोदाम निवासी एक युवक से हुई थी। महिला ने पत्र में कहा है कि पति घर से बाहर निकालने और रिश्तेदारों के यहां जाने पर रोकटोक करता है। कहा कि बर्थडे पार्टी में भी उसे नहीं जाने दिया गया। महिला हेल्पलाइन की ओर से पति-पत्नी की काउंसलिंग कराई गई जहां दोनों ने साथ रहने से इनकार कर दिया।

बनभूलपुरा निवासी एक महिला ने पुलिस को पत्र देकर कहा कि उसकी शादी दो साल पहले काशीपुर निवासी एक युवक से हुई है। महिला का कहना है कि घर में सहेलियां आने पर पति विवाद करने लगता है। सहेलियों के साथ बाहर जाने पर भी युवक रोकटोक करता है। काउंसलिंग में काफी समझाने के बाद भी दोनों ने साथ रहने से इनकार कर दिया।

दमुवाढूंगा निवासी महिला ने शिकायत देकर कहा कि शादी के बाद से ससुराली दहेज कम लाने के लिए परेशान करते थे। पांच माह पहले उसने घर में हुए आयोजन में अपनी सहेलियों को बुलाया लेकिन पति और ससुराली इससे नाराज हो गए। तब से महिला मायके में रह रही है। काउंसलिंग हुई तो पति ने महिला पर किटी पार्टी जैसे आयोजनों में फिजूल खर्ची का आरोप लगा दिया।

पुलिस के पास कई मामले पहुंचे हैं जिनमें वर्षों साथ रहने के बावजूद पति-पत्नी में नहीं बन रही है। शादी के 30 साल से अधिक समय बिता चुके जोड़े रजामंदी से अलग होना चाहते हैं। वहीं, पति-पत्नी दोनों के नौकरी में होने पर सामंजस्य बिगड़ने से कई जोड़ों में अनबन हो रही है। बीते छह महीनों में 20 फीसदी ऐसे मामले पहुंचे हैं जिनमें पति और पत्नी अलग-अलग शहर में नौकरी करते हैं। एकल जीवन भी रिश्तों में बाधा बन रहा है।

## प्रधान की बर्खास्तगी के आदेश पर न्यायालय ने लगाई रोक

**देहरादून, एजेंसी।** प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश देहरादून महेश चंद्र कौशिवा की अदालत ने सहसपुर के ग्राम प्रधान के नामांकन और निर्वाचन को निरस्त करने के आदेश पर रोक लगा दी है। एसडीएम कोर्ट से बर्खास्तगी के आदेश को लेकर ग्राम प्रधान सहसपुर ने प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में निगरानी याचिका दायर की थी। याचिका पर कोर्ट ने अपना अंतरिम आदेश सुनाया। न्यायालय ने आपत्ति के निस्तारण के लिए 19 जुलाई की तिथि निर्धारित की है।

सहसपुर ग्राम पंचायत के चुनाव में प्रधान पद के प्रत्याशी रहे समीर अहमद ने अनीस अहमद के प्रधान पद पर निर्वाचित होने पर आपत्ति दर्ज करवाई थी। उसने एसडीएम विकासनगर की अदालत में याचिका दायर कर कहा था कि निर्वाचित प्रधान अनीस अहमद ने अपने नामांकन पत्र में इंटरमीडिएट का फर्जी प्रमाण पत्र लगाया है। बताया कि उन्होंने पहले जिलाधिकारी से भी इसकी शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी और मुख्य शिक्षाधिकारी से मामले की जांच करवाई।

# केंद्र आप के कार्यालय के लिए जमीन आवंटन पर 25 जुलाई तक फैसला करे : दिल्ली उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र से कहा कि वह राष्ट्रीय दल की मान्यता होने के नाते आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय के वास्ते जमीन आवंटन पर 25 जुलाई तक फैसला करे। अदालत ने पांच जून को इस संबंध में आप के अनुरोध पर छह सप्ताह में फैसला करने का निर्देश दिया था।

संपदा निदेशालय, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को अदालत से उसके निर्देशों का अनुपालन करने के वास्ते और चार सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया। मंत्रालय और निदेशालय ने दलील दी कि वे अभी नव निर्वाचित




सांसदों के आवास आवंटन के व्यापक कार्य में व्यस्त हैं।

आप की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने केंद्र के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि केंद्र को भूमि आवंटन पर फैसला करने के लिए दी गई छह सप्ताह की मियाद बुधवार को समाप्त हो रही है जबकि उच्चतम न्यायालय ने पार्टी के राउज एवेन्यू स्थित मौजूदा कार्यालय को खाली करने के लिए 10 अगस्त का समय दिया है।

उच्चतम न्यायालय ने मार्च में आप को सबसे पहले राउज एवेन्यू स्थित कार्यालय को खाली करने के लिए 15 जून तक का समय दिया था और रेखांकित किया था कि उक्त जमीन दिल्ली उच्च न्यायालय को न्यायिक अवसंरचना का विस्तार करने के लिए आवंटित की गयी है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, कल आदेश का अनुपालन करने के लिए दी गई छह सप्ताह की समय सीमा का अंतिम दिन है आप इस अदालत के सामने पहले नहीं आए। अंतिम समय में आने का क्या तुक है? यदि आप देना नहीं चाहते तो उन्हें तर्कसंगत आदेश देने से कौन रोक रहा है।

न्यायमूर्ति संजीव नरुला ने कहा कि प्राधिकारियों को कार्यालय के लिए भूमि आवंटित करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था एवं इसलिए और चार सप्ताह का समय नहीं दिया जा सकता।

अदालत ने कहा, लेकिन सभी तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के लिए समयसीमा 25 जुलाई 2024 तक बढ़ाई जाती है। इस अदालत को उम्मीद है कि आवेदनकर्ता की ओर से समय सीमा बढ़ाने के लिए भविष्य में अब कोई अनुरोध नहीं किया जाएगा।

अदालत ने कहा कि अन्य राष्ट्रीय दलों की तरह आप यहां कार्यालय बनाने कह अर्हता रखती है और केंद्र से कहा कि इस मामले में छह सप्ताह के भीतर फैसला करे।

## आबकारी नीति मामला: न्यायमूर्ति संजय कुमार ने बोइनपल्ली की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संजय कुमार ने दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से मंगलवार को खुद को अलग कर लिया। जैसे ही मामला सुनवाई के लिए न्यायालय में आया, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि इस मामले की सुनवाई किसी अन्य पीठ के समक्ष की जाएगी क्योंकि न्यायमूर्ति कुमार इसकी सुनवाई नहीं करना चाहेंगे।

पीठ ने निर्देश दिया कि इस मामले को पांच अगस्त से शुरू होने वाले सप्ताह में किसी ऐसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जिसमें न्यायमूर्ति कुमार शामिल नहीं हों।

उसने निर्देश दिया कि बोइनपल्ली को दी गई अंतरिम जमानत की अवधि को अगले आदेश तक बढ़ाया जाए। बोइनपल्ली को उनकी पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने के आधार पर जमानत पर रिहा किया गया था।

न्यायालय ने 20 मार्च को बोइनपल्ली को पांच सप्ताह की अंतरिम जमानत देते हुए इस बात पर गौर किया था कि बोइनपल्ली 18 महीने से हिरासत में हैं। पीठ ने बोइनपल्ली को जमानत पर रिहा करने का आदेश सुनाते हुए उनसे अपना पासपोर्ट जमा करने को कहा था और उन्हें निर्देश दिया था कि वह अपने गृहनगर हैदराबाद जाने के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर कहीं नहीं जाएं। बोइनपल्ली ने दिल्ली उच्च न्यायालय के तीन जुलाई, 2023 के आदेश को चुनौती दी है जिसने नौ अक्टूबर, 2022 को उनकी गिरफ्तारी की वैधानिकता पर सवाल खड़ा करने वाली उनकी याचिका को खारिज कर दिया था।

## आबकारी नीति:सिसोदिया की याचिका पर सीबीआई, ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली की कथित आबकारी नीति घोटाले में भ्रष्टाचार और धनशोधन के अलग-अलग दर्ज मुकदमों के आरोपी पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई( और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया हैं।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्रीय जांच एजेंसियों - सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी कर मामले पर अगली सुनवाई के लिए 29 जुलाई की तारीख मुकर्रर की। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री सिसोदिया की जमानत याचिका पर 11 जुलाई को संबंधित पीठ के सदस्य न्यायमूर्ति संजय कुमार के मामले से अपने को अलग कर लेने कारण तब सुनवाई नई पीठ के गठन तक टाल दी गई थी। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने एक नई पीठ का गठन किया। शीर्ष अदालत के समक्ष अपने संक्षिप्त बयान में श्री सिसोदिया के अधिवक्ता विवेक जैन ने याचिकाकर्ता को जमानत देने का अनुरोध किया।उन्होंने आगे दलील देते हुए कहा, मैं (मनीष सिसोदिया) 16 महीने से जेल में हूं। मुकदमा उसी गति से चल रहा है, जिस गति से अक्टूबर 2023 में चल रहा था। मुकदमा धीमी गति से चल रहा है। सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 (विवाद के बाद रद्द कर दी गई थी) में कथित भ्रष्टाचार के मामले में सिसोदिया के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें उन्हें एक आरोपी के रूप में नामित किया गया था। उन्हें 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया गया था। आप के वरिष्ठ नेता श्री सिसोदिया को इससे पहले ईडी और सीबीआई दोनों मामलों में निचली अदालत, उच्च न्यायालय और यहां तक कि शीर्ष अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने सिसोदिया की समीक्षा याचिका और क्यूरेटिव याचिका भी खारिज कर दी थी। आरोपी सिसोदिया ने अदालत की ओर से पहले ही निपटाई गई याचिका पर पुनर्जीवित करने के लिए नया आवेदन दायर किया। निचली अदालत ने मार्च में श्री सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि वह प्रथम दृष्टया कथित घोटाले के सूत्रधार हैं।आरोप है कि उन्होंने दिल्ली सरकार में अपने और सहयोगियों के लिए लगभग 100 करोड़ रुपये की अग्रिम रिश्वत के कथित भुगतान से संबंधित आपराधिक साजिश में सबसे महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## मुहर्रम के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी, जानिए आज और कल किन रास्तों को करें अवॉइड

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में मंगलवार और बुधवार यानी 16 और 17 जुलाई को मुहर्रम के मद्देनजर शहर के अलग-अलग इलाकों में ताजिया जुलूस निकाले जाएंगे। इस दौरान किसी तरह की ट्रैफिक समस्या पैदा ना हो, इसके लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से अलग-अलग इलाकों के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है। इस एडवाइजरी के अनुसार आप अपनी यात्रा का प्लान और रूट का चयन कर सकते हैं। इससे किसी भी तरह की होने वाली परेशानी से बचा जा सकेगा। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने भी इन जुलूसों के मद्देनजर आम लोगों से अपील की है कि वह ट्रैफिक नियमों का पालन करें। ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार, मंगलवार रात करीब 9 बजे छत्ता शहजाद, कलां महल से ताजिया जुलूस निकाला जाएगा और ये कमरा बंगश, चितली कब्र, चूड़ी वालान, मटिया महल, जामा मस्जिद, चावड़ी बाजार, हौज काजी आदि के कई रास्तों से निकलेगा और इसी रास्ते से वापस जाएगा। इन इलाकों में निकाले जाएंगे ताजिया जुलूसः इसके अलावा एक अन्य जुलूस पुरानी पुलिस चौकी, अशोक बस्ती, कुतुब रोड, खारी बावली, लाल कुआं, हौज काजी, चावड़ी बाजार और जामा



मस्जिद के रास्तों से होकर गुजरेगा। वापसी में भी इसी रास्ते से इस जुलूस को निकाला जाएगा। इसके अतिरिक्त निजामुद्दीन, ओखला और महरौली आदि से निकलने वाले ताजिए सीधे कर्बला, जोर बाग पहुंचेंगे। ताजिया जुलूस ईस्ट, नॉर्थ ईस्ट, शाहदरा, नॉर्थ वेस्ट, साउथ वेस्ट, साउथ और वेस्ट जिलों में भी निकाले जाएंगे। इन रास्तों पर निकलने से पहले बरतें एहतियातः ताजिया जुलूस बुधवार सुबह 11 बजे से शुरूआत होकर, कलां महल में एकत्र होकर कर्बला, जोर बाग के लिए आगे बढ़ेगा जिसके चलते देशबंधु गुप्ता रोड पर चलने वाले और अजमेरी गेट और उससे आगे जाने वाली सिटी बसों को आरामबाग में ही रोका जाएगा। वहीं, चित्रगुप्त रोड-पहाड़गंज के रास्ते से यह बसें वापस लौटेंगी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाली बसों को भी आरामबाग पर समाप्त किया जाएगा। कनॉट प्लेस और सेंट्रल सेक्रेटेरिएट जाने वाली बसें रानी झांसी रोड, मंदिर मार्ग, पार्क स्ट्रीट से होकर उद्यान मार्ग पर समाप्त होंगी और कालीबाड़ी मार्ग के रास्ते से वापस चलेंगी। इन बसों की सेवाएं पहले होंगी खत्मः ट्रैफिक पुलिस की एडवाइजरी के अनुसार ईस्ट और सेंट्रल जलिों से कनॉट प्लेस और सेंट्रल सेक्रेटेरिएट की तरफ आने वाली बसों को सिकंदरा रोड से होकर मंडी हाउस पर खत्म किया जाएगा। वापसी की दिशा में यह बसें भगवान दास रोड, तिलक मार्ग से होकर गुजरेंगी। तुगलक रोड से आने वाली और सेंट्रल सेक्रेटेरिएट और कनॉट प्लेस जाने वाली बसों की सेवाओं को पृथ्वीराज रोड, क्यू प्वालइंट, मानसिंह रोड, मौलाना आजाद रोड के रास्ते परिचालति किया जाएगा। वहीं, इन बसों की यात्रा विज्ञान भवन के सामने समाप्त हो जाएगी और वापसी मार्ग पर जनपद के रास्ते चलेंगी। नई दिल्ली व पुरानी दल्लिीच रेलवे स्टेवशन जाने वाले इस रूट का करें इस्तेमालः दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की एडवाइजरी के अनुसार अन्य लोकल जुलूसों की वजह से मथुरा रोड, मां आनंदमयी, महरौली, बदरपुर रोड, रोड नंबर 56 (आनंद विहार टर्मिनल के सामने), पंखा रोड, जखीरा से किशनगंज तक नजफगढ़ रोड पर भी ट्रैफिक प्रभावित रहने की संभावना जताई गई है।

## हत्या और लूट मामले में हाईकोर्ट ने जमानत दी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक कैब मालिक हंसराज को जमानत दे दी है। यह कैब मालिक कथित तौर पर पश्चिम विहार इलाके में हत्या और लूट के मामले में अपने ड्राइवर धीरज के बयान पर फंसा हुआ था। न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ ने पूरा मामला सुनने के बाद आरोपी को जमानत दे दी है। पेश मामले में आरोप है कि सात जुलाई 2016 को एक 68 वर्षीय महिला पश्चिम विहार में अपने घर पर मृत पाई गई थी। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपियों में से एक धीरज पहले कृष्णा देवी के पति की देखभाल करता था। जल्दी पैसा कमाने के लिए उसने अमन कुमार और हंसराज के साथ मिलकर कृष्णा को लूटने की योजना बनाई। उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर 12 लाख रुपये के गहने और नकदी लूट ली। जब महिला ने विरोध किया, तो दुपट्टे से उसका गला घोट दिया। आरोपी हंसराज की ओर से पेश हुए वकील रवि दराल और अदिति दराल ने तर्क दिया कि अभियोजन पक्ष के गवाह की गवाही के कारण आरोपी लंबे समय से सलाखों के पीछे है। याचिकाकर्ता को सीसीटीवी फुटेज में नहीं देखा गया था और उसे पूरी तरह से सह-आरोपी के बयान पर गिरफ्तार किया गया था।

## रोहिणी में युवक की चाकू गोदकर हत्या, तीन संदिग्धों को पुलिस ने दबोचा



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में बदमाशों का कहर जारी है। ताजा मामला केएन काटजू मार्ग के रोहिणी सेक्टर 17 इलाके का है। जहां सोमवार रात एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। उसकी शिनाख्त रोहिणी सेक्टर 17 निवासी 22 साल के शक्ति के रूप में हुई है। शुरूआती जांच में युवक के कुछ लड़कों से आपसी रंजिश की बात सामने आई है। पुलिस ने आसपास रहने वाले तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। डीसीपी डॉ. गुरइकबाल सिंह सिद्धू के मुताबिक, पुलिस को सोमवार रात चाकूबाजी के संबध में सूचना मिली थी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां एक युवक घायल अवस्था में पड़ा था। जिसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान 22 साल के शक्ति के रुप में हुई है। जो रोहिणी सेक्टर 17 इलाके का रहने वाला है। शुरूआती जांच में पर पता चला कि मृतक की आरोपियों के साथ दुश्मनी थी, जिसके चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। ताकि इस वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। बता दें, 11 जुलाई को ऐसा ही एक मामला नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के भजनपुरा इलाके से सामने आया था। जहां कुछ लड़कों ने सुमित नाम के एक शख्स की ताबड़तोड़ चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। उस पर 2015 में एक हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है और इस वक्त वो जमानत पर रिहा था। आरोपियों की पहचान करने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। लेकिन अभी तक इस मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं।

## सिसोदिया की याचिका पर जांच एजेंसियों से मांगा जवाब



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जमानत की मांग करते हुए सिसोदिया ने कहा है कि वह करीब 16 माह से जेल में बंद हैं और मुकदमे का ट्रायल आज भी उसी चरण में है, जो पिछले साल अक्टूबर में था। जस्टिस बीआर गवई, संजय करोल और केवी विश्वनाथन की पीठ ने आप नेता सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर अगली सुनवाई 29 जुलाई तय कर दी है। आप नेता सिसोदिया की ओर से पेश अधिवक्ता विवेक जैन ने पीठ को बताया कि उनके मुवक्किल 16 माह से जेल में हैं। उन्होंने पीठ से कहा कि सिसोदिया ने पिछले साल अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट में जमानत की मांग को लेकर याचिका दाखिल की थी। साथ ही कहा कि इस अदालत ने उनके मुवक्किल को जमानत देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि यदि मामले में जांच और ट्रायल की स्थिति सुस्त रहती है तो वह (सिसोदिया) दोबारा अर्जी दाखिल कर जमानत की मांग कर सकते हैं। अधिवक्ता ने कहा कि आज भी मुकदमा उसी चरण पर है, जिस स्थिति में अक्टूबर 2023 में था।

## पार्क में युवक की चाकू घोपकर हत्या

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी इलाके में मंगलवार दोपहर बदमाशों ने एक युवक की सरेआम चाकू से गोदकर हत्या कर दी। जांच में सामने आया है कि पिटाई का बदला लेने के लिए हत्या की गई है। जहांगीरपुरी थाने में एफआईआर दर्ज कर तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान 35 वर्षीय भारत के तौर पर हुई है। भारत जहांगीरपुरी थाने का घोषित बदमाश था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह मंगलवार दोपहर में घर के पास पार्क में बैठा था। तभी तीन युवक हाथ में चाकू और लाठी डंडा लेकर आए। तीनों हमलावर भारत पर टूट पड़े। युवक की चीख सुनकर उसकी मां अनीता देवी भी आईं और बचाने की कोशिश की। इस हमले में अनीता देवी भी घायल हो गईं। दोनों को बीजेआरएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने भारत को मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमलावर भी इलाके के घोषित बदमाश हैं। कुछ दिन पहले भारत ने नाटा नाम के बदमाश की सरेआम पिटाई की थी, जिसका बदला लेने के लिए हमला किया गया था।

## वर्चस्व कायम करने लिए हथियार रखने वाला जिम ट्रेनर धरा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जो अपना वर्चस्व कायम करने के लिए हमेशा हथियारों से लैस रहता था। गिरफ्तार आरोपी की वशिाल की पहचान एक जिम ट्रेनर के रूप में हुई है। वह इलाके में जुआ, सट्टेबाजी में अपना खौफ कायम करना चाहता था। पुलिस ने आरोपी के पास से दो सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और 25 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार के मुताबिक, नॉर्दर्न रेंज-की टीम ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में संगठित अपराधों जैसे जुआ, सट्टेबाजी और दूसरी तरह की अवैध गतिविधियों में संलप्ति लोगों के खिलाफ अभियान छेड़ा है। इस कड़ी में क्राइम ब्रांच की एक टीम को खुफयिा जानकारी मिली थी कि जहांगीरपुरी का रहने वाला आरोपी विशाल जो जमि ट्रेनर है, वो इलाके में जुआ, सट्टेबाजी में अपनी दहशत बनाना चाहता है। इसलए हमेशा हथियार साथ रखता है। वह जहांगीरपुरी के बी ब्लॉक, मदर डेयरी पर आएगा। पुलसि ने घर पर छापेमारी कर बरामद कएि कारतूसः एसीपी नॉर्दर्न रेंज-नरेंद्र सिंह की देखरेख में एक टीम गठति की गई। टीम ने मुखबिर की बताई जगह पर आरोपी को पकड़ने के लिए पूरा जाल बिछाया और टीम को इसमें कामयाबी हासिल हुई। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद कएि। इसके बाद उसके जहांगीरपुरी स्थित घर पर भी पुलसि ने छापेमारी की, जहां से एक पिस्तौल और 22 जिंदा कारतूस और बरामद किए गए। आरोपी से लगातार पूछताछ करने पर खुलासा हुआ कि वह इलाके में जुआ सट्टा में अपना खौफ बनाना चाहता था। इसलिए वह किसी भी समय होने वाले झगड़े से निपटने को लेकर अपने साथ हथियार रखना था। आरोपी विशाल मूल रूप से जहांगीरपुरी का ही रहने वाला है और 12वीं कक्षा तक पढ़ा है।

## बीजेपी विधायकों ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के संबंध में स्पीकर से की मुलाकात

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में है। तब से लेकर अभी तक सरकार का काम धीमी गति से चल रहा है। इस दौरान न तो कैबिनेट की मीटिंग हुई है और ना ही विधानसभा का सत्र बुलाया गया है। मंगलवार को विपक्षी दल बीजेपी के विधायक विधानसभा पहुंचे, उन्होंने वहां मीटिंग की और उसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल से जल्द से जल्द विशेष सत्र बुलाने की मांग की।

बीजेपी विधायकों ने जिक्र किया कि दिल्ली की जनता से जुड़े कई मुद्दे हैं, जिस पर विधानसभा में चर्चा होनी चाहिए। सभी ने स्पीकर से निवेदन किया कि यह सत्र जल्द से जल्द बुलाई जाए। हालांकि, इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष की तरफ से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। उन्होंने बीजेपी विधायकों का पत्र स्वीकार कर लिया। बीजेपी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल से विधानसभा का सत्र बुलाकर बिजली एवं पानी की कटौती एवं बिलों में लग रहे भारी भरकम पीपीएसी एवं अन्य चार्जों पर चर्चा की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष से मिलने वाले विधायकों में उपनेता मोहन सिंह बिष्ट, मुख्य सचेतक अजय महावर, विजेन्द्र गुप्ता, महामंत्री अनिल बाजपेई, जितेन्द्र महाजन एवं अभय वर्मा शामिल थे। दिल्ली बीजेपी के विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात करने के बाद कहा है कि दिल्ली के लोग बिजली के बिलों में लग रहे सरचार्जों से त्रस्त हैं। आज 200 यूनिट से अधिक के बिल वाले साधारण उपभोक्ताओं को आने वाले बिल का आधे से अधिक हिस्सा पीपीएसी आदि सरचार्ज का होता है। एक ओर दिल्ली की जनता बिजली पानी कटौती झेल रही है तो दूसरी ओर बिजली पानी के भारी बिलों की दोहरी मार झेल रही है। बीजेपी इसकी कड़ी निंदा करती है।

## अनाथ बच्ची को जीबी रोड के कोठे से छुड़ाया

नई दिल्ली। कमला मार्केट पुलिस ने जीबी रोड स्थित कोठे पर जबरन देह व्यापार के लिए लाई गई 14 साल की किशोरी को छुड़ाया। पीड़िता अनाथ है और दिल्ली में काम ढूंढ़ने के लिए आई थी। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली थी कि जीबी रोड (श्रद्धानंद मार्ग) स्थित कोठे पर किशोरी को बंधक बनाया गया है। एसएचओ कमला मार्केट सीएल मीना की देखरेख में गठित टीम ने बच्ची को छुड़ाने के लिए संबंधित कोठे पर छापा मारा। पुलिस ने अंजलि नाम की महिला के कब्जे से किशोरी को छुड़ा लिया। पूछताछ में मालूम हुआ कि जाकिर नगर के एक शख्स ने किशोरी को अंजलि के पास भेजा था।

## रिंग रोड पर आश्रम से भैरो रोड टी-पॉइंट के बीच रोड स्ट्रेच का अपग्रेडेशन व सुदृढ़ीकरण करवायेगी केजरीवाल सरकार

- एक्सपर्ट्स द्वारा सड़कों का करवाया गया है निरीक्षण, निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को जल्द से जल्द सुदृढ़ीकरण कार्य शुरू करने के दिए निर्देश
- आतिशी ने अधिकारियों को दिए निर्देश-सड़क अपग्रेडेशन के दौरान सेफ्टी-सिक्योरिटी व क्वालिटी के सभी मानकों का प्रतिबद्धता से हो पालन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली की सड़कों को यात्रियों के लिए सुंदर और सुरक्षित बनाना केजरीवाल सरकार की प्राथमिकता है। इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार का लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मिशन मोड पर काम कर रहा है। इस दिशा में हाल ही में, पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने रिंग रोड पर आश्रम से भैरो रोड टी-पॉइंट तक की सड़क के अपग्रडेशन और सुदृढ़ीकरण को मंजूरी दी। बता है कि, ये सड़क रिंग रोड का महत्वपूर्ण स्ट्रेच है और रोजाना लाखों यात्री इनका उपयोग करते हैं।

परियोजना को मंजूरी देते हुए, पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा, ह्लकेजरीवाल सरकार का विजन अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए शहर में एक वर्ल्ड क्लास और सुरक्षित परिवहन नेटवर्क स्थापित करने पर है। इस दिशा में सरकार रिंग रोड जो दिल्ली में यातायात के लाइफ-लाइन की तरह है, शहर के विभिन्न हिस्सों को जोड़ती है और लाखों निवासियों के दैनिक आवागमन को सुविधाजनक बनाती है।

उन्होंने कहा कि, इसके तहत रिंग रोड के प्रमुख रोड स्ट्रेच पर आश्रम से भैरो रोड टी-पॉइंट तक के सड़क का अपग्रेडेशन और सुदृढ़ीकरण करवाया जाएगा। ये पहल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के विभिन्न क्षेत्रों की समग्र कनेक्टिविटी को बढ़ाते हुए दिल्ली के लोगों को सड़कों पर चलने के बेहतर अनुभव देने के विजन का हिस्सा है।

बता दें कि रोजाना इस सड़क पर लाखों लोग आवाजाही करते है। ऐसे में भारी ट्रैफि क के कारण सड़क की ऊपरी सतह पर कई जगह दरार देखे गये है। ऐसे में पीडब्ल्यूडी ने एक्सपर्ट्स की सहायता से सड़क का निरीक्षण किया है और पीडब्ल्यूडी मंत्री ने जल्द से जल्द इसके सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिये है। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी का दिल्ली के लोगों से वादा है- राजधानी की सड़कों को वर्ल्ड क्लास स्टैंडर्ड की सड़कों में तब्दील करेंगे और उनके नेतृत्त्व में दिल्ली की सड़कों को को बेहतर बनाने के लिए सरकार ह्यमिशन मोडह्ण में काम कर रही है। परियोजना को मंजूरी देते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश भी दिए कि,सुदृढ़ीकरण के दौरान सेफ्टी-सिक्योरिटी व क्वालिटी के सभी मानकों का प्रतिबद्धता से पालन हो और आवाजाही करने वालों को समस्या का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि, चाहे जितनी बाधाएँ आए लेकिन जबतक अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली के मुख्यमंत्री है, तबतक दिल्लीवालों के काम नहीं रुकेंगे। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्माण के दौरान यात्रियों को कोई असुविधा न हो और निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों के सभी मानकों का पालन किया जाए।

## मुहर्रम के जुलूसों में हथियारों के प्रदर्शन पर रोक, उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी ने जारी किया निर्देश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस ने 16-17 जुलाई को होने वाले मुहर्रम के दौरान शहर भर में होने वाले ताजिया जुलूसों के लिए तैयारी कर ली है। मोहर्रम को लेकर उत्तर पूर्वी जिला पुलिस के डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने मंगलवार को समीक्षा बैठक की। डीसीपी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में सीलमपुर के विधायक अब्दुल्ल रहमान, जिले के एसएसपी, एडिशनल एसपी, तमाम थानों के एसएचओ, अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान डीसीपी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि,मोहर्रम जुलूस में हथियारों के प्रदर्शन पर रोक रहेगा। ताजिया की ऊंचाई 10 फीट ही रहनी चाहिए। इसके अलावा राज्य के सभी संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती पर चर्चा की गयी है। शाहदरा जिला के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि, शाहदरा में 30 जगह पर मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा। थाना स्तर और जिला स्तर पर अमन कमेटी की बैठक की गई है। आयोजकों को बुलाकर दिशा निर्देशों की जानकारियां दी गई है। तलवारों की नुमाइश पर रोक है। इसके साथ ही 10 फीट से ज्यादा ऊंचाई का ताजिया नहीं निकाला जा सकता है। जुलूस मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगा। ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जाएगी। मुहर्रम के जुलूस के मद्देनजर ट्रैफिक एडवाइजरी वहीं, मुहर्रम के मौके पर निकलने वाले ताजिया जुलूस को लेकर दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। ट्रैफिक एडवाइजरी के मुताबिक, मंगलवार को रात करीब 9 बजे छत्ता शहजाद, कलान महल से जुलूस निकलेगा और कमरा बंगश, चितली कबर, चूड़ी वालान, मटिया महल, जामा मस्जिद, चावड़ी बाजार और हौज काजी से गुजरेगा। वापसी में जुलूस इसी रास्ते से वापस आएगा। इन सभी रास्तों पर आवाजाही में बाधा होगी। कहां से कहां तक निकलेगा जुलूस एडवाइजरी के अनुसार, बताया कि एक अन्य ताजिया जुलूस पुरानी पुलिस चौकी, अशोक बस्ती, कुतुब रोड, खारी बावली, लाल कुआं, हौज काजी, चावड़ी बाजार और जामा मस्जिद से होकर गुजरेगा और वापसी में इसी रास्ते से वापस आएगा। एडवाइजरी में कहा गया है कि निजामुद्दीन, ओखला और महरौली से ताजिया सीधे कर्बला पहुंचेंगे। पूर्वी, उत्तर पूर्वी, शाहदरा, उत्तर पश्चिम, दक्षिण पूर्व, दक्षिण और पश्चिम जिलों में भी ताज़िया जुलूस निकाले जाएंगे। एडवाइजरी में कहा गया है कि बुधवार को सुबह 11 बजे जुलूस फिर से उसी रास्ते से होकर कलान महल पहुंचेगा और वहां से कर्बला, जोर बाग के लिए रवाना होगा। मुहर्रम 2024: एडवाइजरी के अनुसार बस रूट दिल्ली में देश बंधु गुप्ता रोड से अजमेरी गेट और उससे आगे जाने वाली बसें आराम बाग में रुकेंगी और चित्रगुप्त रोड-पहाड़गंज होते हुए वापस आएंगी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जाने वाली बसें आराम बाग में भी रुकेंगी। कनॉट प्लेस और केंद्रीय सचिवालय जाने वाली बसें रानी झांसी रोड, मंदिर मार्ग, पार्क स्ट्रीट से होकर उद्यान मार्ग पर रुकेंगी और काली बाड़ी मार्ग से वापस लौटेंगी। पूर्वी और मध्य जिलों से कनॉट प्लेस और केंद्रीय सचिवालय जाने वाली बसें सिकंदरा रोड का इस्तेमाल करेंगी और मंडी हाउस पर रुकेंगी और भगवान दास रोड-तिलक मार्ग से वापस लौटेंगी।

## पीरागढ़ी इलाके में कल पानी की आपूर्ति बंद रहेगी

नई दिल्ली। पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशन के पास पानी की तीन बड़ी लाइनों का इंटरकनेक्शन किया जाएगा। इस काम के चलते आसपास की 20 से ज्यादा कॉलोनियों में पाइप लाइन के जरिए गुरुवार को सुबह नौ से रात नौ बजे तक पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। पानी के संकट से बचने के लिए लोगों को एक दिन पहले पानी स्टोर करके रखना पड़ेगा। हालांकि, मांग किए जाने पर दिल्ली जल बोर्ड की ओर से टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाएगी। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशन के पास 600 एमएम की वॉल्व है। इंटरकनेक्शन के लिए इसे गुरुवार सुबह नौ बजे से 12 घंटे के लिए बंद कर दिया जाएगा। केशोपुर में पेट्रोल पंप, रेडिसन ब्लू होटल और पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशन के पास 250 मिमी, 450 मिमी और 600 मिमी व्यास की जल पाइप लाइनों का इंटरकनेक्शन कराया जाएगा। इस काम के चलते जीएच-1 मिलनसर अपार्टमेंट, जीएच-1 अर्चना अपार्टमेंट, शुभम एनक्लेव, डबल ट्विन वाटर टैंक के पास आरबीआई कॉलोनी, जी-ब्लॉक पुष्कर एंकलेव, स्टेट बैंक नगर आउटर रिंग रोड, मीराबाग बी-ब्लॉक, जीएच-4 डीडीए फ्लैट्स, मीराबाग पश्चिम विहार, जीएच-5 और 7 से जीएच-14, सैयद नांगलोई गांव और आसपास में पानी की आपूर्ति बंद रहेगी।

## मेघालय पाइनएप्पल फेस्ट 2024: माननीय मुख्यमंत्री, श्री कॉनराड संगमा की उपस्थिति में 5 दिवसीय पाइनएप्पल फेस्ट का दूसरा संस्करण संपन्न हुआ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मेघालय सरकार की ओर से बेहद मशहूर दिल्ली हाट में आयोजित मेघालय पाइनएप्पल फेस्ट 2024 का दूसरा संस्कर कल संपन्न हुआ। मेघालय के माननीय मुख्यमंत्री श्री कॉनराड के. संगमा भी मेघालय किसान बाजार पहुँचे, जहाँ उन्होंने किसानों एवं उद्यमियों के साथ बातचीत की, साथ ही इस उत्सव में प्रदर्शित की गई वस्तुओं का अवलोकन किया।

मेघालय के माननीय मुख्यमंत्री, श्री कॉनराड के. संगमा ने सरकार की ओर से इन्फ्रास्ट्रक्चर में 5.63 करोड़ रुपये तथा कार्यशील पूंजी में 1.39 करोड़ रुपये के निवेश पर बल दिया, जिसमें वर्ष 2023 तक अनानास के लिए विशेष रूप से 78 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। इन्हीं प्रयासों की वजह से शानदार उपलब्धियाँ हासिल हुई हैं, जिसमें अबू धाबी के लुलु ग्रुप को 4.36 मीट्रिक टन अनानास का निर्यात भी शामिल है। री भोई जिले में स्थित प्राइम हब में अनानास को फ्रीज-ड्राई करने के बाद, यूरोपीय संघ के देशों को भी लगभग 300 मीट्रिक टन निर्यात किया गया है। इसके अलावा, इन पहलों से किसानों की आय में 30 से 122 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जिसका सीधे तौर पर 300 से अधिक किसानों पर प्रभाव पड़ा है और अप्रत्यक्ष रूप से 5000 से अधिक किसानों को इनका लाभ मिला है।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री ने अनानास उद्योग में हुई शानदार प्रगति को उजागर किया, साथ ही यह भी बताया कि ताजे अनानास के व्यापार के लिए 11 सामूहिक विपणन केंद्र (उटउ) स्थापित किए गए हैं। उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी कि, 338 एकीकृत ग्राम सहकारी समितियाँ (क्श्उर) और 28 जैविक किसान उत्पादक संगठन (ऋढड) स्थापित किए गए हैं, ताकि बाजार में ताजे फलों के क्षेत्र में बिचौलियों के प्रभाव और कीमतों में उतार-चढ़ाव को कम किया जा सके।

आने वाले समय में कृषि प्रतिक्रिया वाहनों, गोदामों और किसान बाजारों के शुभारंभ जैसी पहलों की शुरूआत की जाएगी, और फिर ये सहकारी समितियाँ संस्थागत खरीदारों के लिए खरीदारों के लिए मजबूत व्यापारिक साझेदार की भूमिका निभाने के साथ-साथ लॉजिस्टिक से संबंधित समस्याओं को संभालने वाले सक्षम निर्यातक की तरह काम करेंगी।

श्री संगमा ने आगे कहा कि किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लक्ष्य के साथ, सरकार ने एक मिशन की तरह अधिक कीमत वाली वाणिज्यिक फसलों के क्षेत्र को बेहतर बनाने का काम शुरू किया है। उन्होंने कहा कि हल्दी, अदरक, मशरूम, मधुमक्खी पालन, मसाला, खासी मंदारिन, अनानास और इसी तरह की अन्य फसलों में सरकार के हस्तक्षेपों को समग्र, और समुदाय-केंद्रित प्रयासों के रूप में डिजाइन किया गया है, तथा इन सभी प्रयासों में किसान सर्वोपरि हैं।

उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की, कि किसान समूहों को राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि, वर्ष 2023-24 में किसानों को कार्यशील पूंजी के तौर पर 78.82 लाख रुपये के ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे कुल 540 मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इससे किसानों के शोषण की परंपरा समाप्त हुई है, साथ ही राज्य की सीमाओं से बाहर अपने प्रोडक्ट की मार्केटिंग के संबंध में लॉजिस्टिक्स के लिए फंडिंग की कमी को दूर किया गया है। अनानास के ट्रायल मार्केटिंग के लिए 8.12 लाख रुपये वितरित किए जा चुके हैं, जिससे वर्ष 2023 में 22.3 मीट्रिक टन व्यापार में सहयोग मिला है।

सालाना 1160 मीट्रिक टन की उत्पादन क्षमता वाली 6 प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना के लिए 5.63 करोड़ रुपये का निवेश किया गया, जिसकी वजह से जूस, कंसन्ट्रेट तथा अनानास कैंडी का निर्माण करना संभव हो पाया है। श्री संगमा ने इस बात का भी जिक्र किया कि, इन प्रयासों को हर लिहाज से परिपूर्ण बनाने के लिए सामुदायिक सार्वजनिक निजी भागीदारी (उढढढ) की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है।

मेघालय ने क्द्रऋप्राइवेट लिमिटेड, कर्नाटक के साथ साझेदारी की है और इसलिए उम्दिहार क्श्उर को बढ़ावा दे रहा है, जो मॉडल के तहत फ्रोजन फ्रूट्स प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने वाला और निर्यात पर केंद्रित उद्यम है। उम्दिहार प्राइम हब ने पूरे राज्य की 24 सहकारी समितियों से प्राप्त किए गए 400 मीट्रिक टन (2023-24) की प्रोसेसिंग की है। यहाँ हरेक अनानास को क्विक-फ्रोजन तकनीक से अलग-अलग क्यूब्स में तैयार किया जाता है, और फिर उन्हें शिशु आहार में सामग्री के रूप में यूरोपीय बाजारों में निर्यात किया जाता है।

5 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में आने वाले हजारों लोगों ने राज्य में जैविक तरीके से उगाए गए अनानास का स्वाद चखा, साथ ही उन्होंने मेघालय ग्रासरूट म्यूज़िक प्रोजेक्ट के कलाकारों- अलाइव, लियोनार्ड एच. सिमलीह, अहिया के लाइव प्रदर्शन का भी भरपूर आनंद लिया। सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि, इस पाइनएप्पल फेस्ट के पहले दिन से लेकर चौथे दिन तक जैविक तरीके से उगाए गए 6.5 टन (लगभग) मीठे अनानास की बिक्री हुई। मेघालय ने पाइनएप्पल फेस्ट 2024 के लिए 9-10 टन अनानास का निर्यात किया।

इस पाइनएप्पल फेस्ट ने न केवल कृषि के क्षेत्र में मेघालय के उम्दा प्रदर्शन को उजागर किया है, बल्कि संगीत एवं कला के माध्यम से वहाँ की जिंदादिल संस्कृति का अनुभव भी प्रदान किया है। के कलाकारों ने अपने बेहतरीन तालमेल के साथ इस उत्सव को बिल्कुल अनोखा और जीवंत बना दिया जिसने बड़ी संख्या में लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, साथ ही इस क्षेत्र की सांस्कृतिक समृद्धि के प्रति लोगों का सम्मान और बढ़ गया।

## एयर कूलर सेगमेंट के दिग्गज केनस्टार ने अब बड़े अप्लायंसेज को लॉन्च किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

केनस्टार ने प्रतिष्ठित हयात मानेसर में अपने सालाना व्यावसायिक सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें 1000 से अधिक पार्टनर्स शामिल हुए। इस एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने भविष्य में की जाने वाली साझेदारियों एवं भावी योजनाओं पर चर्चा की।

बिजनस ईयर 2023-24 की बेमिसाल उपलब्धियां 2023-24 का कारोबारी साल केनस्टार के लिए उपलब्धियों वाला वर्ष रहा। कंपनी 55% ग्रोथ के साथ 130% का टारगेट हासिल करने में सफल रही।

अपने संबोधन भाषण में, केनस्टार के सीईओ श्री सुनील जैन ने केनस्टार की क्षेत्रीय और वैश्विक सफलताओं का जिक्र करते हुए कहा, हम पूरे दक्षिण क्षेत्र में नेतृत्व कर रहे हैं और हमने कर्नाटक में अपनी नंबर 1 पोजीशन को फिर से हासिल कर लिया है। पूर्वी और पश्चिमी बाजारों में हमारा प्रभुत्व जारी है, साथ ही ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी हमारी स्थिति मजबूत हुई है। उत्तर भारत में बड़े कूलर की मांग बढ़ रही है। इस क्षेत्र में अग्रणी स्थिति हासिल करने की हमारी यात्रा बेहद सफल रही है। इन उपलब्धियों के साथ, हम देश में नंबर 1 एयर कूलर ब्रांड बनने की राह पर हैं। हमने मौजूदा दौर के ग्राहकों की जरूरतों के साथ तालमेल बनाए रखा है। हमने अपना ऑनलाइन ई-कॉमर्स और बड़े फॉर्मेट का सिलसिला जारी रखा है। कुछ ही वर्षों में, हम पहले से ही ई-कॉमर्स और बड़े फॉर्मेट दोनों चैनलों पर देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाले ब्रांड्स में से एक हैं। हमारी सफलता केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह 30 से अधिक देशों में फैली हुई है। हम सार्क, मध्य पूर्व और अफ्रीका क्षेत्रों में अग्रणी बने हुए हैं। इस कार्यक्रम में केनस्टार के ब्रांड एंबेसडर राजकुमार राव और पत्रलेखा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। उन्होंने केनस्टार के बड़े उपकरणों की नवीनतम रेंज को लॉन्च कर इस कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। केनस्टार ने कई बड़े अप्लायंसेज को लॉन्च किया, जिसमें डबल-डोर फ्रॉस्ट-फ्री रेफ्रिजरेटर, स्प्लिट एयर कंडीशनर और पूरी तरह से ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन शामिल हैं। इस लॉन्च के साथ, केनस्टार अब होम अप्लायंसेज की पूरी रेंज के साथ मौजूद है, जो इनोवेशन और ग्राहक संतुष्टि के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। बड़े अप्लायंसेज में विस्तार करने के अलावा, केनस्टार ने अपने सालाना सम्मेलन में नए बीएलडीसी कूलर मॉडल लॉन्च करके ग्राहकों को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता को सामने रखा है। यह पहल बिजली बचाने वाले और उच्च-प्रदर्शन वाले प्रॉडक्ट्स पेश करने में केनस्टार के समर्पण को दिखाती है। केनस्टार ने एयर कूलर, छोटे घरेलू उपकरण और वॉटर हीटर समेत अपनी मुख्य श्रेणियों पर फोकस करना जारी रखा है। कंपनी ने इन श्रेणियों में अपने एसकेयू का काफी विस्तार किया है और अब वह छोटे घरेलू उपकरणों में 100 से अधिक एसकेयू के साथ मौजूद है। केनस्टार के विषय में 27 से ज्यादा सालों से, केनस्टार अपने ग्राहकों को बेहतरीन उपकरणों के साथ उन्हें संतुष्ट करने में सफल रहा है, जो उनकी रोजाना की जिंदगी में खुशी और आराम लाते हैं। केनस्टार आज कूलर, छोटे घरेलू उपकरण, हीटिंग उपकरण, वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर सहित कई तरह के उपकरणों की पेशकश करता है। केनस्टार अपने ग्राहकों के लिए नए-नए प्रोडक्ट्स लाने के लिए लगातार नए प्रयोग करता रहता है, जिससे उसे ग्राहकों का भरोसा बनाए रखने में मदद मिलती है और बदले में उन्हें खुशहाल ग्राहक मिलते हैं।

## स्योहारा के सरकारी अस्पताल में हुई चीफ फार्मासिस्ट की नियुक्ति



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। शासन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में चीफ फार्मासिस्ट की तैनाती कर दी गई है। इसके लिये क्षेत्रवासियों और नगरवासियों को दो साल का लम्बा इंतजार करना पड़ा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शासन के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र स्योहारा में जितेंद्र सिंह रावत के रूप में चीफ फार्मेसिस्ट की तैनाती कर दी गई। ये पद पिछले दो साल से खाली चल रहा था। चीफ फार्मासिस्ट के पद पर आज जितेंद्र सिंह रावत ने ज्वाइन कर लिया है। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में विगत 2 वर्ष से चीफ फार्मासिस्ट का पद रिक्त चल रहा था। इसके पहले यहां पर प्रकाश सिंह पटवाल तैनात थे। उनका स्थानांतरण 2 साल पूर्व जनपद सहारनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारिन में हो जाने के कारण चीफ फार्मासिस्ट का पद रिक्त चल रहा था। शासन द्वारा पिछले माह जनहित में यहां पर रिक्त पद पर जितेंद्र सिंह रावत की नियुक्ति कर दी है और उनके द्वारा योगदान आख्या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यालय में प्रस्तुत कर दी गई है। चीफ फार्मासिस्ट के तैनात होने से क्षेत्र की जनता को उनकी स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओ का लाभ मिलेगा और सरकारी कार्य मे भी उनका सहयोग मिलेगा। जितेंद्र सिंह रावत इससे पहिले जनपद हापुड़ के राजकीय महिला अस्पताल हापुड़ जनपद हापुड़ में सन 2022 से अब तक तैनात रहे है।उनका स्थानांतरण हापुड़ से जनपद बिजनौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा के लिए कर दिया गया है। आपको बताते चले कि मूल रूप से काशीपुर उत्तराखंड के रहने वाले जितेंद्र सिंह रावत कर्तव्यनिष्ठ और व्यवहार कुशल व्यक्ति है।

## नेशनल अकाली दल ने आंतकवाद के खिलाफ लड़ने की दिलाई शपथ

- देश व समाज के हित के लिए हमेशा लड़ाई लड़ता रहूंगा - परमजीत सिंह पम्मा
- एन ए डी ने किया समाजसेवी, डॉक्टर व व्यापारियों को सम्मानित
- नेशनल अकाली दल महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना धवन की ओर से



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नेशनल अकाली दल महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना धवन की ओर से कनॉट प्लेस के गोल मार्केट स्थित मुक्तधारा ऑडिटोरियम में नेशनल अकाली दल स्थापना दिवस व नेशनल अकाली दल के दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा के संघर्ष के 30 वर्ष के समान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि यूपी सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री सूजन आनंद, कालरा अस्पताल के चिकित्सा निदेशक सीईओ डॉ. आर.एन. कालरा, शहीद भगत सिंह सेवा दल के संस्थापक पद्माश्री जितेंद्र सिंह शेट्टी, इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन डॉ. आदित्य भाटी,डा. आचार्य जीतू सिंह, फेडरेशन आफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश यादव, रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया का दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष हर्ष असड़ी,बीके राज योगिनी शक्ति बहन निदेशक, राजौरी गार्डन ब्रह्माकुमारी सेंटर, बॉलीवुड सिंगर मेघा किशोर, मशहूर गायिका सुरेखा रोबिन, मशहूर गायक भागवत किशोर माही लकड़ा, विक्रांत मोहन सहित अनेक हस्तियां उपस्थित थी। परमजीत सिंह पम्मा के नेतृत्व में आतंकियों द्वारा जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सेना के शहीद हुए पांच जवानों को श्रद्धांजलि दी गई साथी पम्मा ने सभी को आंतकवाद के खिलाफ लड़ने की शपथ दिलाई। पम्मा ने कहा बड़े दुख की बात है आंतकवादी फिर से जम्मू कश्मीर व पंजाब में दहशत फैला रहे हैं। यहां तक के पंजाब के युवकों को नशे के साथ-साथ गलत रहा की और धकेल रहा है जिस देश का माहौल खराब कर सके। क्योंकि कुछ शरारती तत्व कनाडा में नौकरियां व नागरिकता दिलाने का लालच देकर जबरदस्ती उनको भारत विरोधी गतिविधियों में धकेल रहा है।

परमजीत सिंह पम्मा ने इस अवसर पर ऐलान किया कि उनकी जंग आंतकवाद के खिलाफ जारी रहेगी।

परमजीत सिंह पम्मा ने अपील की है सभी को उन लोगों के किसी भी ऐतिहासिक स्थानों पर कार्यक्रम करने में परहेज करना चाहिए। जो देश के विरोधी गतिविधियों में जुड़े हैं क्योंकि धार्मिक स्थलों पर सभी की भावनाएं जुड़ी होती है। इस अवसर पर नेशनल अकाली दल ने देश के प्रमुख समाजसेवियों व डॉक्टरों सहित व्यापारियों को एन ए डी देश रत्न अवॉर्ड सम्मानित किया। भावना धवन ने कहा कि नेशनल अकाली दल का कार्य हमेशा समाज या देश के हित में रहे और जो समाज हित में काम करते हैं उनका दल की ओर से समय-समय पर सम्मानित भी किया जाता है।

## जामिया हिंसा की सुनवाई से न्यायमूर्ति अलग हुए

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने दिसंबर 2019 में सीएए विरोधी प्रदर्शनों के बाद जामिया मिल्लिया इस्लामिया में हुई हिंसा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई से मंगलवार को खुद को अलग कर लिया। ऐसे मामलों को देखने वाले न्यायाधीशों की सूची में बदलाव के बाद यह मामला न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया है। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि इसे आठ अगस्त को अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जिसका न्यायमूर्ति अमित शर्मा हिस्सा न हों। हिंसा के बाद उच्च न्यायालय में कई याचिकाएं दायर की गई थी, जिनमें इलाज, मुआवजा देने और नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी), जांच आयोग (सीओआई) या तथ्यान्वेषी समिति गठित करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। याचिकाकताओं में वकील, जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के छात्र, दक्षिण दिल्ली के ओखला निवासी (जहां विश्वविद्यालय स्थित है) और संसद के सामने स्थित जामा मस्जिद के इमाम हैं। याचिकाकताओं ने दावा किया है कि पुलिस बल द्वारा छात्रों पर की गई कथित क्रूरता की जांच के लिए एक एसआईटी के गठन की जरूरत है।

## टी.बी.मरीजो को पोषण पोटली का किया नि:शुल्क वितरण



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। निःक्षय दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में हडफ्ङ एनजीओ द्वारा गोद लिए हुए 50 टीबी मरीजों को निःशुल्क पोषण पोटली का वितरण किया गया। मरीजो ने निशुल्क पोषण पोटली पाकर संस्था का आभार व्यक्त किया।संस्था के द्वारा हर माह गोद लिए गए सभी मरीजों को आगामी 6 महीनो तक निःशुल्क पोषण पोटली दी जाएगी।सोवार को भी निःक्षय दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही ने अपने हाथो से टीबी के मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। इस दौरान अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही बताया कि विश्व कल्याण संस्थान (विकास ) एनजीओ के अध्यक्ष डॉक्टर नोमान द्वारा 50 टीबी के मरीजों को जिनका उपचार निशुल्क अस्पताल से चल रहा है को, 6 माह के लिए गोद लिया है।इन सभी मरीजों को आज पोषण आहार पोटली वितरित की गई। और आगामी 6 माह तक भी नियमित रूप से इन्हे ये पोषण पोटली निःशुल्क उपल्ब्ध करवाई जायेगी।इस पोषण पोटली मे चना,सोयाबीन, मूंफली ,गुड , प्रोटीन डाइट इत्यादि शामिल है।इस दौरान सीएचसी स्योहारा के स्वास्थ्य विभाग के भी कर्मचारी उपस्थित रहे।इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही ने विकास एनजीओ की सराहना की ओर बताया कि सरकार ने 2025 तक टीबी को खत्म करने की ठानी है। टीबी एक बैक्टीरिया से होने बाली बीमारी है। ये बीमारी हवा से फेल सकती है टीबी ग्रसित मरीजों को हर जगह नहीं थूकना चाहिए। थूक में बैक्ट्रिया होने पर दूसरे लोग प्रभावित हो सकते है।और जिन लोगो की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है जैसे एड्स के मरीज , शुगर के मरीज ,गुर्दे के मरीज जल्द ही टीबी से ग्रसित हो सकते है। टीबी की सभी जांचे बलगम की जॉच ,एक्सरे ,खून की जांचे आदि सरकार द्वारा निशुल्क अस्पतालों में करवाई जाती है।आदि लक्ष अस्पताल से निशुल्क दबा से मसीएचसी स्योहारा में टीबी लेब में जांच की सुविधा उपलव्ध है। समस्त सम्बंधित स्वास्थ्य स्टॉफ, एसटीएस मो0 उमर फारूख, एलटी मुकेश शर्मा, एल ए नरविंदर आदि तैनात है और नियमित रूप से समर्पित भाव से टीबी मरीजों को अपनी सेवाएं उपलव्ध करवा कर उनकी सेवा कर रहे है।इस दौरान डॉ अनुराग पाल सिंह ,डॉक्टर संजय विश्वकर्मा, डॉ राकेश आईओ वीर सिंह, हैल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार,चीफ फार्मासिस्ट जितेंद्र रावत, एसटीएस मोहम्मद फारूख ,एलटी मुकेश शर्मा ,एल ए नरविंदर, फार्मासिस्ट प्रदीप रावत, योगेश कुमार,हरीश कुमार,समेत अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

गजरौला। विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 01 से 31 जुलाई तथा दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई के अन्तर्गत नगर विकास विभाग के दायित्वों एवं तैयार किये गये। माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करने के लिए मंग को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में संवेदीकरण बैठक का आयोजन कार्यालय के सभागार में किया गया। उक्त बैठक का शुभारम्भ दीपिका शुक्ला, अधिशासी अधिकारी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला, आदेश कुमार, लेखाकार / स्वच्छता प्रभारी, वेद प्रकाश, लिपिक, इरशाद खॉ, लिपिक, अजय कुमार, लिपिक, ललित कुमार, लिपिक, वन्दना अग्रवाल, लिपिक, रविन्द्र, महेश चन्द्र, जयचन्द्र, मुनेश, गौतम, अक्षय शुक्ला, वांशिक शेखर, शुभम सिंघल, कपिल भटनागर, नदीम, कपिल कुमार, गौरव, रामपाल व्यास एवं सफाई कार्य में लगे पुरूष एवं महिला कर्मचारी तथा सफाई नायक व बोर्ड के सदस्यगण उपस्थित रहें।

## सांसद चौधरी कवंर सिंह तवंर ने सहसंयोजक की माता जी के निधन पर दी श्रदांजलि अर्पित

प्रात: किरण संवाददाता

हसनपुर। सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने अपने संसदीय क्षेत्र के हसनपुर नगर निवासी विधानसभा हसनपुर के सहसंयोजक मनोज शर्मा की माताजी स्व. श्रीमती शशि देवी के आकस्मिक निधन की सूचना मिलने पर ब्रजघाट पहुंचकर उनके अंत्येष्ठी स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों से मिलकर उनको सांत्वना दी।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय गिरि गौस्वामी, पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## नाइजीरियाई युवक की हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार, क्राइम वर्ल्ड में नाम कमाना चाहता था आरोपी



नई दिल्ली। अपराध जगत में अपनी पहचान बनाने के लिए एक बदमाश ने 6 जुलाई को निहाल विहार में अफ्रीकी मूल के नागरिक संडे अर्नेस्ट मोराह (40) की हत्या कर दी थी। बदमाश विदेशी नागरिक की हत्या कर अपना नाम बनाना चाहता था। बाहरी जिला स्पेशल स्टाफ ने हत्या करने वाले शूटर को रोहिणी के से गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान निकेश उर्फ कान्हा के रूप में हुई है।

आउटर जिले के डीसीपी जिमी चिराम से मिली जानकारी के अनुसार 6 जुलाई को संडे की चार गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। स्पेशल स्टाफ एसीपी नरेंद्र खत्री की देखरेख में इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा की टीम ने हमलावरों की तलाश शुरू की। घटनास्थल के आसपास लगे करीब सौ सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई। पुलिस ने तकनीकी जांच कर मददगारों की पहचान की। 9 जुलाई को तीन बदमाश राजेश, अभिषेक और मोहित को गिरफ्तार कर लिया।

लगातार ठिकाने बदल रहा था आरोपीः उसके बाद स्पेशल स्टाफ की टीम ने मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए दिल्ली के अलावा हरियाणा और राजस्थान में कई जगह छापे मारे। शूटर लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। इसी बीच 14 जुलाई को पुलिस को शूटर के रोहिणी के जापानी पार्क के पास होने की जानकारी मिली। जहां से पुलिस टीम ने निकेश उर्फ कान्हा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को निकेश के सहयोगी चीता की तलाशः निकेश ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर इलाके में दहशत फैलाना चाहता था। अपराध जगत में अपना नाम करना चाहता था। इसलिए संडे अर्नेस्ट मोराह को देखते ही उसने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। उसने अपने एक सहयोगी चीता के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस चीता की तलाश कर रही है।

## मुफ्त विद्युत आपूर्ति योजना में पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक

- किसान लाभ लेने के लिये जल्द से जल्द कराएं पंजीकरणः शेखर चंद्र

प्रात: किरण संवाददाता



धामपुर। विद्युत वितरण खंड द्वितीय धामपुर के अधिशासी अभियंता शेखर चंद्र ने शासनादेश के तहत जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के मा० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किसान उपभोक्ताओं को 01.04.2023 से 140 यूनिट प्रति किलोवाट प्रतिमाह की मुफ्त विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए योजना लागू की गयी है।

योजना का लाभ लेने के लिए किसान उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराते हुए 31.03. 2023 तक के बकाया विद्युत बिल का एकमुश्त अथवा अधिकतम 6 किश्तों में पूर्ण भुगतान करना आवश्यक है। ऐसे किसान उपभोक्ताओं जिन पर 31.03.2023 तक का विद्युत बिल बकाया नहीं है, उन्हें बिना कोई पंजीकरण धनराशि जमा किये ही पंजीकरण कराना होगा। योजना का लाभ लेने के लिए अभी तक प्रदेश के 05 लाख से अधिक किसान उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण कराया जा चुका है।

प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार प्रदेश के सम्मानित किसान उपभोक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि को 31 जुलाई 2024 तक बढ़ा दिया गया है। अध्यक्ष, उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, डा० आशीष कुमार गोयल ने अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया है कि योजना का स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये जिससे प्रदेश के सभी सम्मानित किसान उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का व्यापक लाभ मिल सके। सभी सम्मानित किसान उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि जिस किसी किसान उपभोक्ता ने अब तक पंजीकरण नहीं कराया है, वह कृपया अंतिम तिथि से पूर्व जल्द सर जल्द पंजीकरण करा कर इस मुफ्त विद्युत योजना का लाभ उठाये।

## श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय का ब्राजील के साथ शैक्षणिक अनुबंध

- श्री वेंकटेश्वरा आने वाले दस वर्षों में बनेगा देश का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन एजुकेशनः डा. सुधीर गिरी
- राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रभावी उपस्थिति के लिए युवाओं को तराश रहा है वेंकटेश्वराः डा. राजीव त्यागी

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय का एग्रीकल्चर, बायोटेक्नोलॉजी, वेटेनरी साइंस, पशुपालन एवं डेयरी उद्योग, फार्मेसी विषयों पर ब्राजील के साथ ह्लशैक्षणिक अनुबंधह्व हो गया` इस आशय की जानकारी आज यहाँ नई दिल्ली स्थित ब्राजील दूतावास में ह्लसाझा शैक्षणिक अनुबंधह्व पर सहमति होने के बाद श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी एवं ब्राजील के उच्चायुक्त श्री एन्जैलो डी क्यूरोज ने संयुक्त रूप से दी। ब्राजील के साथ हुए इस शैक्षणिक करार के बारे में बताते हुए समूह चेयरमैन डा. सुधीर गिरी के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने बताया कि इस ह्लशैक्षणिक एवं शोध अनुबंधह्व के तहत दोनों देशों के शिक्षक एवं विद्यार्थी संयुक्त रूप से एक दुसरे के देश में सेमिनार/ वर्कशॉप एवं नियमित कक्षाओं के रूप में एडवांस तकनीक ० नवाचारों के लिए मिलकर काम करेंगे` वही दूसरी ओर ब्राजील के उच्चायुक्त श्री एन्जैलो डी क्यूरोज ने कहा कि हमे भारत के प्रतिष्ठित शैक्षणिक समूह वेंकटेश्वरा के साथ जुड़कर बहुत प्रसन्नता हो रही है` हम विभिन्न पाठ्यक्रमों विशेष रूप से एग्रीकल्चर एवं बायोटेक्नोलॉजी ० फामेर्सी के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। ब्राजील जैसे अतिमहत्वपूर्ण देश के साथ शैक्षणिक करार होने पर समूह चेयरमैन डा. सुधीर गिरी को शैक्षणिक एवं उद्योग जगत से जुड़े लोगो ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। उनको बधाइयाँ देने वालो में भारत सरकार की सलाहकार शालिनी सिंह, श्री संजय अग्रवाल, गौरी मीडिया समूह के चेयरमैन डा. ललित भारद्वाज, डा. सुनील जिंदल, प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष पांडेय, सीईओ अजय श्रीवास्तव, डा. एच पी. सिंह, डा. राजेश सिंह, डा. दिव्या गिरधर, डा. आशुतोष, डा. योगेश्वर सिंह, प्रो.टी.पी. सिंह, डा. अतुल वर्मा एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## 25 जुलाई तक आप को कार्यालय के लिए स्थान दे केंद्रः हाईकोर्ट

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) को राजधानी में कार्यालय के लिए स्थान देने के मसले पर मंगलवार को हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को 25 जुलाई तक का समय दिया है। अदालत ने पांच जून को इस मामले में आम आदमी पार्टी के अनुरोध पर निर्णय लेने के लिए केंद्र सरकार को छह सप्ताह का समय दिया था। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के संपदा निदेशालय ने मंगलवार को पीठ के निर्देश का पालन करने के लिए चार सप्ताह का समय और मांगा, जिसमें कहा गया कि वह सांसदों को आवास आवंटित करने के कार्य में व्यस्त हैं। वहीं, आप की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने केंद्र के अनुरोध का विरोध किया। इसी वर्ष मार्च में उच्चतम न्यायालय ने पहली बार आप को राउज एवेन्यू कार्यालय खाली करने के लिए 15 जून तक का समय दिया था। बाद में इसे 10 अगस्त कर दिया गया। उच्चतम न्यायालय ने यह देखते हुए कि न्यायिक बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय को भूमि आवंटित की गई है। इसलिए आप के कार्यालय को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए थे। केंद्र ने कहा कि उन्होंने उच्चतम न्यायालय के समक्ष कार्यालय स्थान के आवंटन के संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश का पालन करने में अपनी असमर्थता व्यक्त नहीं की है। वरिष्ठ वकील ने कहा बुधवार को अंतिम तिथि है। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार कल छह सप्ताह पूरे हो रहे हैं, लेकिन हाल ही में लोकसभा चुनाव होने के बाद नए सांसद को आवास आवंटन का निर्णय करने में समय लग रहा है। वह जल्द आप के कार्यालय के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध करा देंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सतीघाट पुल के पास क्षत विक्षत अवस्था मे मिला महिला का शव

जमुई [ झाझा ] मंगलवार को झाझा रजला मुख्य रेलखंड स्थित झाझा रेलवे स्टेशन से लगभग दो किलोमीटर दूरी पर स्थित सतीघाट पुल के पास पोल संख्या 365/10-9 के बीच अप लाइन पर क्षत विक्षत स्थिति में एक 35 वर्षीय महिला का शव मिला है। कुछ लोगों की नजर शव पर पड़ने के बाद इसकी सूचना झाझा रेलपुलिस को दिया गया। सूचना मिलने के बाद रेलपुलिस घटना स्थल पर पहुंचा और शव को अपने कब्जें में लिया। घटना स्थल पर मौजूद रेल पुलिस ने बताया कि मृतिका मानषिक रूप से विक्षिप्त थी जिसे कई बार लोगों के द्वारा झाझा रेलवे स्टेशन पर देखा गया। वही रेलपुलिस के द्वारा शव को कब्जें में लेने के बाद कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जमुई भेज दिया कर आगे की कार्रवाई करने में जुट चुकी है।

### मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर करना

जमुई/चकाई मुहर्रम पर्व को लेकर मंगलवार को हिन्दू समाज के लोगों में भी काफी उत्साह है जो चकाई प्रखंड के हेठचकाई गांव में देखने को मिला। जहां लोग जात,पात, धर्म संप्रदाय को लेकर समाज में जहर घोला जा रहा है वहीं हेठ चकाई निवासी पवन मिश्रा ने मुहर्रम पर्व के अवसर पर ताजिये को अपने कंधे पर रख कर पूरा गांव में घुमाया और एक संदेश दिया कि मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर करना। हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी संप्रदायों को अपने-अपने मजहब के अनुसार पर्व त्यौहार मनाने की आजादी है और सभी को एक दूसरे को सहयोग करने की भावना होनी चाहिए ताकि समाज में आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बना रहे।जिससे पूरे जिले के साथ-साथ प्रदेश में शांति,अमन, चैन बना रहे। मौके पर दीपक उपाध्याय, मुकेश मिश्रा, रूपेश मिश्रा, इम्तियाज अंसारी, राधे अंसारी, खुदश अंसारी आदि दर्जनों हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के लोग तजिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# गिद्धौर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों के भोजन में बरती जा रही अनियमितता

## दिग्विजय सिंह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा बीमार शिक्षक का इलाज

- शिक्षक हो रहे फूड पॉइजनिंग वायरल डायरिया के शिकार






प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः-. सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अधारभूत संरचना के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं को दक्ष बनाकर शिक्षा में बदलाव लाने की कवायद में दिन रात लगी है। तो वहीं दूसरी ओर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गिद्धौर में चल रहे आवसीय प्रशिक्षण में शामिल होने वाले शिक्षक के आवासन एवं भोजन में बरती जा रही अनियमितता से हर रोज यहां प्रशिक्षु शिक्षक शिक्षिकाएं खराब भोजन व्यवस्था के कारण बीमार हो रहे हैं। ताजा मामला मंगलवार को तब सामने आया जब एक शिक्षक की ताबियत बिगड़ने पर उन्हें गिद्धौर के दिग्विजय सिंह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ताबियत बिगड़ने पर सहयोगी शिक्षक द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल भर्ती शिक्षक शुभाष कुमार का इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नरोत्तम कुमार सिंह द्वारा किया जा रहा है. बताते चलें कि उक्त प्रशिक्षण संस्थान में खगड़िया जिले से आये 201 प्रशिक्षणार्थी शिक्षक शिक्षिकाओं का यहां 06 दिवसीय आवसीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है। जिसमें भोजन आवासन की सारी सिविधाएं यहां दी जानी है, लेकिन बीते कई दिनों से प्रशिक्षु शिक्षक शिक्षिकाओं के भोजन में बरती जा रही अनियमितता से यहां शिक्षक शिक्षिकाएं प्रशिक्षण लेने से असहज महसूस करने लगे हैं. इधर जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षणार्थी शिक्षक शिक्षिका राकेश कुमार रौशन, अविनाश कुमार, विनीत विक्रम देव, कल्याणी कुमारी, सुनीता कुमारी कविता कुमारी, आशा कुमारी, अनिता कुमारी, मंजू कुमारी, पुष्पा कुमारी, साधना कुमारी, ज्योति रानी परमिता चक्रवर्ती सहित दर्जनों शिक्षकों ने अपने शिकायती आवेदन के माध्यम से दोपहर भोजन में जा रही अनियमितता की पोल पट्टी खोलकर रख दी है. इधर मामले को लेकर जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. नावेद एवं इंस्ट्रक्टर सचिन भारती ने बताया कि खाना की विधि व्यवस्था एससीईआरटी पटना से अनुमोदित मगध सर्विस पटना की है मामले में सुधार को लेकर शख्त हिदायत दी गयी है। कहते हैं जिलाधिकारी इस संदर्भ में जिलाधिकारी राकेश कुमार ने मामले में जांच कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया है।

# विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प




प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग जमुई प्रमंडल के द्वारा 75 वां वन महोत्सव शहर स्थित सर सारडॉनिक्स स्कूल झाझा के प्रागंण में मनाया गया। मौके पर वन विभाग के फॉरेस्टर अनीश कुमार, विद्यालय निदेशक एम अख्तर, प्राचार्य विष्णु शर्मा एवं अन्य उपस्थित वनकर्मी ने संयुक्त रूप से विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। वन विभाग के द्वारा एक वृक्ष मां के नाम, वृक्ष है धरती के श्रृंगार वृक्ष है जीवन का आधार का संकल्प भी लोगों को दिलवाया गया। मौके पर फॉरेस्टर वृक्षों की महत्ता को स्थापित करने के उद्धेश्य से अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम के बारे में स्कूली बच्चों सहित अन्य उपस्थित शिक्षक- शिक्षिकाए को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण को हमलोग जन आंदोलन की तरह अग्रसर करते रहे ताकि वृक्ष लगाने का यह आंदोलन अंनत काल तक लोगों के द्वारा चलते रहे इससे धरती पर चारो तरफ हरियाली ही हरियाली फैलेगी। उन्होने लोगों से कहा कि वृक्षारोपण जितना महत्वपूर्ण है उसे कहीं अधिक इसकी सुरक्षा- सरंक्षण करना भी है ताकि हमारी धरती पर प्राणवायु ऑक्सीजन की कदापि कमी न हो। मौके पर निदेशक, प्राचार्य ने भी पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए लोगों से पौधारोपण की अपील किया। कार्यक्रम में सोनो वन परिसर पदाधिकारी प्रिंस कुमार, बोड़वा वन परिसर पदाधिकरी राहुल कुमार झा, वनरक्षी लालटुन कुमार, निशा कुमारी आदि मौजूद थे।

# विभिन्न काली मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई वार्षिक काली पूजा



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में मां काली की वार्षिक पूजनोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा मनाई गई। बरमसिया, चितोचक सहित सोहजाना काली मंदिर में सुबह से मां काली की पूजा प्रारंभ विधि पूर्वक प्रारंभ किया जिसके बाद श्रद्धालुओं की भीड़ भी पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर परिसर पहुंचा और मां काली के दरबार में माथा टेकते हुए मां काली की पूजा अर्चना कर सुखमय जीवन के साथ पूरे परिवार में सुख समृद्धि बना रहे इसकी कामना कि। सोहजाना काली मंदिर में वार्षिक काली पूजा के आयोजनकर्ता दिलीप साह, मुन्ना रावत, धर्मेंद्र साह, सुधीर रावत, अजय यादव, अरबिंद यादव आदि ने बताया कि इस काली मंदिर का पुराना इतिहास रहा है जो भी इस मंदिर में सच्चे मन से मां की पूजा करते हुए आराधना कर मन्नते मांगते है उसकी मन्नत मां काली अवश्य पूरी करती है जिसके कारण यह काली मंदिर इस क्षेत्र के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। वही जिन भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो गई उन भक्तों ने मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए पाठा की बलि भी दिया। प्रखंड क्षेत्र में कई क्षेत्रों में वार्षिक काली पूजा होने से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

# उदासीनता : डाटा अपलोड नहीं होता है तो बच्चे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में रह जाएंगे वंचित

## पहली से 12वीं के छात्रों का चाइल्ड प्रोफाइल ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड करने में सुस्ती

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई/गिद्धौरः- सरकारी स्कूलों में नामांकित पहली से 12वीं कक्षा तक के छात्रों का चाइल्ड प्रोफाइल ई-शिक्षा कोष पोर्टल अपलोड करने का काम कई चेतावनी के बाद भी पूरा नहीं हुआ है। छात्रों का ई-शिक्षकोष पोर्टल पर चाइल्ड प्रोफाइल अपडेट नहीं होने से एक तो छात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। वहीं दूसरी सबसे बड़ी समस्या स्कूलों में दोहरे नामांकन वाले छात्रों को चिन्हित नहीं किया जा सकेगा। शिक्षा विभाग की ओर से दोहरे नामांकन के गोरखधंधे को रोकने के लिए सभी छात्रों का नामांकन के समय आधार को अनिवार्य बना दिया है। इसके बावजूद स्कूलों की ओर छात्रों का प्रोफाइल अपडेट करने की सुस्त गति में तेजी नहीं आई है। जबकि शिक्षा विभाग की ओर से प्रत्येक प्रखंड में दो-दो आधार केंद्र बनाए गए हैं। इन आधार केंद्रो पर प्रतिदिन 100-100 आधार बनाने या सुधार करने का लक्ष्य है। लेकिन वास्तविकता यह है कि प्रत्येक केंद्र पर 15 से 20 आधार बनाया या सुधार हो रहा है। जिसकी वजह से स्कूलों में ई- शिक्षकोष पोर्टल पर चाइल्ड प्रोफाइल अपडेट नहीं हो पा रहा है। स्कूलों में छात्रों का ई-शिक्षकोष पोर्टल पर प्रोफाइल अपलोड नहीं होने की सबसे बड़ी वजह बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार में दर्ज तिथि में अंतर हो रहा है। इस महीने हर हाल में इस काम को पूरा करने का डीईओ ने दिया है आदेश डीईओ राजेश कुमार ने कहा है कि सभी स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि इसी महीने हर हाल में इस काम को पूरा करना है।इसके लिए बीईओं भी आदेश निकाले हैं। प्रखंडो में आधार बनाने के लिए बनाए गए सेंटरों पर बच्चों को ज्यादा से ज्यादा आधार बनाने के लिए कहा गया है। एचएम के साथ ही अभिभावकों को भी अपने बच्चों का आधार एवं जन्म प्रमाण पत्र प्राथमिकता के आधार पर बनाने में सहयोग करने का निर्देश दिया गया है।

# घैलाढ़ प्रखंड में बीडीओ ने दिया योगदान, पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



घैलाढ़ (मधेपुरा) प्रखंड कार्यालय में सोमवार को नये प्रखंड विकास पदाधिकारी अविनाश कुमार ने योगदान दिया है। योगदान लेने के साथ ही बीडीओ ने प्रखंड व अंचल कर्मियों के साथ बैठक कर उन्हें सलाह दिया कि अगर सरकार का काम करना है तो सभी लोग अपने पुराने रवैया में बदलाव लाये नहीं तो कार्रवाई के शिकार हो सकते है।

बीडीओ अविनाश कुमार ने बताया कि उनका पहली प्राथमिकता होगी कि सरकार का काम हो। उन्होंने आम जनता से अपील किया कि अपने काम के लिए वे खुद मिले किसी भी विचौलियों की आवश्यकता नहीं है। योगदान के बाद बीडीओ ने उपस्थित कर्मियों को आदेश दिया कि सरकार का काम समय से हो। जिससे आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो सकें। योगदान के बाद बीडीओ ने सभी कर्मियों से उनके काम की जानकारी भी लिया। इस मौके पर घैलाढ़ पंचायत मुखिया विमल कुमार, पंचायत समिति सदस्य तरुण देव, दुर्गा मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर नव पदस्थापित बीडियो का स्वागत किया।

# एसडीपीओ की अगुवाई में मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस पदाधिकारी ने निकाला फ्लैग मार्च

## फ्लैग मार्च में हुए शामिल एसडीपीओ, एसचओ, सीओ एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] मुहर्रम पर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मंगलवार को पुलिस पदाधिकारी के द्वारा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में एसडीपीओ राजेश कुमार, एसएचओ संजय सिंह, सीओ निशा सिंह, पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार, कौशेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च तुंबापहाड़ सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंच कर पर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया गया। एसडीपीओ ने लोगों से अपील किया मुहर्रम पर्व के अवसर पर निकलने वाली सभी तजिया, जुलूस को लोग शांतिपूर्ण ढंग से दिए गए निदेर्शानुसार ही निकाले। तजीया, जुलूस में डीजे का प्रयोग न करे नही तो कार्रवाई कि जाएगी। मुहर्रम पर्व के अवसर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले किसी भी प्रकार के फोटो, विडियो, रील्स को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ना ही पोस्ट करेगें और न ही शेयर करेगे। एसडीपीओ ने लोगों से यह भी अपील किया जुलूस, तजिया के द्वारा किसी भी तरह का भड़काऊ भाषण न दे न ही जुलूस, झांकी के दौरान तलवार, आग्येयास्त्र, लाठी भाला अन्य कोई जानलेवा हथियार का सार्वजनिक प्रदर्शन न करे। उल्लंघन करने वाले लोगों पर सख्ती से कानूनी कार्रवाई कि जाएगी। इसके अलावे अगर किसी भी तरह की कोई परेशानी होती है तो तुरंत स्थानीय था या डायल 112 को तुरंत सूचना। एसडीपीओ ने लोगों को आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरन बनाए रखने की भी अपील किया।

# शांतिपूर्ण मुहर्रम मनाने को ले पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/बरहट। मुहर्रम शांतिपूर्ण व सद्भाव के साथ मनाने को लेकर मंगलवार की पूर्वाहन पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस कर्मियों ने क्षेत्र भ्रमण कर शांतिपूर्वक मुहर्रम का अखाड़ा निकालने की अपील की। थानाध्यक्ष कुमार संजीव के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस कर्मी व पदाधिकारी पैदल मार्च कर संवेदनशील इलाकों का भ्रमण कर लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम का अखाड़ा निकालने की अपील की। इस दौरान बीडीओ श्रवण कुमार, सीओ मयंक कुमार अग्रवाल सहित पुलिस कर्मियों द्वारा थाना क्षेत्र के पूणार्डीह, पाड़ो और गुगुलडीह में फ्लैग मार्च निकाला गया। बीडीओ श्रवण कुमार ने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर मुहर्रम को लेकर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंबदा प्रियदर्शिनी ने लड़कियों के उत्तम स्वास्थ्य के टिप्स की दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में 17 बिहार बटालियन एनसीसी के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कैंप में सोमवार को गर्ल्स कैडेट को महिला स्वास्थ्य संबंधी विशेष जानकारी दी गई। कैंप कमांडर ले. कर्नल पी.के. चौधरी के नेतृत्व में चल रहे कैंप में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंबदा प्रियदर्शिनी ने लड़कियों के उत्तम स्वास्थ्य के टिप्स की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं के स्वस्थ रहने से ही समाज और देश का भविष्य उज्जवल हो सकेगा। उन्होंने कहा कि लड़कियों को होने वाली समस्या को वे किसी से साझा नहीं करना चाहती है। इस कारण उनकी परेशानी बढ़ती जाती है। इसके लिए लड़कियों को अपनी मां-पिता, भाई बहन, दोस्तों से इस पर खुलकर बात करनी चाहिए। ऐसा करने पर समय रहते उनकी समस्या का समाधान हो सकेगा। डॉ. प्रियदर्शिनी ने कहा कि खासकर मासिक धर्म को लेकर लड़कियां काफी संकोच करती है। जानकारी के अभाव में वे समय रहते उसका उपचार नहीं करा पाती है। उन्होंने कहा कि देश भर में 6302 फ्रेंडली हैल्थ क्लिनिक्स हैं। किसी भी क्लिनिक पर जाकर अपनी समस्या बताकर परामर्श ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि हर लोगों को एक दूसरे का हेल्प करना चाहिए। इससे नए और स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। डॉ. प्रियदर्शिनी ने लड़कियों को गुड टच और बेड टच की विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने लड़कियों को अपने खान पान में विशेष संवेदनशील होने की बात कही। उन्होंने बताया कि पानी कम पीने से भी कई तरह की परेशानी उत्पन्न होती है। उन्होंने खून की कमी को दूर करने के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि युवाओं को योगा-ध्यान नियमित रूप से करना चाहिए। साथ ही मोबइल का उपयोग सकारात्मक करें। बेवजह मोबाइल के उपयोग से बचें। इस अवसर पर लड़कियों ने डॉक्टर से कई सवाल भी पूछी। मौके पर कैंप कमांडर पी.के. चौधरी और कैप्टन गौतम कुमार ने डॉ. पी प्रियदर्शिनी का स्वागत किया। मौके पर सुबेदार मेजर मो. रकीब, लेफ्टिनेंट गुड्डु कुमार, डॉ. संजय परमार सहित अन्य मौजूद थे।

# गुरू-शिष्य परम्परा पर कार्यक्रम 21 जुलाई को, कुलपति करेंगे उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा आगामी 21 जुलाई ( रविवार ) को गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में गुरू-शिष्य परम्परा को केंद्र में रखकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।इसमें उद्घाटनकर्ता-सह-मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. बी. एस. झा, विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव डॉ. विपिन कुमार राय एवं मुख्य वक्ता पूर्व प्रतिकुलपति प्रो. के. के. मंडल को आमंत्रित किया जाएगा। इस आशय का निर्णय मंगलवार को प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों की बैठक में लिया गया। बनाया गया है जिला स्तरीय नोडल महाविद्यालय कार्यक्रम के संयोजक दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि गुरू-शिष्य परम्परा पर कार्यक्रम के आयोजन हेतु राज्यपाल सचिवालय के निदेशानुसार विश्वविद्यालय से प्राप्त पत्र के आलोक में ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय को जिला स्तरीय नोडल महाविद्यालय बनाया गया है। तदनुसार महाविद्यालय में जिले के सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के साथ समन्वय बनाकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य को प्रेषित किया गया है पत्र उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन के निमित्त सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य को पत्र प्रेषित कर दिया गया है। पत्र में अनुरोध किया गया है कि सभी प्रधानाचार्य अपने पांच शिक्षकों एवं 30 विद्यार्थियों से साथ कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने गुरू-शिष्य परम्परा कार्यक्रम में महाविद्यालय में संचालित सभी सामान्य तथा प्रोफेशनल एवं वोकेशनल पाठ्यक्रमों के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निदेश दिया है। इसके साथ ही इस अवसर पर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार अरिमर्दन, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार यादव, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. स्वर्ण मणि, उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. यासमीन रशीदी, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रोहिणी, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. जावेद अहमद, डॉ. आशुतोष झा, डॉ. ललन कुमार यादव, मो. नदीम अहमद अंसारी, डॉ. कुंदन कुमार सिंह, विनीत राज, रानी, सुप्रिया सुमन, डॉ. प्रीति कुमारी, डॉ. सहयार अहमद, डॉ. मनोज कुमार ठाकुर, डॉ. राकेश कुमार, विवेकानंद, अमित कुमार आनंद, अर्जुन शाह, नारायण ठाकुर, राजीव कुमार रंजन, सुशील कुमार गुप्ता, समीर कुमार सुमन, विनोद कुमार, परमानंद प्रसाद बुद्धसेन कुमार, अमित कुमार, मनीष कुमार, अनीश कुमार, टेक नारायण यादव, दिलीप कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

# संयुक्त निदेशक ने प्रखंड, नगर के कई विद्यालयों का किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक अमर कुमार प्रखंड क्षेत्र में चल रहे सरकारी विद्यालय की वर्तमान स्थिति और शिक्षा व्यवस्था को लेकर प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मध्य विद्यालय चरघरा, नवीन प्राथमिक विद्यालय खैराघाट, नवीन प्राथमिक विद्यालय अंबेडकर नगर, स्कातंर विद्यालय मुख्य बाजार, धुंआटोली स्थित मध्य विद्यालय, अनुग्रह मध्य विद्यालय सहित अन्य कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य बाजार में स्थित विद्यालय में जलापूर्ति को लेकर असंतोष व्यक्त किया वही खैराघाट स्थित नवीन प्राथमिक विद्यालय की जर्जर भवन रहने के कारण सामुदायिक भवन में संचालित हो रहे विद्यालय की स्थिति को देखते हुए मौके पर मौजूद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को फटकार लगाते हुए विद्यालय को प्रखंड कार्यालय के पुराने भवन में शिफ्ट करने का निर्देश दिया। अनुग्रह मध्य विद्यालय में निरीक्षण के दौरान विद्यालय की साफ-सफाई का जायजा लेते हुए स्कूली बच्चों से विद्यालय में भोजन सहित अन्य सुविधा मिलने की पूर्ण जानकारी लिया। संयुक्त निदेशक ने विभिन्न विद्यालयों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से करने का भी निर्देश विद्यालय के एचएम को दिया। विभिन्न विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में संसाधन, शिक्षक- शिक्षिकाएं, छात्र- छात्राओं के उपस्थिति पंजी, मध्याहन भोजन पंजी की विस्तृत जानकारी लिया। नगर और प्रखंड क्षेत्र के विद्यालय के निरीक्षण किए जाने से शिक्षकों में हड़कंप भी देखा गया।

# ढोंढरी पंचायत के गोरबा मटिहाना गांव में 10 दिनों पूर्व से विद्युत आपूर्ति बाधित

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : पिछले दस दिनों पूर्व से विधुत आपुर्ती बाधित रहने से उमस भरी गर्मी में ग्रामीण परेशान हैं। सोनो प्रखंड छेत्र अंतर्गत ढोंढरी पंचायत के गोरबा मटिहाना गांव में लगा ट्रांसफार्मर जल जाने से एवं विधुत तार पुरी तरह जर्जर हो जाने के कारण विधुत आपुर्ती पुरी तरह बंद हे , जिस कारण सभी के घरों में लगा पंखा कुलर आदि शोभा की वस्तु बन गई है , साथ ही पुरा गांव अंधेरे में डुबा हुआ है । ग्रामीणों ने बताया कि गोरबा मटिहाना गांव में दो समुदाय के लोग रहते हैं , वहीं एक समुदाय के लोगों को भरपूर विधुत आपुर्ती हो रही है वहीं दूसरी समुदाय के लोगों को पिछले दस दिनों पूर्व से विधुत आपुर्ती पुरी तरह बंद हे । ग्रामीणों ने बताया कि बाधित बिजली की सुचना विधुत विभाग को दे दी गई है लेकिन दस दिन व्यतीत हो जाने के बाद भी अब तक विधुत विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंगी है । लिहाजा हम सभी गोरबा मटिहाना वासी अंधेरे में जिने पर विवश हें । ग्रामीणों ने बताया कि एक तरफ जहां उमस भरी गर्मी में विधुत प्रवाह नहीं रहने के कारण लोग अपने अपने घरों के बाहर रतजग्गा करने पर मजबुर हैं वहीं दूसरी तरफ चोर लुटेरों के द्वारा अंधेरे का लाभ उठाकर चोरी की घटना को अंजाम देने का डर लोगों में व्याप्त हो गया है ।

सम्पादकीय

## लोकतंत्र में बंदूक संस्कृति

अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर कातिलाना हमला किया गया। वह बाल-बाल बच गए। हमलावर को भी वहीं ढेर कर दिया गया। यह अमरीका ही नहीं, दुनिया के तमाम लोकतांत्रिक देशों के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यह किसी भी लोकतंत्र में हो सकता है। कोई भी अतिवाद या उग्रवाद ऐसे हमले के लिए उकसा सकता है। इस पर गहन चिंतन-मनन, आत्ममंथन किया जाना चाहिए। अमरीका लोकतंत्र की जननी है। उसका लोकतंत्र प्राचीनतम है, लेकिन वहां बंदूक भी गोली-बिस्कुट और मूंगफली की तरह उपलब्ध है। औसतन हर हाथ में बंदूक, रिवॉल्वर है। अमरीका आत्म-रक्षा की दलीलें देता रहा है, लेकिन लोकतंत्र के साथ-साथ बंदूक-संस्कृति भी जारी है, यह विरोधाभास कैसे ढोया जा रहा है? लोकतंत्र में यह हत्यारा विरोधाभास भी मौजूद रहेगा, जो आने वाले किसी भी पल में, किसी और को, निशाना बनाया जा सकता है! इस सांस्कृतिक, सामाजिक और बेचैन गिरावट और पतन का अमरीकी नेताओं, राजनीतिक दलों और नागरिकों को लगातार विरोध करना चाहिए। ट्रम्प पूर्व राष्ट्रपति तो हैं। उनकी सुरक्षा-व्यवस्था मौजूदा राष्ट्रपति जितनी ही होती है। रिपब्लिकन पार्टी ने उन्हें एक बार फिर राष्ट्रपति चुनाव का उम्मीदवार बनाया है। चुनाव इसी नवंबर में होंगे, लिहाजा अमरीका में चुनावी मौसम छाया है। इस घटना की जांच कर रही एफबीआई का मानना है कि यह ट्रम्प की हत्या करने का हमला था।

हमले को लेकर कई सवाल सुरक्षा पर उठाए जा रहे हैं। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उन्हीं के आधार पर विश्लेषण किया जाना चाहिए, ऐसा हमारा मानना है। बहरहाल जिस 20 साल के नौजवान ने 120 मीटर से निशाना साध कर हमला किया, वह भी रिपब्लिकन पार्टी का सदस्य था और ट्रम्प को गलत मानता था। लोकतंत्र में आम नागरिक वोट के जरिए अपना अभिमत प्रकट कर सकता है और यही उसका बुनियादी अधिकार है, लेकिन अमरीका में लोकतंत्र के साथ राजनीतिक हिंसा का भी संबंध रहा है। राजनीति के अलावा, सामाजिक, मानसिक और सांस्कृतिक ध्रुवीकरण भी हिंसात्मक रहे हैं, नतीजतन स्कूलों, बाजारों, सभा-कक्षों अथवा किसी समारोह के दौरान भी गोलीबारी चलाई जाती रही है। मौतें होती रही हैं। लोग बुरी तरह जख्मी भी होते रहे हैं। हमलावर की प्रवृत्तियों को मनोवैज्ञानिक अस्थिरता के आवरण में छिपाया जाता रहा है। अमरीका में पूर्व राष्ट्रपति को निशाना बनाया गया है, ऐसे हमले अभूतपूर्व नहीं हैं। अमरीका में चार पदासीन राष्ट्रपतियों-अब्राहम लिंकन, जेम्स गारफील्ड, विलियम मैककिनले, जॉन एफ. कैनेडी-की हत्या तक की जा चुकी है। पांच राष्ट्रपतियों-बिल क्लिंटन, रोनाल्ड रीगन, जेराल्ड फोर्ड, फ्रेंकलिन रुजवेल्ट, थियोडोर रुजवेल्ट-पर भी हमले किए जा चुके हैं। यह कैसा लोकतंत्र और दुनिया का दादा देश है, जो दुनिया को लोकतंत्र और मानवाधिकारों के ज्ञान बांटता रहता है, लेकिन जहां बंदूक-संस्कृति बिल्कुल सामान्य है। बंदूक बनाने वाले उद्योगपति इतने ताकतवर हैं कि न तो राष्ट्रपति बाइडेन कोई निर्णय ले पाए और न ही ट्रम्प और उनकी पार्टी की सोच बंदूक-विरोधी है। जनवरी 6, 2021 की चेतावनी अमरीका कैसे भूल सकता है, जब ट्रम्प-समर्थक भीड़ ने यूएस कैपिटल (यूएस कांग्रेस) पर हमला किया था और अंदर घुस गई थी। उस पर क्या कानूनी कार्रवाई की गई

## साइबर अपराधों में काफी विविधता

सतीश सिंह

भारत में साइबर अपराधों में काफी विविधता आई है। तू डाल-डाल, मैं पात-पात की तर्ज पर अपराधी अब नये-नये तरीकों से साइबर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। नई मोडस ऑपरेंडी है डिजिटल हाउसअरेस्ट। इस तकनीक की मदद से ऑनलाइन फ्रॉड में काफी तेजी आई है। उदाहरण के तौर पर, 11 मई को एक बुजुर्ग डॉक्टर को डिजिटली हाउसअरेस्ट करके 45 लाख रुपये ठगे गए। 15 अप्रैल को इंदौर के एक दंपति को 53 घंटों तक हाउसअरेस्ट करके रखा गया और लाखों रुपये ठगे गए। 6 जुलाई को वाराणसी में 3 दिनों तक डिजिटल हाउसअरेस्ट के जरिए सोनारपुरा के निहार पुरोहित से 28.75 लाख रुपये ठगे गए। आजकल ऑनलाइन गेमिंग के जरिए भी ठगी की जा रही है। कूरियर, रिश्तेदार, दोस्त की गिरफ्तारी आदि की धमकी, अश्लील वीडियो आदि नये-नये तरीकों की मदद से ठगी करने की वारदात में तेजी आई है। स्नैप चैट, फेसबुक और इंस्टाग्राम भी अब ठगी के साधन बन गए हैं। मित्र या रिश्तेदार की फर्जी प्रोफाइल बनाकर ऐसी ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023 में भारत में 30, 000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गई और पिछले दशक में भारतीय बैंकों में 65017 धोखाधड़ी के मामले दर्ज हुए। ये आंकड़े निश्चित रूप से डराने वाले हैं। हाल के वर्षों में कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए साइबर अपराध करने की घटनाओं में उल्लेखनीय तेजी आई है। टेलीकॉम कंपनियां उपभोक्ताओं को कॉल फॉरवर्डिंग की सुविधा देती हैं, जिसके तहत कॉल एवं एसएमएस को फॉर्वड किया जाता है। इस सुविधा का इस्तेमाल उपभोक्ता तब करते हैं, जब मीटिंग या किसी जरूरी काम में व्यस्त होते हैं, ताकि कोई जरूरी कॉल मिस न हो। इसके जरिए स्कैमर कॉल करके उपभोक्ताओं को यह कहता है कि हम आपकी टेलीकॉम प्रोवाइडर कंपनी से बोल रहे हैं। हमने नोटिस किया है कि आपके नंबर पर नेटवर्क की समस्या है। समस्या को दूर करने के लिए आपको स्टार 401 हैशटैगइ नंबर डायल करना होगा। यह नंबर डायल करने के बाद उपभोक्ता को अंजान नंबर पर कॉल करने के लिए कहा जाता है। जैसे ही, उपभोक्ता कॉल करता है, उसके सभी कॉल और मैसेज स्कैमर के पास पहुंच जाते हैं। अनुसंधानकताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने हाल ही में विश्व साइबर अपराध सूचकांकइ तैयार किया है, जिसके अनुसार साइबर अपराध के मामले में भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है। इस सूचकांक में 100 देशों को शामिल किया गया है। इसके मुताबिक साइबर अपराध के मामले में रूस शीर्ष पर है, जबकि यूक्रेन दूसरे, चीन तीसरे, अमेरिका चौथे, नाइजीरिया पांचवें, रोमानिया छठे और उत्तर कोरिया सातवें स्थान पर है। बीते कुछ वर्षो से गूगल सर्च इंजन पर लोग अपने हर प्रश्न का जवाब ढूंढ रहे हैं। ऐसे मनोविज्ञान को दृष्टिगत कर ठग नामचीन भुगतान एप्स जैसे गूगल पे, फोन पे, पेटीएम के नाम से अपना नंबर इंटरनेट पर सहेज रहे हैं जिसके कारण खुद से लोग हैकर्स के जाल में फंस जाते हैं। अब तो ब्राउजरएक्सटेंशनके डाउनलोडिंग के जरिए भी साइबर अपराध किए जा रहे हैं। यह काम वायरस के जरिए किया जाता है। सार्वजनिक चार्जर पोर्ट के माध्यम से भी मोबाइल एवं लैपटॉप संक्रमित हो जाते हैं। क्रोम, मोजिला आदि ब्राउजर के जरिए किए गए ऑनलाइन लेन-देन ब्राउजर के सर्वर में सेव हो जाते हैं, जिन्हें सेटिंग में जाकर डिलीट करने की जरूरत होती है,




# रूस और ऑस्ट्रिया की यात्राओं से भारत की नई उड़ान

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा के निष्कर्षों के साथ-साथ इसके वैश्विक निहितार्थ भी तलाशे जा रहे हैं। इन दोनों देशों की राजकीय यात्रा अनेक दृष्टियों से नई उम्मीदों को पंख लगाने के साथ भारत को शक्तिशाली बनाने वाली होगी। दोनों देशों की यात्रा के दौरान हुए विभिन्न समझौते भारत की तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। सैन्य उत्पाद, व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रूस और ऑस्ट्रिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग ने नई उम्मीदें जगाई हैं। इन यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री ने जो प्रयास किए वे मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता के प्रयास, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे। निश्चित ही प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इन दोनों देशों में जो सम्मानभावना देखने को मिली, उससे यही कहा जा सकता है कि मोदी विश्व-नेता के रूप में स्वतंत्र पहचान एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहे हैं, जो भारत के लिये शुभ है। निश्चित तौर पर वैश्विक राजनीति में अपनी चमक के साथ आगे बढ़ते भारत के लिये रूस की यात्रा कई मायनों में बहुत उपयोगी एवं दूरगामी रही। इस यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच हुई 22वीं द्विपक्षीय बैठक में हुए नए समझौते काफी अहम हैं। रूस के युद्ध में फंसे होने के कारण रक्षा जरूरतों से संबंधित आपूर्ति में बाधा होना हमारे लिए चिंता की बात थी लेकिन मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही रक्षा उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स का प्लांट लगाने पर सहमति जताकर पुतिन ने बड़ी चिंता का समाधान कर दिया है। दोनों देशों के बीच का व्यापार 2030 तक 65 अरब डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक करने पर भी सहमति बनी है।**







ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

भारत की रूस से दोस्ती तो बहुत पुरानी है, लेकिन अमेरिका, ऑस्ट्रिया या अन्य नए देशों से दोस्ती का यह मतलब नहीं है कि अपने पुराने साथियों से दूर हो जाएं। इजरायल और फिलिस्तीन के मामले में भी यह देखा जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा के निष्कर्षों के साथ-साथ इसके वैश्विक निहितार्थ भी तलाशे जा रहे हैं। इन दोनों देशों की राजकीय यात्रा अनेक दृष्टियों से नई उम्मीदों को पंख लगाने के साथ भारत को शक्तिशाली बनाने वाली होगी। दोनों देशों की यात्रा के दौरान हुए विभिन्न समझौते भारत की तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। सैन्य उत्पाद, व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रूस और ऑस्ट्रिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग ने नई उम्मीदें जगाई हैं। इन यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री ने जो प्रयास किए वे मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता के प्रयास, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे। निश्चित ही प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इन दोनों देशों में जो सम्मानभावना देखने को मिली, उससे यही कहा जा सकता है कि मोदी विश्व-नेता के रूप में स्वतंत्र पहचान एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहे हैं, जो भारत के लिये शुभ है।

निश्चित तौर पर वैश्विक राजनीति में अपनी चमक के साथ आगे बढ़ते भारत के लिये रूस की यात्रा कई मायनों में बहुत उपयोगी एवं दूरगामी रही। इस यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच हुई 22वीं द्विपक्षीय बैठक में हुए नए समझौते काफी अहम हैं। रूस के युद्ध में फंसे होने के कारण रक्षा जरूरतों से संबंधित आपूर्ति में बाधा होना हमारे लिए चिंता की बात थी लेकिन मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही रक्षा उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स का प्लांट लगाने पर सहमति जताकर पुतिन ने बड़ी चिंता का समाधान कर दिया है। दोनों देशों के बीच का व्यापार 2030 तक 65 अरब डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक करने पर भी सहमति बनी है। यह भारत-रूस के विशेष रिश्ते को और मजबूत करने वाले होंगे। भारत-रूस की दोस्ती की गर्माहट से चीन एवं पाकिस्तान की बौखलाहट भी देखने को मिली है।

यूक्रेन और गाजा में युद्धों की पृष्ठभूमि के बीच प्रधानमंत्री मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर दुनिया की नजरे लगी रही। एक ध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रहे अमरीका और बहुध्रुवरीय विश्व व्यवस्था में अपना हित देख रहे रूस के बीच भारत की स्थिति एवं उसकी बढ़ती ताकत का भी विश्लेषण किया जा रहा है। मास्को में प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के गले मिलने पर यूक्रेन की नाराजगी के बावजूद अमरीका की सधी प्रतिक्रिया सामने आयी कि इससे उसके भारत से रिश्तों पर कोई असर नहीं होगा। निश्चित ही इससे यह साफ हो जाता है कि दुनिया अब एक या दो ध्रुवरीय नहीं रही। अमेरीका यह जान रहा है कि चीन के तानाशाही भरे रवैये से निपटने के लिए भारत का साथ आवश्यक है। वास्तव में इस आवश्यकता ने भी अमेरीका में भारत की अहमियत बढ़ाने का काम किया है। यह अहमियत यही बता रही है कि अब भारत का समय आ गया है। वास्तव में आज अमेरीका ही नहीं, विश्व का हर प्रमुख देश भारत को अपने साथ रखना आवश्यक समझ रहा है। कहना न होगा कि वैश्विक मंच पर योग का विषय हो, या अहिंसा का या फिर आतंकवाद से निपटने का, जलवायु परिवर्तन का मसला हो या फिर जी-20 देशों की अध्यक्षता की बात, भारत, दुनिया को नई दिशा दे रहा है, नई उम्मीदें जगा रहा है।

एक नई ताकत एवं सशक्त अर्थ-व्यवस्था के साथ एक नया ध्रुव बनकर उभर रहा भारत समूची दुनिया की नजरों का ताज बना हुआ है। भारत अब बिना किसी दबाव के किसी भी अन्य ताकतवर देश की नाराजगी मोल लेने का हौसला रखता है। शीतयुद्ध के दौर में दो ध्रुवरीय विश्व व्यवस्था के बाद एक धुवीय व्यवस्था का अनुभव दुनिया को मिल चुका है। अब बहुध्रुवरीय विश्व व्यवस्था में ही संभावनाएं देखी जा रही हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज बन भारत वैश्विक भूमिका को खुलकर प्रदर्शित भी कर रहा है। वैसे भी भारत एक बड़े देश के पाले में कभी नहीं रहा। अनेक संकटों से घिरा होकर भी भारत अपनी बात बुलन्दी के साथ दुनिया के सामने रखता रहा है, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के तीनों कार्यकाल में भारत ने अपने शक्तिशाली होने का भान कराया है।

भारत की रूस से दोस्ती तो बहुत पुरानी है, लेकिन अमेरिका, ऑस्ट्रिया या अन्य नए देशों से दोस्ती का यह मतलब नहीं है कि अपने पुराने साथियों से दूर हो जाएं। इजरायल और फिलिस्तीन के मामले में भी यह देखा जा सकता है। इजरायल से नई दोस्ती के बावजूद फिलिस्तीन पर हमारी रणनीति नहीं बदली है। उसी तरह रूस से अच्छे संबंध का यह मतलब नहीं कि यूक्रेन के मामले में उसे क्लीन चिट दे दें। यही वजह है कि राष्ट्रपति पुतिन को मोदी ने शांति का पाठ पढ़ाने में कोई हिचक नहीं दिखाई। भारत की इस भूमिका के बीच अब अमरीका भी यह कहने में संकोच नहीं कर रहा है कि भारत को यूक्रेन युद्ध रोकने की पहल करनी चाहिए। फिलहाल शांति के पक्षधर अन्य देश भारत के साथ मिलकर रास्ता खोजने की पहल कर रहे हैं। ऑस्ट्रिया का रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौता वार्ता का मंच बनने की इच्छा जाहिर करना यही बताता है।

भारत अहिंसा एवं शांति का हिमायती का देश है और मानता है कि युद्ध से किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता। युद्ध केवल बबार्दी और तबाही लेकर ही आता है। रूस व यूक्रेन के बीच जो सीमा विवाद है वह इन देशों के बीच का मामला है और भारत शुरू से ही कहता रहा है कि इस समस्या का हल केवल बातचीत से ही होना चाहिए। नरेंद्र मोदी ने रूस की यात्रा के दौरान भी भारत का यही रुख सामने रखा और स्पष्ट किया कि किसी भी झगड़े को निपटाने का रास्ता केवल वातार्लाप ही हो सकता है। नरेंद्र मोदी ने रूस से आस्ट्रिया पहुंच कर भी इस रुख को और खोला और कहा कि भोले-भाले लोगों की हत्या कभी भी स्वीकार्य नहीं हो सकती। इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के सन्दर्भ में इस तथ्य को अमेरिका को ही सबसे पहले समझना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा से क्या चीन की बढ़ती महत्त्वाकांक्षाओं पर असर पडेगा? क्योंकि रूस एवं चीन के बीच बढ़ती मित्रता एवं प्रगाढ़ता समूची दुनिया के लिये एक चिन्ता का सबब है। भले ही अमरीका की ताकत को देखते हुए रूस ने चीन से निकटता बनाई हो, लेकिन भारत से उसकी दोस्ती इन सबसे ऊपर है। फिर भी चीन एवं पाकिस्तान भारत के दुश्मन ही रहे हैं। इन हालातों के बीच मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया यात्रा भारत के भाग्य के लिए नये सूर्य का उदय कही जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी की जितनी महत्वपूर्ण यात्रा रूस की रही, उतनी ही महत्वपूर्ण ऑस्ट्रिया की यात्रा भी रही। मोदी ने पाकिस्तान के साथ चीन को भी निशाने पर लेते हुए पुतिन से कहा कि चीन जहां पाकिस्तान के आतंकवाद को सहयोग-समर्थन और संरक्षण देने

# न्याय एक आशा, उम्मीद और अपराधों का प्रतिहार है

**अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस न्याय की स्थापना और मानवाधिकारों की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह दिवस उन सभी व्यक्तियों और संगठनों के प्रयासों को मान्यता देता है, जिन्होंने न्याय की स्थापना और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है। न्याय का अर्थ केवल अपराधियों को सजा देना नहीं है, बल्कि यह उन पीड़ितों को न्याय दिलाना भी है, जिन्होंने अपराधों के कारण अपने अधिकार खोए हैं। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय एक स्थायी, स्वतंत्र न्यायालय है, जो सबसे गंभीर अंतर्राष्ट्रीय अपराधों जैसे युद्ध अपराध, नरसंहार, मानवता के खिलाफ अपराध, और आक्रमण अपराधों की सुनवाई करता है। रोम संविधि के तहत स्थापित यह न्यायालय एक महत्वपूर्ण कदम था, जो वैश्विक न्याय व्यवस्था को एक नई दिशा देता है। आईसीसी का मुख्यालय हेग, नीदरलैंड्स में स्थित है। यह एक स्वतंत्र न्यायिक संस्था के रूप में कार्य करता है। इसका जनादेश सबसे गंभीर अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराना है, जिससे भविष्य में अत्याचारों को रोकने में मदद मिलती है। न्यायालय का अधिकार क्षेत्र उन अपराधों को कवर करता है जो राज्य पार्टी के क्षेत्र में या राज्य पार्टी के राष्ट्रीय द्वारा किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद मामलों को आईसीसी को संदर्भित कर सकती है, जिससे गैर-राज्य पार्टियों पर भी इसका अधिकार क्षेत्र बढ़ जाता है। आईसीसी का अधिकार क्षेत्र चार प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय अपराधों को कवर करता है ।**





निरंजन कुमार
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस हर साल 17 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन विश्वभर में न्याय की प्रतिष्ठा, मानवाधिकारों की सुरक्षा और आपराधिक न्याय के क्षेत्र में हुए महत्वपूर्ण प्रगति की याद दिलाता है। 17 जुलाई को ही 1998 में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की स्थापना के लिए रोम संविधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को न्याय और मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करना और न्यायालय की भूमिका को रेखांकित करना है। अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस न्याय की स्थापना और मानवाधिकारों की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह दिवस उन सभी व्यक्तियों और संगठनों के प्रयासों को मान्यता देता है, जिन्होंने न्याय की स्थापना और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है। न्याय का अर्थ केवल अपराधियों को सजा देना नहीं है, बल्कि यह उन पीड़ितों को न्याय दिलाना भी है, जिन्होंने अपराधों के कारण अपने अधिकार खोए हैं। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय एक स्थायी, स्वतंत्र न्यायालय है, जो सबसे गंभीर अंतर्राष्ट्रीय अपराधों जैसे युद्ध अपराध, नरसंहार, मानवता के खिलाफ अपराध, और आक्रमण अपराधों की सुनवाई करता है। रोम संविधि के तहत स्थापित यह न्यायालय एक महत्वपूर्ण कदम था, जो वैश्विक न्याय व्यवस्था को एक नई दिशा देता है। आईसीसी का मुख्यालय हेग, नीदरलैंड्स में स्थित है। यह एक स्वतंत्र न्यायिक संस्था के रूप में कार्य करता है। इसका जनादेश सबसे गंभीर अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराना है, जिससे भविष्य में अत्याचारों को रोकने में मदद मिलती है। न्यायालय का अधिकार क्षेत्र उन अपराधों को कवर करता है जो राज्य पार्टी के क्षेत्र में या राज्य पार्टी के राष्ट्रीय द्वारा किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद मामलों को आईसीसी को संदर्भित कर सकती है, जिससे गैर-राज्य पार्टियों पर भी इसका अधिकार क्षेत्र बढ़ जाता है। आईसीसी का अधिकार क्षेत्र चार प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय अपराधों को कवर करता है । नरसंहारः ऐसे कार्य जो किसी राष्ट्रीय, जातीय, नस्लीय, या धार्मिक समूह को पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट करने के इरादे से किए गए हों। मानवता के खिलाफ अपराधः किसी भी नागरिक आबादी के खिलाफ व्यापक या व्यवस्थित हमले, जिसमें हत्या, गुलामी, यातना, और बलात्कार जैसे कार्य शामिल हैं। युद्ध अपराधः जिनेवा कन्वेंशन का गंभीर उल्लंघन, जिसमें युद्ध के कैदियों की जानबूझकर हत्या, यातना, और अमानवीय व्यवहार शामिल हैं, साथ ही युद्ध के नियमों और रीति-रिवाजों का अन्य गंभीर उल्लंघन। आक्रमण का अपराधः किसी राज्य के राजनीतिक या सैन्य कार्रवाई को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने या निर्देशित करने की स्थिति में किसी व्यक्ति द्वारा आक्रमण की योजना, तैयारी, प्रारंभ या निष्पादन। रोम संविधि ने आईसीसी के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचा स्थापित किया, जिसमें जांच, अभियोग, और परीक्षण के लिए प्रक्रियात्मक नियम शामिल हैं। इसने अभियुक्तों के अधिकारों और पीड़ितों और गवाहों की सुरक्षा को भी निर्धारित किया। आईसीसी के कानूनी ढांचे की एक प्रमुख विशेषता पूरकता का सिद्धांत है, जिसका अर्थ है कि न्यायालय केवल तभी अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करेगा जब राष्ट्रीय न्यायालय कथित अपराधियों पर अभियोग चलाने के लिए अनिच्छुक या असमर्थ हों। भारत, अपने इतिहास और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के दृष्टिकोण से, अंतर्राष्ट्रीय न्याय के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय न्याय के विभिन्न पहलुओं में योगदान देने की पुरानी परंपरा रखी है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू ने शांति और न्याय की बात की, जो बाद में अंतर्राष्ट्रीय न्याय के सिद्धांतों का हिस्सा बने। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य के रूप में और कई अंतर्राष्ट्रीय संधियों के हस्ताक्षरकर्ता के रूप में अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखा है। भारतीय संविधान, जिसे 1949 में अपनाया गया था और 1950 में लागु हुआ, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित है। संविधान के अनुच्छेद 51 में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने की बात की गई है और भारत को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संधियों का सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न अंगों में सक्रिय भाग लिया है, विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में भारतीय जस्टिस डॉ. नागेंद्र सिंह और जस्टिस दलवीर भंडारी इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस में न्यायाधीश के रूप में सेवा की है। भारत ने कई महत्वपूर्ण मामलों में भी भाग लिया है,

# सरकारी धन की लूट, रिश्वत और भ्रष्टाचार का साम्राज्य

सनत कुमार

आम जनता अपना वोट देकर नेता चुनती है। अपने अधिकार नेताजी को सौंप देती है। नेताजी और अधिकारी मिलकर आम जनता के विश्वास को धोखा देते हैं। फाइलों में गरीबों के नाम पर बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाई जाती हैं। उन योजनाओं का लाभ गरीबों को आज भी नहीं मिल पा रहा है। भ्रष्टाचार को खत्म करने वाली सरकार के राज में अभी भी अधिकारी और नेता मिलकर आम आदमी की जमीनों पर कब्जा करते हैं। हर काम में दलाली करते हैं। गुंडों की फौज खड़ी कर लेते हैं, इस काम में न्यायपालिका का सहारा भी नेताओं और अधिकारियों के इस गठजोड़ द्वारा लिया जा रहा है। जिसके कारण आम जनता कराह रही है। कहने को सरकारी अधिकारी और कर्मचारी जनता के नौकर हैं। लेकिन अब जनता से मालिक की तरह व्यवहार कर रहे हैं। नेताओं के साथ मिलकर नौकरशाह आम जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। लुटता आम आदमी है, उसको कानूनों के मकड़जाल में फंसा दिया जाता है। भ्रष्टाचारी और रिश्वतखोरों के ऊपर कभी कोई कार्यवाही नहीं होती है। मध्यप्रदेश का व्यापमं घोटाला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। छत्तीसगढ़ में आदिवासियों की जमीन लूटने के लिए नेता और अधिकारियों के गठजोड़ ने नियमों और कानून का ऐसा जाल बना दिया। जिसमें आदिवासी फंसकर फड़फड़ाते रह गए। उनकी जमीनों पर बड़े-बड़े उद्योगपतियों का कब्जा हो गया। रक्षक ही अब भक्षक बन रहे हैं। न्यायपालिका द्वारा आंखों में पट्टी बांधकर समर्थ लोगों को ही न्याय दिया जा रहा है। गरीब आदमी सारे जीवन अदालतों के चक्कर लगाता है। वकीलों को पैसा देता है, उसके पास जो होता है, वह भी लुट जाता है। थक-हार के घर में बैठ जाता है, यही वर्तमान का सच है। खुलेआम अवैध शराब और मादक पदार्थ बिक रहे हैं। अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। नगर पालिका, नगर निगम और अब ग्राम पंचायतें भी आम नागरिकों पर कुछ वर्षों में टैक्स और नए-नए शुल्क लगाए जा रहे हैं। सुविधा खत्म होती जा रही हैं। पार्षद, विधायक, सांसद और मंत्री बड़े-बड़े सपने दिखाकर चले जाते हैं। सरकारी खजाने से हर विभाग को जो राशि मिलती है। नेता और अधिकारी फाइलों पर जनहित की योजनाओं की राशि खर्च कर आपस में बंटवारा कर लेते हैं। अनाज भी अब फर्जी तरीके से बांटा जा रहा है। सरकार कहती है, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देते हैं। लेकिन आधे से अधिक राशन नेताओं और सरकारी अधिकारियों के भ्रष्टाचार और मिली भगत के कारण लूट लिया जाता है। पिछले 30-40 वर्षों में नेता और अधिकारी देवताओं की तरह पूजे जा रहे हैं। विरोध करने या अधिकार मांगने पर जेल का रास्ता दिखाया जा रहा है। हमारे नेताओं और सरकारी अधिकारियों का यह चरित्र बन गया है। शहरों में हाहाकार मचा है, पानी नहीं मिलता है। समय पर सफाई नहीं होती है। बिजली की कटौती कई बार होती है। अनाप-शनाप बिल भेजे जाते हैं। नेता और सरकारी अधिकारी मिलकर पहले झुग्गी बस्ती बसातें हैं। पुनर्वास के नाम पर करोड़ों रुपए की योजना बनाते हैं। गरीबों को घर नहीं मिलते, नेताओं और अधिकारियों के दलाल उस पर कब्जा कर लेते हैं, किराए पर या बेचकर लाखों करोड़ों रुपए कमा लेते हैं। कई वर्षों से यह धंधा अनवरत रूप से चला आ रहा है। फर्जी वोटर कार्ड, फर्जी राशन कार्ड, फर्जी जमीन के पट्टों, फर्जी संस्थाएं जहां देखो, वहीं घपले-घोटाले खुलेआम कर रही हैं। जांच के नाम पर वर्षों तक गड़बड़ियों और घोटालों को दबाकर रखा जाता है। जब लोग भूल जाते हैं, तो जांच में जिम्मेदार व्यक्ति निर्दोष करार कर दिए जाते हैं। अभी बरसात शुरू हुई है। हर शहर नदी नालों में तब्दील हो गए हैं। थोड़ी सी बारिश में जगह-जगह पानी भर जाता है। रोड गड्ढों में बदल गई है। सूचना अधिकार कानून में अब जानकारी मिलना बंद हो गई है। संविधान में लोकतंत्र की जो परिभाषा लिखी है। वर्तमान में वह परिभाषा पूरी तरह से बदल गई है। जनता का राज होगा। विधायिका और कार्यपालिका ने मिलकर मलिक को नौकर की तरह बंधक बनाकर रखा है। आम जनता से नौकरों की तरह व्यवहार किया जा रहा है। हर स्तर पर चौथ वसूली हो रही है। अब ऐसे संगठित गिरोह हो गए हैं, जो सैकड़ों की संख्या में एकजुट होकर जनता को धमकाते और डराते हैं। शासन-प्रशासन और राजनेताओं का चौथ-वसूली में संरक्षण होता है। राजाओं के शासनकाल में राजा के सैनिक गांव-गांव में जाकर लूटमार करते थे। लगभग वही स्थिति अब बन गई है। ऐसा लगता है कि सुधार के सभी मार्ग बंद हो चुके हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 17 जुलाई, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### इंडो नेपाल सीमा गंडक बराज पर नेपाल एपीएफ और एसएसबी ने जॉइंट पेट्रोलिंग किया

बगहा। इंडो नेपाल सीमा गंडक बराज पर नेपाल एपीएफ और एसएसबी के जवानों ने संयुक्त गश्ती किया। एसएसबी और नेपाल एपीएफ की संयुक्त पेट्रोलिंग दोनों देशों के सुरक्षा के लिए रूटीन गश्ती के तहत किया जाता है। इस पेट्रोलिंग के दौरान आने जाने वाले सभी गाड़ियों और आदमियों का गहन जांच किया गया। बताते की देश सुरक्षा के मद्देनजर नारकोटिक्स, आर्म्स, मानव तस्करी, वन संपदा आदि की सघन जांच की गई। पेट्रोलिंग टीम में एसएसबी की तरफ से पार्टी कमांडर जयंत बोरा सहायक कमांडेंट, इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मंडल साथ में स्वान दस्ता के 10 अन्य जवान शामिल थे। वही एपीएफ के टीम का पार्टी कमांडर एएसआई पूरण बहादुर थापा और अन्य 10 अन्य जवान शामिल थे। एसएसबी और एपीएफ की संयुक्त पेट्रोलिंग समय समय पर होती रहती है इससे दोनो देशों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलती है और एक दुसरे से सूचना आदान प्रदान होती रहती है।

### अपराधी है मस्त और बिहार सरकार है पस्तः संजय

छपरा ।युवा राजद जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि बिहार में जंगल राज कह कर मंगल राज मानने वाले बिहार में खुलेआम अपराध हत्या होते जा रहा बिहार की डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से सफल है । बिहार सरकार पुर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता की हत्या कर दी गई। भेड़ बकरी की हत्या की भी दिन रखी जाती है बिहार में मनुष्य का कोई दिन नहीं रखा जाता क्योंकि अपराधी है मस्त और बिहार सरकार है पस्त। पूर्व मंत्री मुकेश साहनी के पिता के हत्यारे को अविलंब गिरफ्तारी हो और बिहार में बढ़ते अपराध हत्या और भ्रष्टाचार को देखते हुए अविलंब नीतीश कुमार इस्तीफा दे ।

### 25 जुलाई से होगी स्नातक पार्ट वन की परीक्षा

छपरा विश्वविद्यालय के स्नातक 23 - 27 जो 4 वर्षीय कोर्स है पार्ट वन की परीक्षा 20 जुलाई के बदले 25 जुलाई से होगी। इस बात की जानकारी देते हुए जयप्रकाश विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर दिलीप कुमार ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर परीक्षा के शेड्यूल में परिवर्तन करते हुए नया शेड्यूल जारी किया गया है। जिसमें ऑनर्स परीक्षा के सभी विषयों को दो ग्रुपों ग्रुप ए और बी में बांटा गया है। स्नातक सेमेस्टर-1 परीक्षा-2023 (सत्र-2023-2027) सीबीसीएस के तहत चार वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम का संशोधित कार्यक्रम में ग्रुप ए जूलॉजी, बॉटनी, फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, साइकोलॉजी, पॉलिटिकल साइंस, फिलॉसफी, कॉमर्स ग्रुप-बी भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, हिंदी, संस्कृत, उर्दू, भोजपुरी, अंग्रेजी, एआईएच एंड सी, संगीत, एलएसडब्ल्यू को रखा गया है।

# शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न, डीएम ने दिया निर्देश

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर ने मंगलवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। यू-डायस पोर्टल पर प्रविष्टि के अनुसार नामांकित छात्रों की संख्या में 2022-23 की तुलना में वर्ष 2023-24 में कमी दर्ज की गई है। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को आगामी 15 दिनों में इसके कारक तत्त्वों को सूचीबद्ध करने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने विद्यालयवार बच्चों के उपस्थिति की मासिक विवरणी तैयार करने को कहा। विद्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों की सूची विद्यालयवार तैयार करने को कहा गया। इसके लिये सभी संबंधित पदाधिकारियों को 15 अगस्त तक का समय दिया गया है। विद्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों की सूची संबंधित पंचायत के टोला सेवक को दी जायेगी। उनके द्वारा लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चे की अनुपस्थिति के कारण को दर्ज किया जायेगा। इस सर्वे के आधार पर आगे के लिये सुधारात्मक कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई की जायेगी। बताया गया कि ई-शिक्षा कोष पर विद्यालय में नामांकित बच्चों की आधार सीडिंग के साथ प्रविष्टि की जा रही है। अद्यतन लगभग 3 लाख 80 हजार बच्चों की आधार सीडेड एंट्री की गई है, जो कुल नामांकित का लगभग 54 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने इस कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया। कुछ बच्चों का आधार नहीं होने/आधार में त्रुटि के कारण भी इस कार्य की प्रगति धीमी है। जिलाधिकारी ने सभी पंचायतों में बच्चों का आधार बनाने के लिये विशेष शिविर लगाने को कहा। जिलाधिकारी ने इस कार्य मे आ रही अन्य व्यवहारिक कठिनाइयों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने उप विकास आयुक्त को इसकी समीक्षा कर अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर शिक्षकों की उपस्थिति अद्यतन 81 प्रतिशत दर्ज की जा रही है। इसे शत प्रतिशत सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। भूमिहीन विद्यालयों के संबंध में बताया गया कि वर्त्तमान में जिला में 103 भूमिहीन विद्यालय हैं। इन सभी विद्यालयों की पंचायतवार सूची सभी अंचलाधिकारियों को पत्र के माध्यम से भेजते हुये 15 दिनों के अंतर्गत सरकारी जमीन की उपलब्धता से संबंधित रिपोर्ट प्राप्त किया जायेगा। यह सूची सभी संबंधित मुखिया एवं विधायक गण के साथ साझा करते हुये उनके स्तर से भी सरकारी जमीन की उपलब्धता नहीं होने की स्थिति में स्थानीय लोगों को भूमि दान करने हेतु प्रेरित कर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जायेगा।भूमि दान राज्यपाल के नाम से किया जाता है।विद्यालय हेतु दान की भूमि का निःशुल्क निबंधन किया जायेगा। भूमि विहीन विद्यालयों की पंचायतवार सूची, दान की प्रक्रिया एवं जमीन दानकर्ता के नाम से विद्यालय के नामकरण के प्रावधान की जानकारी जिला के वेबसाइट पर भी अपलोड किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति इस सूची एवं निर्धारित प्रक्रिया का अवलोकन कर सकते हैं। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अंतर्गत सभी चहारदीवारी विहीन विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। चहारदीवारी विहीन उच्च विद्यालयों की चहारदीवारी निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार करने का निदेश दिया गया। उच्च विद्यालयों की चहारदीवारी का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने हेतु पहल की जायेगी। सभी विद्यालयों के जमीन के दस्तावेजों की विवरणी तैयार की जा रही है। यह कार्य पूर्ण होने के उपरांत विद्यालय के स्वामित्व वाली भूमि का म्यूटेशन विद्यालय/विभाग के नाम से नियमानुसार कराया जायेगा। सभी विद्यालयों में पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा के क्रम में विद्यालयों में कराये गये बोरिंग की औचक जाँच कराने का निदेश दिया गया। विद्यालयों में आपूर्त्ति किये गये बेंच-डेस्क के गुणवत्ता की भी औचक जाँच करने को कहा गया।प्रत्येक प्रखंड से 5-5 विद्यालयों की औचक जाँच करने का निदेश दिया गया। मध्याह्न भोजन के किचेन में उपयोग किये जाने वाले खाद्य सामग्रियों एवं भोजन के गुणवत्ता की रैंडम जाँच सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इसके लिये चेकलिस्ट बनाकर निरीक्षण सुनिश्चित करें।

## नगर निगम बोर्ड करेगा अपने द्वारा पारित विभिन्न प्रस्तावों के अनुपालन की समीक्षा:गरिमा

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया(कुमार अभिजितम)। नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया के द्वारा नगर निगम के सभागार में आगामी 20 जुलाई को नगर निगम बोर्ड की सामान्य बैठक आहूत करने और तय समय से पूर्व सभी माननीय सदस्य और माननीय पदेन सदस्य गण तक इसकी सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश नगर आयुक्त शंभू कुमार को दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए महापौर ने बताया कि आगामी 20 जुलाई 2024 को अपराह्न 11:30 बजे से नगर निगम के सभागार में उनके द्वारा निर्धारित विचारणीय विषयों पर आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसके लिए जारी पत्र में श्रीमती सिकारिया ने उक्त बैठक की विधिवत सूचना सभी माननीय सदस्य और माननीय पदेन सदस्य के साथ सभी वांछित पदाधिकारी को समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बैठक के लिए निर्धारित एजेंडे की जानकारी देते हुए महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम बोर्ड की विगत बैठक की संपुष्टि के बाद नगर निगम बोर्ड की विगत बैठकों में पारित प्रस्ताव और निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा और विचार का विषय निर्धारित है। इसके साथ ही नगर निगम क्षेत्र में जारी विकास कार्यों के कार्यान्वयन की समीक्षा और नई योजनाओं को पारित करने पर विचार करने का विषय महापौर श्रीमती सिकारिया के स्तर से निर्धारित किया गया है।

## वीटीआर जंगल में दर्जनों सांपों की प्रजातियों में 5 नए प्रजातियों को किया चिन्हित

प्रात: किरण, संवाददाता





बगहा। वीटीआर जंगली जीवों की विविधताओं से भरा पड़ा है।अद्भुत और अविश्वसनीय जीवो के परिवेश में सांपों को लेकर एक्सपर्टों की अपनी राय है। बतादें की बिहार के इकलौते वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में दर्जनों सांप की प्रजातियां पाई जाती हैं। विगत कुछ वर्षों में वाइल्ड लाइफ ऑफ इंडिया और वन विभाग ने तकरीबन 5 नए प्रजाति के सांपों को चिन्हित किया है जो वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के अलावा बिहार के किसी अन्य जिलों में नहीं देखे गए हैं। इन सांपों का नाम कॉपर हेडेड त्रिंकेट या वनसुंदरी,ट्विन स्पॉटेड वोल्फ स्नैक,द्रुमलिएस ब्लैक हेडेड,मॉक वाईपर, सालाजार स्नैक पिट वाईपर है। सुखद खबर यह है की ये पांचों सांप नॉन वेनोमस यानी विष हीन यानी जहरीले नहीं हैं। वहीं वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में जहरीले सांपों की बात करें तो किंग कोबरा,स्पेक्टिकल कोबरा, यानी गेहुअन रसेल वाइपर,करैत और बाम्बू पिट वाइपर प्रमुख पांच प्रजाति के बेहद जहरीले सांप पाए जाते हैं जिनके काटने या डंसने से समुचित इलाज के अभाव में तत्काल मृत्यु हो जाती है। न्यूज यानी नेचर एनवायरनमेंट वाइल्ड लाइफ सोसायटी के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक बताते हैं की वाल्मीकि टाइगर रिजर्व सांपों के हॉट स्पॉट के रूप में उभरा है। यहां पहली बार बर्मीज पायथन देखने को मिला। इसके अलावा वनसुंदरी,ट्विन स्पॉटेड वोल्फ स्नैक, द्दमिलिएस ब्लैक हेडेड,मॉक वाईपर,सालाजार पिट वाईपर पाए गए। अभिषेक ने बताया की इसमें से कोई भी सांप जहरीला नहीं है। क्योंकि भारत में बिग फोर की श्रेणी में महज चार सांप आते हैं जो बेहद जहरीला होते हैं। इसमें से एक बिहार में नहीं पाया जाता। ये चार जहरीले सांप क्रमशः बिग फोर स्पेक्टिकल कोबरा,रसेल वाइपर,कैरत,सॉ सकेल वाईपर है। इनमें से सॉ सकेल वाइपर बिहार में नहीं पाया जाता है। बतादें की वीटीआर में बड़े पैमाने पर अजगर,गेहुअन,करैत,रसेल वाइपर,किंग कोबरा,वन सुंदरी और तक्षक नाग देखे जाते हैं। ये सांप अमूमन रिहायशी इलाकों में लोगों के घरों तक पहुंच जाते हैं। ऐसे में न्यूज के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक का कहना है की सांपों को मारे नहीं और ना ही उनके साथ छेड़ छाड़ करें। सांप तभी हमलावर होते हैं जब उन्हें किसी से खतरे का आभास होता है। साथ ही यदि सांप काट ले तो झाड़ फूंक की बजाय तत्काल नजदीकी अस्पताल में जाकर इलाज कराएं। अभिषेक ने विश्व सर्प दिवस पर लोगों को जागरूक करते हुए कहा की सांप परिस्थिति तंत्र के लिए बहुत जरूरी हैं। इनसे पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण को बैलेंस रखने में मदद मिलती है।

## अबतक 15 शवो को किया गया बरामद शवों के निगरानी के लिए 30 जवानों को लगाया गया गंडक बराज पर

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। प्रकृति की अपनी गति और चाल के आगे मानव संसाधन फीका है। या यूं कहें कि अबतक की सारी उपलब्धियां बौनी हो जाती है जब प्रकृति अपने नियम को गति देती है।

इसकी बानगी देखी गई नेपाल में जब नेपाल के नारायण घाट मुग्लिंग मार्ग पर शुक्रवार को भूस्खलन की वजह से यात्रियों से भरी दो बस त्रिशूली नदी में गिरकर बह गई ।जिसमें तकरीबन 63 यात्रियों के मरने की आशंका है। रविवार को गंडक बराज नियंत्रण कक्ष वाल्मीकिनगर स्थित गंडक नदी से दो शव पाए गए, जिनका रेस्क्यू किया गया। इसके बाद नेपाल पुलिस लगातार नदी में नजर बनाए हुए है। इसी क्रम में सोमवार को भी 4 शव बहकर आए जिनका रेस्क्यू नेपाल एपीएफ ने किया है। इस तरह रविवार और सोमवार को मिलाकर नेपाल पुलिस, नेपाल एपीएफ और नेपाल आर्मी द्वारा भारतीय सीमा गंडक बराज के 6 नंबर फाटक एवं एचआर गेट से अब तक कुल 6 शवों को बरामद किया जा चुका है ।जिसमें दो महिला और चार पुरुष का शव शामिल है। रेस्क्यू किए गए शवों को जिला अस्पताल नवल परासी अंत्य परीक्षण के लिए भेजा जा गया है।

जहां परिजन आकर शवों की पहचान कर रहे हैं। बतातें चले कि अब तक 63 यात्रियों में से 15 लोगों का शव बरामद हो चुका है। जबकि 48 यात्रियों की खोज जारी है। नेपाल पुलिस के सब इंस्पेक्टर एम राय मांझी ने बताया कि 48 शवों का गंडक नदी में बहकर आने की आशंका जताई जा रही है। जिसके कारण नेपाल प्रशासन के तरफ से गंडक बराज पर रेस्क्यू करने के लिए तैयारियां की गई है ।इस रेस्क्यू ऑपरेशन में पूरन बहादुर थापा नेपाल एपीएफ, नवीन पौडेल, लालजी यादव, डीपी यादव के नेतृत्व में लगभग 20 की संख्या में जवानों को नियुक्त किया गया है।

## दो सारस की अजीब प्रेम की गजब कहानी

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया मोहन सिंह। अजीब प्रेम की गजब कहानी, साथ जियेंगे साथ मरेंगे की कसमें खाने वाले इंसान को अपना वादा नहीं निभा पाते। लेकिन एक ऐसा पक्षी भी है जो अपना वादा अच्छा से निभाता है । इस दुनिया में प्राकृतिक की एक ऐसी लीला है कि एक ऐसा भी पक्षी है जो एक दूसरे के बिना जीना पसंद नहीं करते। उस अनोखी पक्षी का नाम है सारस। पश्चिम चंपारण के बगहा में सारस जोड़े का एक सुंदर दृश्य देखने को मिला है। बिहार का इकलौता वाल्मीकि टाइगर रिजर्व कई पशु पक्षियों के लिए बेहतर अधिवास साबित हो रहा है। जिले के इंडो नेपाल सीमा अंतर्गत वाल्मीकीनगर से सटे एक धान की खेत में सारस पक्षी ने अंडा दिया है और घोंसला की निगरानी कर रहा है। नर और मादा दोनों अंडों को सेता दिख रहे हैं। सबसे बड़ी खासियत यह है की एक साथी के मरने पर दूसरा भी प्राण त्याग देता है। आमतौर पर यह एक बार में केवल दो या चार अंडे देता है। सोचने वाली बात है कि नर-मादा दोनों मिलकर एक माता-पिता की तरह अंडा को सेता है। वीडी संजू बताते हैं कि भारत में इस पक्षी को दांपत्य प्रेम का प्रतीक माना जाता है। क्योंकि एक साथी के विरह में दूसरा भी जान दे देता है। वीडी संजू बताते हैं कि ह्लयह एक भावुक प्राणी है. ज्यादातर जोड़े अथवा तीन या चार के समूहों में देखा जाता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह एक ही साथी के साथ पूरा जीवन बिताता है और उसी के साथ संभोग करता है।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझनपुरा में पाठ्य- पुस्तकों का हुआ वितरण

प्रात: किरण, संवाददाता



मांझी। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझनपुरा में मंगलवार को बच्चों के बीच निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का हुआ वितरण सत्र शुरू होने के साथ ही ससमय पाठ्य पुस्तक मिलने से बच्चों में उत्साह देखा गया इस दौरान वर्ग एक से पांच तक के बच्चों को हिन्दी, गणित, पर्यावरण विज्ञान व अंग्रेजी के साथ संबंधित विषय की एक-एक कार्य पुस्तिका दी गयी. विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद दास ने विद्यार्थियों से पुस्तक सहेज कर रखने व उससे ज्ञान प्राप्त करने की बात कही उन्होंने बताया की यह सर्व शिक्षा अभियान द्वारा शैक्षणिक कीट बच्चों की पढ़ाई के लिए दिया गया है।इस अवसर पर मुखिया वीणा देवी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बच्चों को पुस्तक की महत्ता भी बतायी. मुखिया प्रतिनिधि उदय शंकर सिंह ने छात्रों से कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें और भविष्य संवारें, क्योंकि पढ़ाई से ही तरक्की का रास्ता निकलता है. समय से विद्यालय आये और अपने गुरुजनों से ज्ञान प्राप्त करें। वही विद्यालय के शिक्षकों से कहा की विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बेहतर तालीम देकर भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं और उत्क्रमित मध्य विद्यालय को प्रखंड का नम्बर वन विद्यालय बनाये साथ ही अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की.इस अवसर पर राम पुकार माँझी, मुन्ना राम, अभय कुमार सिंह, शालू ओझा, रानी कुमारी, रागनी देवी, सहित सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## जेपीयू के पार्ट वन की परीक्षा शेड्यूल में हुआ परिवर्तन , जारी हुए परीक्षा केंद्र का लिस्ट

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा सदर। बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा 19 से 22 जुलाई 2024 तक होनेवाली शिक्षक नियुक्ति की टीआरई-3 परीक्षा को लेकर जयप्रकाश विश्वविद्यालय की स्नातक सीबीसीएस सत्र 2023-27 प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब यह परीक्षा 20 जुलाई 2024 के बजाय 25 जुलाई 2024 से प्रारंभ होगी। दोनों परीक्षाओं में बड़ी संख्या में भाग लेनेवाले अभ्यर्थियों एवं कुछ छात्र संगठनों द्वारा विश्वविद्यालय में आवेदन देकर दोनों परीक्षाओं की तिथि समान रहने की बात बताते हुए स्नातक परीक्षा की तिथि कुछ दिन बढा देने का अनुरोध किया गया था। इसपर संज्ञान लेते हुए माननीय कुलपति महोदय प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई द्वारा छात्रहित में स्नातक सीबीसीएस सत्र 2023-27 के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा 20 जुलाई की जगह 25 जुलाई 2024 से प्रारंभ करने का निर्देश जारी किया गया। इस निर्देश के आलोक में परीक्षा नियंत्रक डॉ दिलीप कुमार द्वारा संशोधित परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीपीएससी के विज्ञापन संख्या-22/2024 के आलोक में शिक्षक नियुक्ति परीक्षा टीआरई-3 दिनांक -20, 21 एवं 22 जुलाई 2024 को भी आयोजित होनी है जिसमें स्नातक के परीक्षार्थी, जिन्होंने डीएलएड किया है, वे भी शामिल होनेवाले हैं। 25 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगी परीक्षा नए परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक अब जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नातक (सीबीसीएस) सत्र 2023-27 प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 25 जुलाई 2024 से प्रारंभ होकर 31 जुलाई 2024 को संपन्न होगी। 1अगस्त 2024 से शुरू होगी प्रायोगिक परीक्षा इसके साथ ही प्रायोगिक परीक्षाएं दिनांक- 1 अगस्त 2024 से प्रारंभ होंगी तथा 6 अगस्त 2024 तक चलेंगी। माननीय कुलपति महोदय के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक द्वारा सभी प्राचार्यों तथा केंद्राधीक्षक को एतत्संबंधी दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि 8 अगस्त 2024 तक सभी प्रायोगिक परीक्षाओं के मार्क्स और परीक्षार्थियों की उपस्थिति पंजी निश्चित रूप से विश्वविद्यालय में जमा करा दें। सेंटर लिस्ट भी हुआ जारी जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नातक (सीबीसीएस) परीक्षा 2023-27 के प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का सेंटर लिस्ट भी जारी कर दिया गया है। माननीय कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई के निर्देश पर विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत सारण, सीवान एवं गोपालगंज, तीनों जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ताकि परीक्षार्थियों को कोई परेशानी न हो। सारण के राजेंद्र कॉलेज, जगदम कॉलेज, रामजयपाल कॉलेज, गंगा सिंह कॉलेज, जगलाल चौधरी कॉलेज, जेपीएम कॉलेज, पीसी विज्ञान कॉलेज, यदुनंदन महाविद्यालय, दिघवारा, पी.आर. कॉलेज, सोनपुर तथा पी.एन. कॉलेज, परसा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## बीएओ व परिचारी को दी गई विदाई

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा। छपरा सदर प्रखंड स्थित आत्मा कार्यालय में वर्तमान प्रखंड कृषि पदाधिकारी कपिल प्रसाद और परिचारी आयुष्मति कुमारी का विदाई समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी श्याम बिहारी सिंह ने की। कार्यक्रम में छपरा सदर प्रखंड और नगरा सहित जिले केके प्रखंडों के एटम बम और लेखपाल सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे जिन्होंने दोनों लोगों को भावभीनी विदाई दी। वक्ताओं ने कहा कि छपरा सदर प्रखंड और नगर के साथ-साथ बाजार समिति का प्रभार संभालने वाले कपिल प्रसाद का कार्यकाल उल्लेखनीय रहेगा क्योंकि इनके कार्यकाल में कृषि विभाग ने काफी बेहतर कार्य किया और इसका परिणाम भी देखने को मिला और आत्मा के दोनों प्रखंड जिले में काफी बेहतर कार्य किये और सम्मान भी मिला। जिला कृषि पदाधिकारी ने भी अपने संबोधन में कपिल प्रसाद के कार्य की बुरी बुरी प्रशंसा की और कहा कि इन्होंने अपने कार्यकाल में कर्मचारियों को एक परिवार की तरह समझा और किसी तरह की शिकायत नहीं मिली।मंच संचालन श्री दीपक कुमार-2 कृषि समन्वयक नगरा द्वारा किया गया।प्रभारी कृषि पदाधिकारी श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा पौधा देकर पूर्व प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के बारे में बताया गया कि प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी का व्यववहार, कार्य के प्रतिनिष्ठा सभी कर्मियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया है। इसी क्रम में अजय राज, कार्यपालक सहायक प्रखण्ड कृषि परिवार रिविलगंज निरु जायसवाल,गंगा रोमा ,कृषि समन्वयक संघ के अध्यक्ष श केशव कुमार सिंह राजाराम राय, मिथुन कुमार, अमित कुमार अकेला, शम्भूनाथ सिंह, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक रविप्रकाश सिंह एवं किसान सलाहकार संघ के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह एवं अन्य पंचायत स्तरीय सभी किसान सलाहकार, लेखापाल कार्यपालक सहायक उपस्थित हुए ।अंत में धन्वयवाद ज्ञापन विनोद कुमार सिंह प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी द्वारा किया गया ।

## श्रद्धा के साथ निकाला गया कर्बला में शहीद हजरत इमाम हुसैन का शबिहे ताबूत और अलम

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय ।छपरा शहर के नई बाजार स्थित स्वर्गीय मुबारक हुसैन साहब के इमामबाड़े में बुधवार को कर्बला में शहीद हजरत इमाम हुसैन अ स का ताबूत और उनके छोटे भाई हजरत अब्बास का अलम ए मुबारक निकालकर 72 शहीदों को याद किया गया। इस अवसर पर दाउद अली ने कहा रसूल के प्यारे नवासे हजरत इमाम हुसैन अ स ० ने इस्लाम की खातिर तीन दिनों तक भूखे प्यासे रह कर अपनी शहादत दी। इस आयोजन के बारे में चर्चा करते हुए शकील हैदर ने कहा कि यदि फौज ने कर्बला में चारों तरफ से घेर हजरत इमाम हुसैन को तीरों से मार डाला शहीदों में हजरत इमाम हुसैन अ सलाम के साथ कर्बला में 72 शहीद हुए। श्री हैदर ने कहा कि असुर के दिन रहते हैं मोहताज यहां तक, औलाद भी मर जाए तो पुरसा नहीं लेते। कर्बला की शहादत की याद दिलाता है मोहर्रम। परवाचक सुलेमान सब ने कहा की इंसानियत के अलमदार हजरत इमाम हुसैन के 72 शहीदों की याद में शिया समुदाय के लोग जंजीरी मातम कर यह दशार्ते हैं के काश हम कर्बला में होते तो 72 शहीदों के साथ अपनी कुबार्नी देते । पर्वाचक सुलेमान साहब ने कहा सत्य सत्य मानवता की रक्षा के लिए जरूरी फौजी के साथ कर्बला के मैदान में हुए पैगंबर हजरत मोहम्मद के नाती इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत की याद में मजलिस व मातम कर गम का इजहार किया जाता है। मजलिस का आयोजन कैसर अली और डाक्ट्र अशरफ अली के सोज से हुआ मजलिस में परवेज नकवी,ताज रीजवी, बबलू रही, शकील हैदर, दुबई से आए हुए तौसीफ जाफरी, कैसर अली, युसूफ अली, डॉ आदिल हुसैन ने जंजीरी मातम कराया। इस अवसर पर देश-विदेश से आए हुए बच्चे बुजुर्ग सभी ने बढ़, चढ़ कर हिस्सा लिया। शहर के विभिन्न इमामबाड़ा में 10 दिनों से मरीज का आयोजन हो चल रहा है शिया मोहल्ला दहियावां में भी बड़ा इमामबाड़ा छोटा इमामबाड़ा में कर्बला में शाहिद हजरत इमाम हुसैन अ स का ताबूत और हजरत अब्बास अ स का अलम ए मुबारक निकालकर कर्बला में शहीद 72 शहीदों को याद किया गया इस अवसर पर जफर अब्बास,गुड्डू, गुलाम पंजतन, डॉ असकरी राजा, बबलू रही ने अपना अपना कलाम पढ़कर मातम कराया ।

## जिले मे कैंसर मरीजों के लिए खुशखबरी : सी ब्लॉक के चौथी मंजिल पर जल्द होगी कीमोथेरेपी

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)।पश्चिमी चंपारण जिले के कैंसर मरीजों के लिए खुशखबरी है, उन्हें अब बेतिया मेडिकल कॉलेज के सी ब्लॉक के चौथी मंजिल पर जल्द कीमोथेरेपी की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध हो सकेगी- ये बातें जिले के गैरसंचारी रोग पदाधिकारी डॉ मूर्तजा अंसारी ने बताई है। उन्होंने बताया की इसको लेकर जिला स्तर पर कई प्रकार से तैयारियाँ की जा रहीं है। उन्होंने बताया की ह्लडे केयर कीमो थेरेपीह्नके लिए जीएमसीएच बेतिया के अधीक्षक डॉ सुधा भारती का बड़ा योगदान है। उन्होंने इसके लिए कमरा भी आवंटित कर दिया है, ताकि शीघ्र से शीघ्र कीमोथेरेपी की सुविधा कैंसर मरीजों को दी जा सकें, इसके लिए उन्हें अब पटना या अन्य जगह भटकने की जरूरत नहीं होगी।इस कार्य की जल्द शुरूआत करने को लेकर जिले के सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति बेतिया में जिला स्तरीय अधिकारीयों की बैठक हुई। वहीं राज देवड़ी स्थित भवन में एएनएम, जीएनएम ,बीसीएम,आशा फैसिलिटेटर व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की कार्यशाला आयोजित की गईं जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा, संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मूर्तजा अंसारी ने कई महत्वपूर्ण बातें बताई।उन्होंने एनपी / एनसीडी की समीक्षा की एवं सीबीएसी की फैमिली फोल्डर के साथ स्क्रीनिंग के बारे में समीक्षा की।डॉ अंसारी ने बताया की भविष्य में भी स्क्रीनिंग कार्य सुचारु रूप से हो ताकि पश्चिमी चम्पारण जिले को राज्य में बेहतर स्थान प्राप्त हो सकें। - सभी प्रखंडो में कैंसर मरीजों के पहचान को होती है स्क्रीनिंगः डॉ मूर्तजा अंसारी ने बताया की जिले के सभी 18 प्रखंडो में कैंसर मरीजों के पहचान को मेडिकल कैंप लगाकर स्क्रीनिंग की जाती है, वहीं उसकी निगरानी उनके एवं विभागीय टीम द्वारा की जाती है।उन्होंने बताया की कैंसर एक असाध्य रोग है परन्तु अगर समय से पहचान हो तो इलाज द्वारा इसे मात दिया जा सकता है। डॉ मूर्तजा अंसारी ने कहा की धूम्रपान का अत्यधिक सेवन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं, समय से पहले मृत्यु का कारण बनते हैं। भारत में तम्बाकू के कारण मृत्यु दर 1.3 मिलियन से अधिक होने का अनुमान है। इनमें से, दस लाख लोग तम्बाकू धूम्रपान के कारण और शेष लोग धूम्रपान रहित तम्बाकू के उपयोग के कारण होते हैं। इसके अलावा, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आई सी एम आर) द्वारा 2004 तक प्रकाशित साहित्य के विश्लेषण के आधार पर गैर-संचारी रोगों के कारण रोगों के बोझ का आकलन शीर्षक से किए गए अध्ययन के अनुसार, तम्बाकू के उपयोग के कारण होने वाली बीमारियों का जोखिम क्रमशः स्ट्रोक (78%), तपेदिक (65.6%), इस्केमिक हृदय रोग (85.2%), तीव्र रोधगलन (52%), एसोफैजियल कैंसर (43%), मौखिक कैंसर (38%) और फेफड़ों के कैंसर (16%) के लिए था।

## युवक व युवती की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। मढौरा थाना क्षेत्र में एक युवक एवं एक युवती की हत्या से सनसनी फैल गई है युवक के शव की शिनाख्त कर ली गई है. वहीं युवती के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है. सूचना के बाद मढौरा थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पहचान का प्रयास किया, जिसमें मृत युवक की पहचान जिले के गौरा थाना क्षेत्र के अगहरा गांव निवासी केशव पंडित के 40 वर्षीय पुत्र सुरेश पंडित के रूप में की गई है। जिसका शव मढौरा थाना अंतर्गत मिजार्पुर पंचायत के ताल पुरैना चंवर से बरामद किया गया है.पहचान के वजह से इस घटना की सूचना परिवार वालों को मिली परिवार में रोना-पीटना लग गया परिवार वालों का आरोप है कि मारपीट कर उसकी हत्या की गई है. वैसे मृतक के शरीर पर जख्म के निशान भी पाए गए हैं. इस मामले में मृतक के परिवार वालों के बयान पर एक युवक को नामजद करते हुए मढ़ौरा थाने में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जबकि दूसरी घटना फिलहाल उलझी हुई है. मढौरा थाना अंतर्गत मढ़ौरा से जलालपुर जाने वाली सड़क के किनारे झाड़ी से एक युवती का शव बरामद किया गया. सूचना के बाद गांव में सनसनी फैल गई. वहां काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए. जिसके बाद इस घटना की सूचना मढ़ौरा थाना को दी गई. लेकिन, समाचार प्रेषण तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है.मृत युवती की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है.सूचना के बाद मढ़ौरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा, जहां शव का पोस्टमार्टम कराये जाने के बाद पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है. हालांकि युवती की मृत्यु के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। लेकिन उसकी पहचान नहीं होने के कारण क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा की जा रही है. ग्रामीणों की माने तो युवती की हत्या कहीं अन्यत्र किए जाने के बाद साक्ष्य छुपाने के लिए उसे वहां झाड़ी में फेंका गया है.इस मामले में मढौरा थाना अध्यक्ष ने बताया कि आज मढौरा थाना क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्रों से दो शव बरामद किया गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 17 जुलाई, 2024





# करण ने अपनी टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी में नेहा कक्कड़ का किया स्वागत



फिल्ममेकर करण जौहर ने सिंगर नेहा कक्कड़ के साथ अपने कई तस्वीरें साझा की हैं। करण ने तस्वीरें साझा कर नेहा कक्कड़ का अपनी टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी धर्मा कॉर्नरस्टोन में स्वागत किया है। डीसीए की स्थापना साल 2021 में हुई थी। करण ने नेहा के साथ तस्वीरें साझा कर उनके डीसीए में शामिल होने की जानकारी दी है। उन्होंने पोस्ट साझा कर नेहा की प्रशंसा भी की है। करण जौहर ने तस्वीरें साझा कर लिखा, हमें नेहा कक्कड़ के हमारे डीसीए म्यूजिक परिवार में शामिल होने पर बेहद खुशी है। मैं नेहा को कई वर्षों से जानता हूं और जब बात म्यूजिक के क्षेत्र में टैलेंट और कड़ी मेहनत की आती है तो वह एक ताकत हैं। आगे बढ़ने के लिए कई रास्ते हैं, जो शक्ति, प्यार और संगीत से भरपूर हैं। 2021 में अपनी स्थापना के बाद से धर्मा कॉर्नरस्टोन एजेंसी प्रतिभा के क्षेत्र में तेजी से उभरी है। डीसीए की स्थापना प्रसिद्ध फिल्म निर्माता करण जौहर, धर्मा प्रोडक्शंस के सीईओ अपूर्व मेहता और कॉर्नरस्टोन स्पोर्ट के प्रबंध निदेशक बंटी सजदेह ने की थी। तीन वर्षों में एंजेसी ने कई प्रतिभाओं को सहायता प्रदान की है। वर्कफ्रंट की बात करें तो करण जौहर ने 2023 में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से निर्देशन में अपनी वापसी की थी। हाल ही में उनकी फिल्म किल ने 5 जलाई को सिनेमाघरों में दस्तक दी है। इसके अलावा इसी साल उनकी फिल्म 'कॉल मी बे' भी दिसंबर में सिनेमाघरों का रुख करेगी।




# मिसेज की स्क्रीनिंग के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएंगी सान्या

बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में है। अपनी कई फिल्मों से वे लोगों के दिलों में खास जगह बनाने में कामयाब रही हैं। एक्टिंग के अलावा वे डांस के लिए भी काफी मशहूर हैं। यही नहीं, अभिनेत्री सोशल मीडिया पर अपने फनी वीडियोज को लेकर भी काफी पॉपुलर हैं। अब सान्या अपनी फिल्म मिसेज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएंगी। बता दें कि अभिनेत्री की फिल्म मिसेज का मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में प्रीमियर होगा। सान्या की फिल्म 'मिसेज' साल 2021 में आई निर्माता जियो बेबी की मलयालम फिल्म 'द ग्रेट इंडियन किचेन' का हिंदी रूपांतरण है। फिल्म एक डांसर की जिंदगी पर आधारित थी, जिसकी शादी एक ऐसे परिवार में हो जाती है, जो खुले विचारों का नहीं है। उस पर घर के काम करने के लिए दबाव बनाया जाता है। अंत में वह इसका विरोध करती है। फिल्म की कहानी में सान्या का किरदार शादी के बाद अपनी पहचान की तलाश में जुट जाती है। इस फिल्म में सान्या के अलावा कंवलजीत सिंह और निशांत दहिया भी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, पम्मी बावेजा और हरमन बावेजा ने किया है। बता दें कि अभिनेत्री सान्या ने मिसेज के लिए न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में फिल्म के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार जीता था। यही नहीं, उन्होंने इस फिल्म के लिए आईएफएफएम 2024 में बेस्ट एक्ट्रेस नॉमिनेशन भी हासिल किया। निर्देशक आरती कदव ने कहा, आईएफएफएम एक लोकप्रिय मंच है। हम यहां मिसेज का प्रीमियर करने के लिए काफी एक्साइटेड। यह फिल्म एक महिला के जीवन की सामाजिक परेशानियों को पर्दे पर जीवंत तरीके से दिखाती है। आईएफएफएम फिल्म के लिए एक ऐसा मंच साबित होगा, जिससे इस फिल्म का संदेश ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा। फिल्म में सान्या के अभिनय ने भूमिका को और जीवंत बना दिया है।

# दुबई में शुरू हुआ राम चरण की आरसी 16 के प्री प्रोडक्शन का काम


आरसी 16 इस साल की की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसमें राम चरण और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म के लिए राम चरण और निर्देशक बुची बाबू ने उप्पेना के बाद फिर हाथ मिलाया है। उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। वहीं अब प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाने के लिए एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है, जो फिल्म के प्रोडक्शन को लेकर है। सुपरस्टार राम चरण ने हाल ही में बहुप्रतीक्षित फिल्म गेम चेंजर के लिए अपना हिस्सा पूरा किया है। इस बीच अब वे अपनी अगली फिल्म आरसी 16 को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। वहीं फिल्म पर ताजा जानकारी यह है कि आरसी 16 पर काम शुरू हो चुका है। फिल्म के प्रोडक्शन का काम दुबई में शुरू हुआ है। कुछ घंटे पहले बुची बाबू ने इंस्टाग्राम पर ऑस्कर विजेता संगीत निर्देशक एआर रहमान और शानदार छायाकार रत्नवेलु के साथ अपनी एक मनमोहक तस्वीर साझा की, जो दोनों आरसी 16 पर काम कर रहे हैं। तस्वीर के पीछे की कहानी यह है कि तीनों दुबई के फिरदौस स्टूडियो में आरसी 16 के प्री-प्रोडक्शन के काम के लिए गए थे।





# 9 अगस्त को रिलीज होगी तापसी अभिनीत फिर आई हसीन दिलरुबा

तापसी पन्नू और विक्रांत मैसी अभिनीत फिल्म हसीन दिलरुबा का अगला भाग जल्द रिलीज होने वाला है। इस फिल्म को लेकर ओटीटी प्लैटफॉर्म नेटफ्लिक्स द्वारा पोस्ट साझा कर जानकारी दी गई है। साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म हसीन दिलरुबा को काफी पसंद किया गया था। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म थी, जिसमें तापसू पन्नू, विक्रांत मैसी और हर्षवर्धन राणे प्रमुख भूमिकाओं नें नजर आए थे। अब एक बार फिर दर्शकों को प्यार, धोखा और अपराध की दिल दहला देने वाली कहानी पर्दे पर देखने को मिलने वाली है। बहुत जल्द इस फिल्म का सीक्वेल फिर आई हसीन दिलरुबा रिलीज होने वाली है। फिल्म में तापसी और विक्रांत एक बार फिर पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर आए एक नए अपडेट में इसकी रिलीज डेट का एलान किया गया है। थ्रिलर फिल्में पसंद करने वाले सिनेप्रेमियों के लिए यह एक उत्साहित करने वाली खबर है। रानी और रिशु की प्रेम कहानी एक बार फिर से दर्शकों को डराने और मनोरंजन करने को तैयार है। दिग्गज ओटीटी प्लैटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने एक पोस्ट साझा कर इसके रिलीज डेट का एलान किया है। इस पोस्ट के मुताबिक, फिल्म 9 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी। फिल्म दर्शकों को एक रोमांचक सफर पर ले जाने का वादा करती है। इसका निर्देशन जयप्रद देसाई ने किया है। वहीं, फिल्म को कनिका ढिल्लों ने लिखा है। फिल्म में तापसी और विक्रांत के अलावा सनी कौशल और जिमी शेरगिल भी नजर आने वाले हैं।



# विवादों से दूर रहना चाहते हैं कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। हालांकि, अपने करियर में कई मौकों पर उनका नाम विवादों में भी घिरा है। इस पर अभिनेता ने बात करते हुए कहा है कि अब वह चुप रहना सीख चुके हैं। कार्तिक आर्यन हिंदी सिनेमा में अपनी पहचान बना चुके हैं। अपने अभिनय और अपने लुक्स की वजह से वह अक्सर चर्चा में बने रहते हैं। हाल में ही रिलीज हुई उनकी फिल्म चंदू चैंपियन के लिए उन्हें काफी सराहना भी मिली है। इस फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों और आलोचकों ने काफी सराहा है। फिल्म में अभिनेता ने अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता दिखाई है। फिल्म इंडस्ट्री में विवादों से बचते हुए स्टारडम पाना काफी मुश्किल होता है। कार्तिक भी कई बार विवादों में घिरते नजर आए हैं। हालांकि, उन्होंने ऐसे हालातों को बखूबी संभाला भी है।

**कार्तिक ने सीख लिया है विवादों से बचना**

कार्तिक आर्यन को चंदू चैंपियन के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर से भी तारीफ मिली थी। उन्होंने इसे अभिनेता के करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बताया था। हालांकि, उनका नाम पहली बार विवादों में तब आया था, जब दोस्ताना 2 को लेकर उनके और करण जौहर के बीच रचनात्मक टकराव होने की अफवाहें बाहर आई थीं। इसके बाद फिल्म को लेकर धर्मा प्रोडक्शन ने जानकारी दी थी कि इस फिल्म की दोबारा से कास्टिंग होगी। इसके अलावा अपने सह-कलाकारों के साथ कथित रोमांटिक रिश्ते की अफवाहों की वजह से भी उनका नाम चर्चा में लगातार बना रहा। हालांकि, अब अभिनेता ने दावा किया है, वो ऐसी परिस्थितियों से निपटना सीख चुके हैं। हाल में ही न्यूज 18 के साथ एक इंटरव्यू में उन्होंने इस विषय पर बात की है। अभिनेता ने कहा कि अब उन्होंने चुप रहना सीख लिया है। इसके साथ ही अब वह अपने विचारों को भी फिल्टर करते रहते हैं। अभिनेता ने कहा, मैं अब बहुत गंभीर हो गया हूं। मैं अब बोलने से पहले काफी सोचता हूं,लेकिन लोग अब ये भी ध्यान देते हैं कि ये इतना सोच समझ कर क्यूं बोल रहा है। विवादों को लेकर उन्होंने कहा, मुझे विवादों से जुड़ना या उनके बारे में बातें करना पसंद नहीं। शुरू से ही मेरी यही मानसिकता रही है। मुझे किसी विवाद में अपना नाम शामिल होते देखना अच्छा नहीं लगता, इसलिए मैं ज्यादातर चुप रहता हूं। मैं चाहता हूं कि मेरा काम बोले। कभी-कभी मैं मजाक में भी कुछ कहता हूं, तो वह सुर्खियां बन जाती हैं, इसलिए अब मैंने खुद को थोड़ा शांत कर लिया है।



# मैं एक्शन, ड्रामा, कॉमेडी हर तरह की भूमिकाएं करना चाहूंगी

2017 में पोस्टर बॉयज से डेब्यू करने वाली नेशनल क्रश तृप्ति डिमरी जल्द ही अपकमिंग फिल्म बैड न्यूज में नजर आने वाली हैं। अब तक ड्रामा फिल्में करने वाली एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें शुरू से ही कॉमेडी रोल मुश्किल लगते थे, लेकिन उनका मानना है कि एक कलाकार के तौर पर भूमिकाओं में विविधता बनाए रखना महत्वपूर्ण है। दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तृप्ति डिमरी ने कहा, मैंने हमेशा से ही ड्रामा फिल्मों में काम किया है, लेकिन मुझे लगता है कि एक कलाकार के तौर पर अलग-अलग चीजें करते रहना और खुद को चुनौती देते रहना बहुत जरूरी है। मुझे कॉमेडी शुरू से ही थोड़ी मुश्किल लगती है। लैला मजनू की एक्ट्रेस ने कहा, इसलिए, एक तरह से, यह मेरे लिए वाकई अच्छा रहा। एक्ट्रेस ने 2018 में लव पर स्क्वायर फुट से निर्देशन की शुरुआत करने वाले निर्देशक आनंद तिवारी का शुक्रिया अदा किया एक्ट्रेस ने कहा, मैं आनंद सर को दिल से शुक्रिया कहना चाहती हूं कि उन्होंने मुझे यह मौका दिया। शायद आपने मुझे पहले उस स्तर की कॉमेडी करते हुए नहीं देखा होगा। विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ काम करना मेरे लिए मुश्किल था, क्योंकि वे बहुत प्रतिभाशाली कलाकार हैं और उनकी कॉमिक टाइमिंग भी बहुत अच्छी है। तृप्ति डिमरी ने कहा, यह मेरे लिए मुश्किल था, लेकिन यह सीखने का एक अच्छा अनुभव था। मुझे लगता है कि जीवन में मैं एक्शन, ड्रामा, कॉमेडी और हर तरह की भूमिकाएं करना चाहूंगी। 2019 की फिल्म गुड न्यूज का सीक्वल बैड न्यूज सलोनी बग्गा की कहानी है, जो दो पुरुषों से जुड़वां बच्चों की मां बन जाती है।



# अभिषेक बच्चन बनेंगे 'किंग' की राह का सबसे बड़ा रोड़ा, तय हो गई शाहरुख से खतरनाक भिड़ंत




फिल्म 'फाइटर' से निर्माता बने सिद्धार्थ आनंद की कंपनी मारफिलक्स पिक्चर्स और शाहरुख खान की होम प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की अगली फिल्म 'किंग' में अभिषेक बच्चन की भी एंट्री हो गई है। इस फिल्म की शूटिंग की तैयारियों के लिए शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना के साथ बीते दिन ही लंदन वापस गए हैं। वह इस फिल्म की शूटिंग की तैयारियों के बीच से समय निकालकर ही अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में शामिल होने मुंबई आए थे। फिल्म 'कहानी' से हिंदी सिनेमा में अपनी लीक से इतर सोच के लिए मशहूर हुए निर्देशक सुजॉय घोष की पिछली फिल्म 'जाने जां' को भले हिंदी पट्टी के दर्शकों का उतना प्यार न मिला हो जितना उनकी पिछली फिल्मों 'तीन' और 'बदला' आदि को मिला, लेकिन सुजॉय घोष का सिनेमा अब भी हिंदी सिनेमा का लोकप्रिय सिनेमा माना जाता है। सिद्धार्थ आनंद और सुजॉय घोष अरसे से पिता-पुत्री की एक कहानी पर चर्चा करते रहे हैं। और, अब इसी कहानी पर फिल्म बनने जा रही है। हालिया रिलीज फिल्म 'महाराजा' जिन लोगों ने देखी है, उन्हें इस फिल्म में पिता-पुत्री की कहानियों को दर्शकों को मिलने वाले प्यार पर पूरा यकीन बनता दिखता है। खुद अभिषेक बच्चन अपनी अगली फिल्म में जो किरदार कर रहे हैं वह विदेश में एक बेटी की देखभाल करने वाले पिता का ही है। लेकिन, शाहरुख खान की सुजॉय घोष के निर्देशन में बन रही फिल्म 'किंग' में अभिषेक का काम थोड़ा टेढ़ा है। यहां वह 'किंग' की बेटी के लिए मुश्किलें खड़ी करने वाले हैं। जी हां, फिल्म 'किंग' में शाहरुख खान के सामने अभिषेक बच्चन विलेन बनने जा रहे हैं। अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान इसके पहले 'कभी अलविदा न कहना' और 'हैप्पी न्यू ईयर' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं और माना जाता है कि फिल्म 'किंग' में विलेन के रोल के लिए शाहरुख ने ही अभिषेक का नाम सुझाया और उन्होंने ही इस चयन पर मोहर भी लगाई है। अभिषेक बच्चन अपनी करियर में 'रावण' और 'गुरु' जैसी फिल्मों में एंटी हीरो किरदार कर चुके हैं, लेकिन किसी फिल्म मे संपूर्ण खलनायक बनने का उनका ये पहला मामला होगा। हालांकि, सुजॉय की पिछली फिल्म 'बॉब बिस्वास' में भी अभिषेक ने एक खूनी का ही किरदार निभाया था

# विक्की ने कैटरीना की प्रेंग्नेंसी की अफवाहों को किया खारिज

करण जौहर द्वारा निर्मित और आनन्द तिवारी द्वारा निर्देशित 19 जुलाई को प्रदर्शित होने वाली फिल्म बैड न्यूज इन दिनों चर्चाओं में है। इस फिल्म में नजर आने वाले विक्की कौशल इसके प्रचार में ल्गे हुए हैं, जिसके तहत वे लगातार मीडिया से बातचीत कर रहे हैं। उनसे बातचीत करते हुए पत्रकारों से बार-बार यह पूछा जाता है कि वे कब गुड न्यूज देने वाले हैं। हाल ही में दिए अपने एक साक्षात्कार में उन्होंने अब कैटरीना कैफ की प्रेग्नेसी को लेकर चल रही अफवाहों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कोई गुड न्यूज नहीं है सिर्फ बैड न्यूज है। अभिनेता अपनी आगामी फिल्म बैड न्यूज़ के प्रचार में व्यस्त हैं और दिल्ली में हैं। उन्होंने अफवाहों के बारे में बात करते हुए कहा कि ये सब झूठ है। विक्की ने यह भी कहा कि जब समय आएगा तो वे खुशखबरी साझा करके खुश होंगे। गुड न्यूज़ की बात जो आपने की, वो जब आएगी तो, वह और कैटरीना इसे खुशी-खुशी सभी के साथ साझा करेंगे। लेकिन तब तक, इसमें कोई सच्चाई नहीं है और यह सब झूठ है। अभी के लिए बैड न्यूज़ लीजिए, गुड न्यूज़ जब आएगी पता चल जाएगा।






## संक्षिप्त समाचार

### मैकोब्स टेक्नोलॉजिस लिमिटेड का आईपीओ खुला

**मुंबई, एजेंसी।** एक प्रीमियम मेंस ग्रुमिंग ब्रांड, मैकोब्स टेक्नोलॉजिस लिमिटेड ने 16 जुलाई, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग आईपीओ के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अपर बैंड पर 19.46 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमेज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे। आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने, कुछ बकाया कर्ज का प्रिपे या रिपे करने के लिए और आम कॉर्पोरेट कार्यों को पूरा करने के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन की बिडिंग 15 जुलाई, 2024 को खुलेगी, सभी अन्य श्रेणी के अभिदान के लिए इश्यू 16 जुलाई, 2024 को खुलेगा और 19 जुलाई, 2024 को बंद होगा. इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर एसकेआई कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार मांशीतला सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड है. मैकोब्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री दुष्यंत गंडोत्रा ने कहा, मैं सहर्ष मैकोब्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के आगामी आईपीओ की घोषणा करता हूं. यह महत्वपूर्ण सीमाचिन्ह इनोवेशन और हाई क्वालिटी प्रोडक्ट के साथ मेल ग्रूमिंग उद्योग में क्रांति पैदा करने के लिए हमारे निरंतर समर्पण की कसौटी है . इस आईपीओ से प्राप्त होने वाली धनराशि हमारे ई-कॉमर्स प्लेटफार्म को बढ़ाने के लिए, प्रोडक्ट डेवलपमेंट की गति तेज करने और हमारे ग्राहक आधार को बढ़ाने सहित हमारे व्यूहात्मक पहलों को आगे बढ़ाने में सहायक रहेगी. हमारा विजन श्रेष्ठ ग्रूमिंग सॉल्यूशंस से पुरुषों को सशक्त बनाना है, जो ना सिर्फ उनकी ज़रूरतें पूरी करेगा, बल्कि उनके विश्वास और वेलबीइंग को भी बढ़ाएगा. हम भविष्य और आगे आने वाले सुअवसरों के बारे में रोमांचित है.

### स्काईव्यू बाय एम्पायरियन भोपाल के कलाकार लाडो बाई और सरोज वेंकट श्याम की मेजबानी करेगा


**भोपाल।** जम्मू की सांस्कृतिक धरोहर से समृद्ध और सुंदर घाटी एक बार फिर दुनिया भर के कला-प्रेमियों और संग्राहकों का स्वागत करने के लिए तैयार है! 22 एकड़ का पर्वतीय बंदरगाह एम्पायरियन द्वारा स्काईव्यू, एक 22 एकड़ माउंटेन हार्बर जो संगेत-पटनीटॉप क्षेत्र में प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी, एडवेंचर, प्रकृति और विलासिता का सहज मिश्रण है, 22-25 अगस्त, 2024 के बीच अपने परिसर में इंटरैक्टिव आर्ट-रिट्रीट समा-वाया के दूसरे संस्करण की मेजबानी करने के लिए तैयार है। प्रमुख कला सलाहकार और क्यूरेटर अनुपा मेहता आयोजित तथा शिल्प क्यूरेटर अनु चौधरी सोरबजी द्वारा समर्थित, सम-वाय जिसका संस्कृत में अर्थ एकता होता है, भारत भर के प्रमुख कलाकारों और शिल्पकारों को एकत्रित करता है, विचारों का आदान-प्रदान करता है और उनके परिवेश से प्रेरित महाकाव्य रचनाएँ उत्पन्न करता है। कलाकार एकत्रित होकर अपने अनुभवों का अभिव्यक्ति करने के लिए जम्मू, पर्यावरण और एम्पायरियन द्वारा स्काईव्यू के बारे में व्यक्तिगत रूप से और जोड़ी बनाकर काम करेंगे। कृतिका और अन्य सभी कलाकारों के चित्रकला की प्रदर्शनी भी आगामी 25 अगस्त को स्काईव्यू बाय एम्पायरियन में प्रदर्शित की जाएगी। पिछले साल की सम-वाय आर्ट रिट्रीट की प्रतिक्रिया इतनी सकारात्मक थी कि हमें जम्मू की खूबसूरत पृष्ठभूमि में कला के सभी रूपों का उत्सव मनाने के लिए एक और संस्करण के साथ वापस आना पड़ा! मुझे खुशी है कि इस बार हमें शिल्प क्यूरेटर अनु चौधरी सोराबजी द्वारा अपनी शिल्प की विशेषज्ञता लाने का मौका मिला है।

# एक महीने में 12 लाख करोड़ की कमाई... कंपनियों ने भर दी सरकार की झोली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनावों के चार जून को आए परिणाम ने सरकारी कंपनियों के शेयरों में नई जान फूंक दी है। पिछले करीब एक महीने में इन शेयरों में भारी तेजी आई है। इससे पीएसयू के मार्केट कैप में करीब 12 लाख करोड़ की बढ़ोतरी की है। इस साल अब तक पीएसयू शेयरों की मार्केट वैल्यू में लगभग 22.5 लाख करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। इस तेजी से इन अटकलों को भी बल मिला है कि सरकार इन कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बेचकर पैसे जुटाने के बारे में सोच सकती है। फंड मैनेजरों का कहना है कि ऐसा होने पर शेयरों की तेजी प्रभावित हो सकती है।

MojoPMS के चीफ इनवेस्टमेंट ऑफिसर सुनील दमानिया ने कहा कि इस बात की काफी संभावना है कि सरकार कुछ पीएसयू में अपनी हिस्सेदारी कम करके धन जुटाना चाहेगी, जिससे उनकी कीमतों पर दबाव पड़ सकता है। चुनाव परिणामों के बाद पीएसयू के शेयरों में और तेजी आई। उम्मीद जताई जा रही थी कि सरकार की नीतियों को जारी रखने से इन कंपनियों को फायदा होगा। एक जुलाई से रेल विकास, इंडियन रिन्यूएबल, शिपिंग कॉरपोरेशन, मझगांव डॉक, ऑयल इंडिया, रेलटेल कॉर्प और कोचीन शिपयार्ड के शेयरों में 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की तेजी आई है। 31 मार्च तक के आंकड़ों के





मुताबिक सरकार के पास एलआईसी, आइआरएफसी, यूको बैंक सहित लगभग 10 लिस्टेड कंपनियों में 75 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी थी।

### कितने शेयर बेच सकती है सरकार

इंडियन ओवरसीज बैंक, मझगांव डॉक, फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर और जनरल इंश्योरेंस कॉर्प में भी सरकार की बड़ी हिस्सेदारी है। न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी नियम के तहत प्रमोटरों के पास किसी कंपनी के 75 प्रतिशत से अधिक शेयर नहीं होने चाहिए। अगर सरकार इस सीमा को पूरा करने के लिए शेयर बेचती है तो वह कम से कम 2.9 लाख करोड़ कमा सकती है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने एलआईसी को पहले 10 प्रतिशत सार्वजनिक हिस्सेदारी हासिल करने के लिए मई 2027 तक का समय दिया है। 12 में से पांच सरकारी बैंकों में सार्वजनिक हिस्सेदारी अभी भी 25 प्रतिशत से कम है। इन बैंकों के लिए न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी को पूरा करने की मौजूदा समय सीमा अगस्त 2024 है।

हालांकि सरकार एसेट सेल के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कोई जल्दबाजी नहीं कर रही है। पिछले साल के बजट में विनिवेश का लक्ष्य 51,000 करोड़ रखा गया था, जिसे बाद में घटाकर 30,000 करोड़ कर दिया गया था। फंड मैनेजरों और विश्लेषकों ने कहा कि हालिया उछाल के बाद इनमें से कई शेयरों का मूल्यांकन महंगा है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट वीके विजयकुमार ने कहा कि कई पीएसयू ऐसे शेयर बन गए हैं जिनमें सट्टेबाज बहुत ज्यादा कारोबार करते हैं। भले ही इन क्षेत्रों के लिए संभावनाए कई वर्षों तक उज्ज्वल दिखती हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में मूल्यांकन के लिहाज से कोई राहत नहीं है क्योंकि उनमें से कई ने पहले ही कुछ वर्षों के लिए आय में कटौती कर दी है।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स ख्नष्टञ्ज, हिंदुस्तान कॉपर, मिश्र धातु निगम और रेलटेल कॉर्प जैसे पीएसयू शेयर 100 से अधिक के प्राइस-टू-अर्निंग (क्क्ष) अनुपात पर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी लगभग 22 गुना के क्क्ष अनुपात पर कारोबार कर रहा है। दमानिया ने कहा कि कई पीएसयू कंपनियों के लिए स्थिर व्यावसायिक दृष्टिकोण के बावजूद, इन समृद्ध मूल्यांकनों से आगे कीमतों में वृद्धि की संभावना सीमित है। शेयरखान के प्रमुख (कैपिटल मार्केट स्ट्रैटजी) गौरव दुआ ने कहा कि खुदरा निवेशक सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज एक्सचेंज ट्रेडेड फंड के जरिए शेयरों में तेजी का फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि कई पीएसयू इंजीनियरिंग शेयर और पीएसयू बैंक शेयर फंडामेंटल्स से आगे निकल गए हैं और अब बहुत सेलेक्टिव होने की जरूरत है। अब भी पीएसयू पावर और गैस से संबंधित शेयरों में संभावनाएं हैं।

# ट्रंप के समर्थक समूह को 4.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर देंगे एलन मस्क, रिपोर्ट में दावा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति पद की दौड़ का समर्थन करने वाली एक नई सुपर पॉलिटिकल-एक्शन कमेटी को एक महीने में यूएसडी 45 मिलियन देने की योजना बना रहे हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इस मामले से परिचित लोगों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। अमेरिकन पीएसी नामक समूह के अन्य समर्थकों में पलान्टिर टेक्नोलॉजीज, ग्रीन अप पॉइंटिंग ट्रायंगल के सह-संस्थापक जो लोंसडेल, विंकलेवॉस, कनाडा में पूर्व अमेरिकी राजदूत केली क्राफ्ट और उनके पति, जो क्राफ्ट, जो कोयला उत्पादक एलायंस रिसोर्स पार्टनर्स एआरएलपी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं शामिल हैं। अमेरिका पीएसी का गठन जून में किया गया था। इसका उद्देश्य मतदाताओं को पंजीकृत करने और घटकों से जल्दी मतदान करने और स्विंग राज्यों में मेल से मतपत्रों का अनुरोध करने पर केंद्रित है। गठबंधन ने आकलन किया कि डेमोक्रेट्स ने ऐतिहासिक रूप से बहुत मजबूत गेट आउट द वोट अभियान चलाए हैं। अमेरिका पीएसी इसका मुकाबला करने का प्रयास करेगी। वर्तमान में, मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं, जिनकी अनुमानित संपत्ति 250 बिलियन अमेरिकी डॉलरसे अधिक है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, मस्क ने कहा है कि वह अमेरिका पीएसी को धन देने की योजना बना रहे हैं, यह एक असाधारण राशि है। 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अब तक का सबसे बड़ा ज्ञात दान 50 मिलियन डॉलर है, जिसे बैंकर थॉमस मेलन के परपोते ने ट्रम्प का समर्थन करने वाले सुपर पीएसी को दिया है।

# दिवालिया हुई एक और कंपनी, 18000 करोड़ का कर्ज, 10 से कम रह गई शेयर की कीमत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने जीवीके पावर एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिवालिया घोषित कर दिया है। ट्रिब्यूनल की हैदराबाद पीठ ने साथ ही कंपनी के खिलाफ कॉरपोरेट इन्सॉलवेंसी रेजॉल्यूशन प्रोसेस भी शुरू कर दिया है। यह मामला 18,000 करोड़ रुपये के लोन के भुगतान में डिफॉल्ट से जुड़ा है। लोन देने वाले बैंकों में आईसीआईसीआईसीआई बैंक और दूसरे कई अन्य लेंडर्स शामिल है। इन बैंकों से जीवीके कोल डेवलपर्स (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड ने करीब एक दशक पहले लोन लिया था। इसमें गारंटर थी। एनसीएलटी ने आईसीआईसीआईसीआई की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह




फैसला दिया। इसे 15 जुलाई को जारी किया गया।

इस बीच जीवीके पावर के शेयरों में 5 प्रतिशत का लोअर सर्किट छू लिया। बीएसई पर कंपनी का शेयर 9.64 रुपये पर आ गया। पिछले एक महीने में इसमें 14.61 फीसदी गिरावट आई है। बीएसई और एनएसई ने कंपनी के शेयरों को लॉन्ग टर्म एडिशनल सर्विलांस फ्रेमवर्क में डाल दिया है। निवेशकों को भारी उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए ऐसा किया गया है। कंपनी का शेयर 5 दिन, 10 दिन, 20 दिन, 30 दिन, 50 दिन, 100 दिन, 150 दिन और 200 दिन के सिंपल मूविंग एवरेज से नीचे ट्रेड कर रहा है। इसका 14 दिन का रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स 27.42 है। इसका 30 से कम होना ओवरसोल्ड माना जाता है जबकि 70 से ऊपर होना ओवरबॉट माना जाता है।

### शेयर का हाल

कंपनी के स्टॉक का प्राइस-टु-इक्विटी रेश्यो 248.65 है जबकि इसकी प्राइस टु बुक वैल्यू 1.83 है। इसकी अर्निंग्स पर शेयर 0.04 और रिटर्न ऑन इक्विटी 0.73 है। इस शेयर का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 17.00 रुपये और न्यूनतम स्तर 2.42 रुपये हैं।

# 40,000 करोड़ रुपए का इक्विटी फंड जुटाने की तैयारी में बैंक


**मुंबई, एजेंसी।** इस वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही में बैंक लगभग 40,000 करोड़ रुपए का इक्विटी फंड जुटाने की तैयारी कर रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि वे पूंजी का उपयोग बैलेंस शीट को मजबूत करने के लिए करेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के निदेशक मंडल ने 7,500-7,500 करोड़ रुपए जुटाने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि वह 6,000 करोड़ रुपए जुटाने के लिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के साथ-साथ अन्य इक्विटी मार्गों का विकल्प चुन सकता है। पीएनबी, यूनियन बैंक ऑफ



इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपनी आगामी वार्षिक आम बैठकों में धन जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी लेंगे। पूंजी जुटाने वाले बैंकों में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक भी शामिल हैं, दोनों क्यूआईपी के जरिए 5,000-5,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रहे हैं। आरबीएल बैंक ने कहा कि वह 3,500 करोड़ रुपए जुटा सकता है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक भी ऋण वित्तपोषण के माध्यम से 6,000 करोड़ रुपए अतिरिक्त जुटाने की योजना बना रहा है। मोतीलाल ओसवाल के बैंकिंग विश्लेषक नितिन अग्रवाल ने कहा, पीएनबी को तत्काल फंड की जरूरत है क्योंकि उनकी सीक्वेन्शनल ग्रोथ 5 प्रतिशत रही है और अगर वृद्धि और तेज होती है तो उन्हें पूंजी की जरूरत होगी। विश्लेषकों का कहना है कि बैंकों का लक्ष्य बैलेंस शीट को मजबूत करना तथा आरबीआई द्वारा निर्धारित ऋण वृद्धि आवश्यकताओं को पूरा करना है।

# आंकड़े : चुनौतियों के बावजूद 2.56 फीसदी ज्यादा निर्यात, व्यापार घाटा भी बढ़ा ; आयात 5 प्रतिशत बढ़कर 56.18 अरब पहुंचा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश से वस्तुओं का निर्यात जून, 2024 में सालाना आधार पर 2.56 फीसदी बढ़कर 35.2 अरब डॉलर पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में 34.32 अरब डॉलर की वस्तुओं का निर्यात किया गया था। व्यापार घाटा भी पिछले माह 9.32 फीसदी बढ़कर 20.98 अरब डॉलर पहुंच गया। जून, 2023 में यह 19.19 अरब डॉलर था। मई में देश का व्यापार घाटा सात महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया।



वाणिज्य मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कच्चे तेल, दालों और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की खरीदारी बढ़ने से जून में वस्तुओं का आयात भी करीब 5 फीसदी बढ़कर 56.18 अरब डॉलर पहुंच गया। जून, 2023 में 53.51 अरब डॉलर का आयात किया गया था। सेवाओं का निर्यात भी जून में 27.79 फीसदी बढ़कर 30.27 अरब डॉलर पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में 27.79 अरब डॉलर की सेवाओं का निर्यात किया गया था। सेवा आयात 15.61 अरब डॉलर से 10.76 फीसदी बढ़कर 17.29 अरब डॉलर पहुंच गया। कॉफी का निर्यात पिछले महीने सालाना आधार पर 70.02 फीसदी बढ़कर 0.20 अरब डॉलर पहुंच गया। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का निर्यात भी 16.91 फीसदी बढ़कर 2.82 अरब डॉलर पहुंच गया। इस दौरान 2.47 अरब डॉलर की दवाओं का निर्यात किया गया, जो सालाना आधार पर 9.93 फीसदी ज्यादा है।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में देश से करीब 200 अरब डॉलर की वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात किया गया है। अगर मौजूदा रुझान जारी रहा तो वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात चालू वित्त वर्ष में निश्चित रूप से 800 अरब डॉलर के पार पहुंच जाएगा। बर्थवाल ने कहा, वाणिज्य मंत्रालय निर्यात को बढ़ावा देने के लिए छह प्रमुख क्षेत्रों और 20 देशों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इन क्षेत्रों में इंजीनियरिंग, कपड़ा-परिधान, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवा, रसायन-प्लास्टिक और कृषि शामिल हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, जून में कच्चे तेल का आयात 19.62 फीसदी बढ़कर 15 अरब डॉलर पहुंच गया। हालांकि, सोने के आयात में 38.66 फीसदी की बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इस अवधि में कुल तीन अरब डॉलर का सोना आयात किया गया। खाद, क्रूड और मैन्युफैक्चर्ड उत्पादों के आयात में भी 36.44 फीसदी की गिरावट दर्ज की गईहै। भारत ने जिन सात देशों को सबसे ज्यादा निर्यात किया, उनमें अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, मलयेशिया, बांग्लादेश, तंजानिया, नीदरलैंड और सिंगापुर शामिल हैं।

# नागालैंड के आर्थिक विकास के लिए तिजु जुंकी नदी का कार्गो और यात्री परिवहन के लिए उपयोग करने की योजना: सर्बानंद सोनोवाल

**दीमापुर, एजेंसी।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज यहां आयोजित हितधारकों के सम्मेलन में नागालैंड की जलमार्ग क्षमताओं को कुशल बनाने के उद्देश्य से आज प्रमुख पहलों की घोषणाएं की हैं। नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने सर्बानंद सोनोवाल के साथ मिलकर तिंजु-जुकी (राष्ट्रीय जलमार्ग 101) के विकास की घोषणाएं की हैं। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) तथा परिवहन विभाग, नागालैंड सरकार मिलकर इस बारे में क्षमताओं का अध्ययन करेंगे। रियो और सोनोवाल ने राज्य में दोयांग नदी की पर्यटन संभावनाओं के विकास




के लिए पहल करने की भी घोषणा की है। इस सिलसिले में सामुदायिक जेट्टियों और रो पैक्स फेरी संबंधी व्यावहारिकता अध्ययन भी किया जाएगा। इन प्रयासों से राज्य की पर्यटन संभावनाओं को बल मिलेगा। ये घोषणाएं पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की नोडल एजेंसी भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा आयोजित हितधारक सम्मेजल में आयोजित एक इंटरेक्टिव सत्र के दौरान की गई। इस सम्मेलन में राज्य के उप मुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन, पर्यटन मंत्री टेम्ज़ेन इम्ना अलोंग के अलावा लोकसभा सांसद एसएस जामिर, राज्य सभा सांसद फांगनॉन कोन्याक, विधायक एवं सलाहकार, नागालैंड एम यान्थान, विधायक एवं सलाहकार परिवहन एवं तकनीकी शिक्षाटेम्जेनमेनबा, विधायक एवं सलाहकारएसके यिमचुंगेर, विधायक नागालैंड जेडएन न्यूथे, विधायक नागालैंड सीके संतम, के अलावा आईडब्ल्यूएआई के वाइस चेयरमैन सुनील सिंह, आयुक्त एवं सचिव, परिवहन विभाग, नागालैंड सरकार तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों के कुछ वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# पीटीसी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड बोर्ड ने क्वालीफाईड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के द्वारा 700 करोड़ रुपये के फंड बढ़ाने को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिटिकल एप्लिकेशन्स के लिए सटीक मेटल कंपोनेंट्स के लीडिंग इंडियन मैन्युफैक्चरर, पीटीसी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (बीएसईः 539006, एनएसई) ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने योग्य संस्थान प्लेसमेंट के माध्यम से कंपनी के सदस्यों के अनुमोदन और आवश्यकतानुसार अन्य रेगुलेटरी/स्टेट्यूटरी अप्रूवल सहित आवश्यक अनुमोदन के अधीन 700 करोड़ रुपये तक की धनराशि जुटाने को मंज़ूरी दे दी है। हाल ही में, एयरोस्पेस में विभिन्न क्रिटिकल और सुपर-क्रिटिकल एप्लिकेशन्स के लिए स्ट्रेटिजिक और महत्वपूर्ण सामग्रियों और हाई इंटीग्रिटी मेटल कंपोनेंट्स के

PTC INDUSTRIES

ASPIRE • INNOVATE • ACHIEVE

निर्माता, एरोलॉय टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (पीटीसी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड 6एटीएल8 की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) ने घोषणा की कि एयरो-इंजन और इंडस्ट्रीयल गैस टरबाइन एप्लिकेशन्स के लिए सिंगल क्रिस्टल और डायरेक्शनली सॉलिडिफाइड ब्लेड और वेन के निर्माण के लिए सबसे उन्नत कास्टिंग टेक्नोलॉजी को हम सफलतापूर्वक डेवलप कर चुके हैं। कंपनी ने इस मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को अपनी लखनऊ फैसिलिटी में स्थापित किया है। यह तकनीकी जानकारी पीटीसी को भारत में और दुनिया में बहुत कम कंपनियों के बीच ऐसी क्षमता रखने वाली एकमात्र कंपनी बनाती है। अब तक इस टेक्नोलॉजी को बहुत ही बारीकी से संरक्षित रखा गया है और विकासशील दुनिया के किसी भी देश के लिए इस तकनीक तक पहुंच प्रतिबंधित रही है। कंपनी द्वारा इस स्वदेशी क्षमता का निर्माण कंपनी के लिए अपने व्यापक उद्देश्य (धर्म) - समता प्राप्त करने की दिशा में एक प्रमुख माइलस्टोन है। यह क्षमता और इससे संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी को सिंगल क्रिस्टल या डायरेक्शनली सॉलिडिफाइड जैसे अत्यधिक विशिष्ट माइक्रोस्ट्रक्चर के साथ कॉम्प्लेक्स इन्टर्नल हॉलो (खोखला) कूलिंग पैसेज के साथ एयरफॉइल (ब्लेड और वेन) का उत्पादन करने में सक्षम करेगा। यह मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी बेहद विशिष्ट है और पारंपरिक रूप से दुनिया-भर के 3-4 देशों में उद्योग जगत के नेताओं द्वारा इसकी बारीकी से निगरानी की जाती है।

पेरिस ओलंपिकः

## भारत को टेबल टेनिस में पहला पदक जीतने की उम्मीद, इन खिलाड़ियों पर रहेगा दारोमदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक में पहली बार ऐसा होने जा रहा है जब पुरुष और महिला भारतीय टीम एक साथ पेरिस ओलंपिक में शिरकत करेंगी। टेबल टेनिस में भारतीय चुनौती की जिम्मेदारी पांचवां ओलंपिक खेलने जा रहे अचंत शरत कमल और मनिका बत्रा के कंधों पर रहेगी। पेरिस ओलंपिक की शुरुआत में अब ज्यादा दिन शेष नहीं रह गए हैं। भारतीय दल से इस बार काफी उम्मीदें है और टेबल टेनिस खिलाड़ी भी पदक के लिए पूरा दम लगाने को लेकर पूरी तरह तैयार हैं। 1988 ओलंपिक में भारत पहली बार टेबल टेनिस में खेलने उतरा था, लेकिन अब तक टीम को इन खेलों में कभी सफलता नहीं मिली है। देश को उम्मीद है कि इस बार टेबल टेनिस में भी भारत पदक का खाता खोलेगा।

**पहली बार पुरुष और महिला भारतीय टीम एक साथ करेगी शिरकत** – ओलंपिक में पहली बार ऐसा होने जा रहा है जब पुरुष और महिला भारतीय टीम एक साथ पेरिस ओलंपिक में शिरकत करेंगी। टेबल टेनिस में भारतीय चुनौती की जिम्मेदारी पांचवां ओलंपिक खेलने जा रहे अचंत शरत कमल और मनिका बत्रा के कंधों पर रहेगी। वहीं, विश्व कप 25 श्रीजा अकुला भी कमाल कर सकती हैं। भारत ने इस खेल में कभी पदक नहीं जीता है, लेकिन पेरिस में हिस्सा ले रही टीम अपने दिन किसी भी टीम को हराने में सक्षम है। श्रीजा अकुला ने बीते महीने ही डब्ल्यूटीटी कटेंडर का खिताब जीता था। सऊदी स्मैश के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली मनिका की विश्व रैंकिंग 28 है। अर्चना कामथ 123वें नंबर पर है, जबकि शरत कमल 40वें, मानव ठक्कर 56वें और हरमीत देसाई 86वें नंबर पर हैं।

**जर्मनी में तैयारी कर रही है टीम** – भारतीय टीम इस वक्त जर्मनी के सारब्रुकेन में तैयारी कर रही है। टीम के साथ इटली के कोच मासीमो कांस्टेंटीनी हैं, लेकिन मनिका बत्रा और शरत समेत ज्यादातर खिलाड़ियों ने अपने निजी प्रशिक्षकों को वरीयता दी है।

**टेबल टेनिस दल में सबसे ज्यादा सहयोगी स्टाफ** – पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी भारतीय टेबल टेनिस टीम में खिलाड़ियों से ज्यादा संख्या सहयोगी स्टाफ की है। ओलंपिक से पहले तीसरी बार भारत के मुख्य कोच के तौर पर लौटे इटली के मास्सिमो कोंस्टेंटिनी के साथ राष्ट्रीय कोच के तौर पर पूर्व खिलाड़ी सौरव चक्रवर्ती हैं।

# विराट की गाली, शुभमन को कप्तानी नहीं आती...

## अमित मिश्रा के 3 खुलासे जिसने क्रिकेट जगत को हिलाकर रख दिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने अपने ताजा इंटरव्यू में एक के बाद एक कई धमाकेदार खुलासे किए हैं। विराट कोहली के बदले एटिट्यूड से लेकर रोहित शर्मा के स्वभाव तक। केएल राहुल की आईपीएल में बहस से लेकर गिल की कप्तानी तक उन्होंने हर मुद्दे पर बेबाकी से राय रखी। भारत के पूर्व स्टार स्पिनर अमित मिश्रा हाल ही में एक यूट्यूबर के पॉडकास्ट में पहुंचे, जहां उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम, उसके खिलाड़ी और ड्रेसिंग रूम के बारे में कई खुलासे किए हैं। सोशल मीडिया पर इंटरव्यू के कुछ हिस्से वायरल हो चुके हैं। अब हर ओर अमित मिश्रा के इसी इंटरव्यू की चर्चा है। कप्तानी के बाद विराट कोहली का बदला एटिट्यूड, रोहित शर्मा का मजाकिया बिहेवियर, आईपीएल 2023 के दौरान गौतम गंभीर और विराट कोहली के बीच तीखी नोकझोक से लेकर आईपीएल 2024 में मालिक संजीव गोयनका का केएल राहुल को हड़काने तक, मिश्रा जी ने कई बातों से पर्दा उठाया है। चलिए एक नजर डालते हैं, अमित मिश्रा के इंटरव्यू की तीन बड़ी बातों पर...



**फेम और पावर मिलते ही बदल गए कोहली** – 2008 में भारत के लिए डेब्यू करने वाले अमित मिश्रा ने भारत के लिए 22 टेस्ट खेले हैं। कोहली के साथ अपने रिश्ते पर उन्होंने कहा, मैंने विराट को बहुत बदलते देखा है। हमने बात करना लगभग बंद कर दिया था। जब कोई आदमी मशहूर हो जाता है या उसके पास पावर आती है तो वो सोचने लगता है कि मेरे पास हर शख्स किसी जरूरत से ही आता है। मैं चीकू को तब से जानता हूं जब वह 14 साल के थे। जब वह समोसा खाते थे, जब उन्हें हर रात पिज्जा की जरूरत होती थी, लेकिन चीकू और कप्तान विराट कोहली में बहुत अंतर है। जब भी वह मुझसे मिलते हैं तो काफी सम्मान देते हैं, लेकिन अब वह पहले जैसा नहीं रहे।

### शुभमन गिल को कप्तानी नहीं आती

अमित मिश्रा ने पॉडकास्ट के दौरान गिल को भारतीय टीम की कप्तानी सौंपने के फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, मैं शुभमन गिल को कप्तान नहीं बनाऊंगा, मैंने उसे आईपीएल में देखा था, उसके पास कप्तानी का आइडिया ही नहीं है। सिर्फ इसलिए कि वह भारतीय टीम का हिस्सा हैं, उसे कप्तान नहीं बनाया जाना चाहिए। भारतीय टीम ने उन्हें कप्तान इसलिए बनाया, क्योंकि वो उन्हें लीडरशिप का अनुभव देना चाहते थे।

### राहुल और गोयनका की तीखी बहस

आईपीएल 2024 के दौरान लखनऊ सुपरजाएंट्स के मालिक संजीव गोयनका और टीम के कप्तान केएल राहुल के बीच हुई तीखी बहस के बारे में अमित मिश्रा ने बताया, मैच तो हम 10 ओवर ही हार गए थे। ऐसा लग रहा था कि हम नेट्स में बॉलिंग कर रहे हैं। उस व्यक्ति का गुस्सा होना जायज है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह भारतीय टीम में हैं या नहीं। हो सकता है कि अगले सीजन में लखनऊ सुपरजायंट्स किसी और को कप्तान बना दें।

# शुभमन गिल ने कर दिया खेल, अब हार्दिक पंड्या का कप्तानी से कट जाएगा पत्ता?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक ओर भारतीय टी20 इंटरनेशनल टीम की कप्तानी को लेकर अटकलों का बाजार तेज है और माना जा रहा है कि हार्दिक पंड्या हिटमैन रोहित शर्मा की जगह लेंगे। विरासत का नेता चुना जाए इससे पहले दूसरी ओर जिम्बाब्वे को बुरी तरह हराने के बाद शुभमन गिल ने भी दावा ठोक दिया है। रिपोर्ट्स हैं कि श्रीलंका दौरे के लिए जब टीम चुनी जाएगी तो रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने को लेकर औपचारिकता भी पूरी कर ली जाएगी।



इस बीच जिम्बाब्वे को रौंदने के बाद शुभमन गिल ने बड़ा बयान दिया है। उनका मानना है कि कप्तानी से उनका सर्वश्रेष्ठ सामने आता है। हरारे में जिम्बाब्वे पर भारत को 4-1 से टी20 सीरीज में जीत दिलाने के बाद गिल ने कप्तानी के बारे में कहा- यह कुछ ऐसा है जिसका मैं निश्चित रूप से आनंद लेता हूं। मुझे लगता है कि जब मैं मैदान पर होता हूं तो इससे मेरा सर्वश्रेष्ठ निकलकर आता है। यह कुछ ऐसा है जो वास्तव में मेरे उस पक्ष को सामने लाता है जिसका मैं मैदान पर खेलना पसंद करता हूं।

**क्यों और कैसे शुभमन गिल ने ठोका कप्तानी के लिए दावा** – अधिकांश वरिष्ठ खिलाड़ियों के आराम करने के बाद गिल को अपने करियर में पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी करने के लिए कहा गया। उनका कार्यकाल मुश्किलों से भरा रहा, क्योंकि भारत सीरीज के शुरुआती गेम में हार गया था, लेकिन उन्होंने जल्दी ही अपनी लय पकड़ ली और मेहमान टीम ने अगले चार गेम में आसान जीत दर्ज की। भारत जिम्बाब्वे दौरे पर अपेक्षाकृत कम अनुभव वाली टीम के साथ गया था, जिसमें कई खिलाड़ी अभी भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नए हैं। गिल खुद भी सीरीज में आने से पहले सिर्फ 14 टी20 मैच खेल चुके थे, लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसे असाधारण प्रतिभाशाली खिलाड़ियों वाली युवा टीम की अगुआई करने का मौका मिलना अद्भुत था।

पेरिस ओलिंपिक्स 2024

# एफिल से ऊंचे इरादे, इस बार लगेगा तीर निशाने पर!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पहली बार 1988 के सियोल ओलिंपिक्स में आर्चरी में हिस्सा लिया था। उसके बाद से देश में कई तीरंदाजों ने उम्मीदें जगाई, लेकिन दुनिया भर में कई प्रतियोगिताओं में स्वर्णिम सफलताओं के बावजूद ओलिंपिक्स में इस खेल में भारत का खाता नहीं खुल सका है। पैरिस में भारत के छह तीरंदाज उतरेंगे। एक बार फिर वही सवाल होगा कि क्या इस बार भारतीय तीर निशाने पर लगेगा। दीपिका कुमारी और तरुणदीप राय का यह चौथा ओलिंपिक्स है। चालीस साल के तरुणदीप ने पहली बार 2004 एथेंस ओलिंपिक्स में हिस्सा लिया था। प्रवीण जाधव ने तोक्यो ओलिंपिक्स में भी हिस्सा लिया था और मिक्स्ड टीम इवेंट में दीपिका के साथ क्वॉर्टर फाइनल तक पहुंचे थे। दीपिका ने इंडिविजुअल इवेंट में भी क्वॉर्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। मेंस टीम इवेंट में भी भारत ने अंतिम-8 में जगह बनाई थी। इस बार आगे बढ़ने की बारी है।

बाईस साल के धीरज बोम्मादेवरा ने इस साल वर्ल्ड कप में व्यक्तिगत स्पर्धा में ब्रॉन्ज जीतकर उम्मीदें जगाई हैं। इसी तरह 18 साल की भजन कौर तुर्की में आयोजित ओलिंपिक्स क्वालीफायर में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। धीरज और भजन से मेडल की उम्मीदें होंगी। हालांकि, ओलिंपिक्स का चैलेंज थोड़ा अलग और अधिक कठिन होगा। वहां परंपरागत रूप से सबसे तगड़ी टीम साउथ कोरिया के अलावा मेजबान फ्रांस, अमेरिका, ब्राजील, इटली, तुर्की से भारत को कड़ी चुनौती मिलेगी।

## श्रीराम बालाजी को लेकर बोपन्ना ने कही ये बात, मजबूत जोड़ीदार नहीं मिलने पर भी रखी राय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेनिस टीम के अनुभवी खिलाड़ी रोहन बोपन्ना पेरिस ओलंपिक में दमदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। बोपन्ना का यह अंतिम ओलंपिक होगा जिसमे वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे। बोपन्ना पेरिस खेलों में अपने जोड़ीदार एन श्रीराम बालाजी के साथ उतरेंगे। कहा जा रहा है कि बालाजी मजबूत जोड़ीदार नहीं है, लेकिन बोपन्ना को इसे लेकर कोई शिकायत नहीं है और उन्होंने बालाजी की काफी सराहना की है। भारत के इस अनुभवी टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में उनके जोड़ीदार एन श्रीराम बालाजी काफी आक्रामक खिलाड़ी हैं और बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम भी हैं। बोपन्ना अगर विश्व डबल्स रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर होते तो भारत का कोई खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में इस वर्ग में नहीं होता। 44 वर्ष के बोपन्ना को बालाजी और युकी भांबरी में से चुनना था और अपने कोच स्कॉट डेविडॉफ और बालाचंद्रन मणिकांत से मशविरे के बाद उन्होंने बालाजी को चुना।



**बालाजी काफी आक्रमक खिलाड़ी हैं** – बोपन्ना ने न्यूज एजेंसी से कहा, मेरा मानना है कि हमारे पास हर मैच जीतने का मौका है। हम सिर्फ भागीदारी के लिए नहीं जा रहे। हम पूरी तैयारी के साथ जाएंगे। एक टीम के रूप में हमारा वही मकसद है। बालाजी काफी आक्रामक खिलाड़ी हैं। हम क्ले कोर्ट पर खेल रहे हैं और उस पर बालाजी बेहतर जोड़ीदार साबित होगा। फिलहाल मैं मैथ्यू एबडेन के साथ खेलता हूं जो क्ले पर अधिक फुर्तीला और आक्रामक है। क्ले कोर्ट पर मुझे ऐसा जोड़ीदार चाहिए जो उस कोर्ट पर मेरे साथ अच्छा तालमेल बना सके। हार्ड कोर्ट या ग्रासकोर्ट पर मैं युकी को चुनता।

## भारतीय क्रिकेटर्स को नेशनल ड्यूटी से फ्री रहने पर घरेलू क्रिकेट के लिए रहना होगा उपलब्ध, जय शाह ने इन 3 खिलाड़ियों को दी छूट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डोमेस्टिक क्रिकेट को नजरअंदाज करने पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इशान किशन और श्रेयस अय्यर पर कड़ा एक्शन लिया था। इस साल की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया था। बोर्ड इसे लेकर नरमी के मूड में नहीं है। हालांकि, उसने कुछ खिलाड़ियों को इससे छूट देने का फैसला किया है।



बीसीसीआई सचिव जय शाह ने स्पष्ट कर दिया है कि स्टार क्रिकेटरों को भी राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने से फ्री होने पर घरेलू मैचों के लिए उपलब्ध रहना होगा। हालांकि, रोहित शर्मा, विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों को छूट दी जाएगी। वे खुद फैसला करेंगे कि खेलेंगे या नहीं।

**दलीप ट्रॉफी खेलना होगा** – बीसीसीआई चाहेगा कि इन तीनों खिलाड़ियों के अलावा अन्य सभी टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ी अगस्त में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों से पहले दलीप ट्रॉफी के कम से कम एक या दो मैच खेलें। दलीप ट्रॉफी के लिए क्षेत्रीय चयन समिति के बजाय राष्ट्रीय चयन समिति ही चयन करेगी। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड से टेस्ट सीरीज घरेलू सरजमीं पर होनी है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिहाज से दोनों सीरीज महत्वपूर्ण होंगी। इसके अलावा साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी जाना है।

**दलीप ट्रॉफी के लिए कोई क्षेत्रीय चयन समिति नहीं** – बीसीसीआई के सूत्र के हवाले से बताया, इस बार दलीप ट्रॉफी के लिए कोई क्षेत्रीय चयन समिति नहीं है। केवल राष्ट्रीय चयन समिति ही दलीप टीमों का चयन करेगी। सभी टेस्ट टीम के दावेदारों का चयन किया जाएगा। रोहित,विराट और बुमराह अपनी मर्जी से फैसला लेंगे कि वे खेलना चाहते हैं या नहीं।

पेरिस ओलंपिक

## पेरिस में पदक का रंग बदलने के लिए तैयार हैं हॉकी खिलाड़ी ललित, ग्रुप को लेकर कही ये बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो 2020 में लंबा इंतजार खत्म करते हुए कांस्य पदक जीता था। टीम हालांकि 1980 मॉस्को ओलंपिक के बाद से स्वर्ण पदक नहीं जीत सकी है और टीम के अनुभवी फॉरवर्ड खिलाड़ी ललित उपाध्याय को यकीन है कि भारत इस बार पदक का रंग बदलने में सफल रहेगा। ललित 41 साल बाद पदक जीतने वाली पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे थे।

भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक से पहले मानसिक दृढता के लिए स्विटजरलैंड के माइक होर्न्स बेस में तीन दिवसीय शिविर के बाद अब नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी। भारत के लिए 168 मैचों में 45 गोल कर चुके ललित ने कहा, हमें पता है कि उम्मीदें बढ़ी हुई हैं क्योंकि लंबे समय बाद हमने ओलंपिक पदक जीता था। हमें भी खुद से पूरी उम्मीद है कि पदक का रंग बदलेंगे। हमने पिछले चार साल में फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है जो मैदान पर नजर आ रही है। फिटनेस में हम दुनिया की शीर्ष टीमों के समकक्ष हैं। युवा खिलाड़ियों के साथ सीनियर्स की फिटनेस का स्तर भी जबरदस्त है।



**भारत को मिला है कठिन ग्रुप** – भारतीय हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक में पूल चरण में ही आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, अर्जेंटीना जैसे दिग्गजों का सामना करना है। भारत को पेरिस ओलंपिक में पूल बी के पहले मैच में 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से, 29 जुलाई को रियो ओलंपिक 2016 चैंपियन अर्जेंटीना, 30 जुलाई को आयरलैंड, एक अगस्त को टोक्यो ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम और दो अगस्त को पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से खेलना है।

**कठिन पूल मिलने से परेशान नहीं हैं ललित** – ललित ने कहा, ओलंपिक में पूल पर ध्यान देना बेमानी है क्योंकि सभी टीमें पूरी तैयारी के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आती हैं। हम मैच दर मैच रणनीति बनाएंगे और हर मैच में सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारतीय टीम के 11 खिलाड़ी पेरिस में भी खेलेंगे जबकि पांच खिलाड़ियों का पहला ओलंपिक है। ललित ने हालांकि कहा कि युवा खिलाड़ी भी इतना खेल चुके हैं कि ओलंपिक का दबाव आसानी से झेल लेंगे। उन्होंने कहा, ये लड़के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं जहां ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने का काफी दबाव होता है ।

# क्या BCCI टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान भेजेगी?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड लगातार टीम इंडिया को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने मुल्क बुलाने के लिए दबाव बना रहा है। जबकि, भारतीय टीम का पाकिस्तान की यात्रा करना लगभग असंभव है। बीसीसीआई ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हालांकि, बीसीसीआई ने इस बात पर कड़ा रुख दिखाया है कि क्रिकेट खेलने के लिए पाकिस्तान जाने का निर्णय पूरी तरह से भारत सरकार का फैसला होगा। पिछले साल भारत ने एशिया कप के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था और फाइनल समेत अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। उस समय एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान के पास थी, लेकिन भारत के कारण पाकिस्तान को श्रीलंका के साथ मेजबानी साझा करनी पड़ी। पाकिस्तान में 28 साल बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट आयोजित होने जा रहा है। पीसीबी अच्छी तरह वाकिफ है कि अगर उसे टूर्नामेंट की पूरी मेजबानी अपने पास रखनी है, तो भारतीय टीम का पाकिस्तान आना जरूरी है। इसलिए पीसीबी इस बार मेजबानी पूरी तरह अपने पास रखने के लिए भारत को अपने देश बुलाने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है।

टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने का मुद्दा गर्म हो चुका है। लगातार दूसरे टूर्नामेंट की पूरी मेजबानी हाथ से जाती हुई देख रही पीसीबी बौखला गई है और बीसीसीआई से लिखित में जवाब मांग लिया है मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पीसीबी चाहता है कि बीसीसीआई लिखित सबूत दे कि भारत सरकार ने सुरक्षा कारणों से यात्रा प्रतिबंध का हवाला देते हुए अगले वर्ष टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए



पाकिस्तान जाने की अनुमति नहीं दी है। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाइब्रिड मॉडल के किसी भी विचार को खारिज करते हुए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को पूरी तरह से अपने देश में आयोजित करने पर कड़ा रुख अपनाया है। पीसीबी ने कथित तौर पर धमकी दी है कि अगर भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार करती है, तो वह भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले 2026 टी20 विश्व कप से बाहर हो जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी पाकिस्तान में पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी पर कायम है और 19-22 जुलाई तक कोलंबो में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान किसी भी हाइब्रिड मॉडल प्रस्ताव का विरोध करेगा। जबकि, बीसीसीआई ने आईसीसी से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल लागू करने का अनुरोध करने का संकेत दिया है, जिससे भारत अपने मैच किसी न्यूट्रल वेन्यू में खेल सके।

पीसीबी ने भारत के मैचों को ध्यान में रखते हुए आईसीसी को अपना ड्राफ्ट शेड्यूल सौंप दिया है। ड्राफ्ट शेड्यूल के अनुसार, भारत को लाहौर में अपने सभी मैच खेलने हैं, जिसमें संभावित सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल है। टूर्नामेंट 19 फरवरी को कराची में शुरू होगा, जबकि फाइनल 9 मार्च को लाहौर में खेला जाएगा। खराब मौसम की स्थिति में फाइनल के लिए 10 मार्च को रिजर्व डे रखा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर ऐड, विदेश में नौकरी; नोएडा की कंपनी ने 400 युवाओं से ठगे करोड़ों रुपए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा सेक्टर दो में एक कंपनी खोलकर देशभर के युवकों को नामी आईटी कंपनियों में मोटे पैकेज पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगों ने देश के अलग-अलग राज्यों में रहने वाले 400 से अधिक युवकों से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क किया। इसके बाद उनको सात महीने का कोर्स और इनर्टर्नशिप करके पांच लाख से 40 लाख तक के पैकेज पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि इस दौरान ठगों ने एक बैंक से पीड़ित छात्रों के नाम तीन- तीन लाख रुपये का लोन कराने के बाद कंपनी बंद कर फरार हो गए। इसको लेकर पीड़ित युवक पुलिस के पास शिकायत लेकर गए। जब उनकी वहां पर सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर की है। आईजीआरएस पोर्टल के जरिए दी गई शिकायत में आकाश गोल्धर, अनुप श्रीवास्तव, दीपक यादव सहित 50 अन्य युवक और युवतियों ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष तकनीकी और कंप्यूटर साइंस में अपना ग्रेजुएशन पूरा किया था। इसके बाद उनका कॉलेज से प्लेसमेंट नहीं हो पाया। इस दौरान सोशल मीडिया के जरिए सेक्टर दो स्थित एक कंपनी के संपर्क में आए। कंपनी ने युवकों को पे-आफ्टर प्लेसमेंट फुल स्टैक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रोग्राम का कोर्स कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब वह लोग कोर्स को पूरा कर लेंगे तो उनका अमेरिका, जर्मनी, युके के साथ देश की नामी आईटी कंपनियों में अच्छा रिफ्रेंस हैं। इसके जरिए वह उनको पांच लाख से 40 लाख सालाना पैकेज पर नौकरी दिला देंगे। पीड़ित युवकों के मुताबिक इस दौरान ठगों ने झांसे में लेने के लिए कुछ फर्जी छात्रों का पैकेज दिखाया और उनसे ऑनलाइन क्लास भी कराया।

### विंटेज कार को बनाया बार ऑन व्हील्स, खुले में परोस रहे थे शराब; नोएडा पुलिस ने 4 को किया गिरफ्तार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा पुलिस ने चार लोगों को अवैध तरीके से बार ऑन व्हील्स चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों में बैंक्वेट हॉल के मैनेजमेंट स्टाफ का सदस्य भी शामिल है। आरोपी विटेंज कार में शराब परोसा करते थे। सेक्टर-73 स्थित शौर्य बैंक्वेट हॉल के पास सर्विस रोड ब्लॉक कर विंटेज कार से शराब परोसने के मामले में सेक्टर-113 थाना पुलिस ने एक्शन लिया है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि बैंक्वेट हॉल के मैनेजमेंट और बार संचालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विंटेज कार भी जब्त कर ली गई है।

**चार गिरफ्तार:** एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि शौर्य बैंक्वेट हाल के बाहर आयोजकों द्वारा विंटेज कार से खुले में शराब का सेवन कराया जा रहा था। कार्रवाई करते हुए बैंक्वेट हाल के मैनेजमेंट व बार संचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मेरठ के हैदर, कासगंज नई बस्ती के अर्जुन, जिला संभल के गांव शदीनरपुर के अजीत और विंटेज कार के मालिक नई दिल्ली के प्रतीक तनेजा हैं। विंटेज कार को सीज किया गया है।

**विंटेज कार को बनाया मोबाइल बार:** शातिरों ने विंटेज कार को बड़ी ही चालाकी से मोबाइल बार में बदला हुआ था। पुलिस ने बताया कि संदिग्धों ने रविवार को सेक्टर 73 स्थित शौर्य बैंक्वेट हॉल में एक शादी समारोह के दौरान मोबाइल बार सेटअप किया था। सेक्टर 113 थाने के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया, यह कार्रवाई तब की गई ।

# पैनिक बटन, सीसीटीवी; दिल्ली में मोहल्ला बसों का ट्रायल रन शुरू; फ्री में सफर करेंगी महिलाएं



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में संकरी सड़कों पर भी यात्रियों को बसों की सुविधा मिलेगी। लंबे इंतजार के बाद दिल्ली सरकार ने सोमवार को मोहल्ला बसों का ट्रायल शुरू कर दिया। दो बसों के साथ दो रूटों पर एक सप्ताह यह प्रक्रिया चलेगी। इस दौरान यात्रियों के सुझावों के आधार पर सेवा को बढ़ाया जाएगा। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि हम अगस्त में सेवा का विस्तार करेंगे। सरकार ने 2025 तक कुल 2180 मोहल्ला बसों को चलाने का लक्ष्य रखा है। ट्रायल शुरू करने के साथ परिवहन मंत्री ने कहा कि मोहल्ला बस सेवाओं की शुरुआत दिल्ली में लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन बसों को सड़क की सीमित चौड़ाई और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में परिचालन के हिसाब से डिजाइन किया गया है। अब तक 2080 मोहल्ला बसों की खरीद के लिए आदेश जारी किया जा चुका है।

गहलोत ने कहा कि मोहल्ला बस उन सड़कों पर चलेंगी, जहां 12 मीटर की बसें नहीं जा सकती हैं। यदि जाती भी हैं तो वहां जाम जैसी स्थिति पैदा होती है। चूंकि, मोहल्ला बस सामान्य बस 12 मीटर की तुलना में तीन मीटर छोटी यानी 9 मीटर की होती है। इसे आसानी से संकरी सड़कों व भीडभाड़ वाले इलाकों में भी चलाया जा सकता है। वर्तमान में दिल्ली सरकार लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए डीएमआरसी से अधिग्रहित मेट्रो फीडर बसों का परिचालन कर रही है।

**एआई की मदद ली जाएगी :** परिवहन मंत्री ने बताया कि बस परिचालन के रूटों का हम बड़े स्तर पर आकलन कर रहे हैं। हम इसके लिए विशेषज्ञों के साथ आईआईटी दिल्ली की भी मदद ले रहे हैं, जो सड़कों पर लोगों की भीड़, सार्वजनिक परिवहन के आंकड़ों का आकलन करके रूट तय कर रहे हैं। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की भी मदद ली जा रही है। मेट्रो ने भी हमें 152 प्रस्तावित रूट दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो 2080 बसें आ रही हैं उसमें 1040 बसों का परिचालन डीटीसी और 1040 का डिम्ट्स करेगा।

**महिलाएं मुफ्त सफर कर सकेंगी:** मोहल्ला बस इलेक्ट्रिक होंगी। इनमें सुरक्षा के लिए पैनिक बटन, सीसीटीवी कैमरा और जीपीएस लगा होगा। बसें पूरी तरह से वातानुकूलित होंगी। बस में 23 सीट बैठने के लिए होंगी और 13 यात्री खड़े होकर भी यात्रा कर सकेंगे। बस में कुल 196 किलोवाट की बैट्री होगी। एक बार फुल चार्ज होने के बाद 120 किलोमीटर से ज्यादा चलेगी। मोहल्ला बसें हरे रंग की होंगी, जिनमें 25 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। मोहल्ला बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा मिलती रहेगी।

**ये हैं ट्रायल रूट**

**अक्षरधाम से मयूर विहार फेज-3 :** अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन, दिल्ली पुलिस अपार्टमेंट, नोएडा मोड़, मयूर विहार फेज-1 मेट्रो स्टेशन, मयूर विहार फेज-1 एसटीए अथॉरिटी मेट्रो स्टेशन, पॉकेट-ए गुरुद्वारा, त्रिलोकपुरी-36 ब्लॉक, त्रिलोकपुरी-26 ब्लॉक, त्रिलोकपुरी-13 ब्लॉक, चांद सिनेमा, सुपर बाजार, कल्याण पुरी चौराहा, कोंडली मोड़, राजबीर कॉलोनी पुल नंबर-1, बड़ी मस्जिद पुल नंबर-2, गाजीपुर थाना, घरोली एक्सटेंशन, सपेरा बस्ती, मयूर विहार फेज-3 पेपर मार्केट।

**मजलिस पार्क से प्रधान एन्क्लेव :** प्रधान एन्क्लेव पुस्ता (लिटिल स्टार स्कूल), प्रधान एन्क्लेव ए-ब्लॉक, बाबा कॉलोनी पुस्ता, एपेक्स स्कूल, जगतपुर मोड़, मिलन विहार चौक, झोरडा पुलिस चौकी (कायाकल्प अस्पताल), संगम विहार गली नंबर-4, झरोदा मेट्रो स्टेशन, हरदेव नगर, बुराड़ी मेट्रो स्टेशन, बुराड़ी क्रॉसिंग, मुकुंदपुर चौराहा मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन।

## आप से गठबंधन नहीं, बिजली के बढ़े दाम वापस नहीं लिए तो करेंगे प्रदर्शन; बोली कांग्रेस






**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बिजली दरों में 'बढ़ोतरी' के खिलाफ सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में बिजली वितरण कंपनियों के कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया और पीपीएसी में की गई 'वृद्धि' को वापस लेने की मांग की। अब कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी को चेताया है कि अगर बिजली के बढ़े हुए दाम वापस नहीं लिए गए तो पार्टी सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेगी।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा, ये वो सरकार है जो कहती थी कि हम बिजली का बिल आधा करेंगे लेकिन आज बहुत दुख की बात है कि बिजली के बिल डबल हो गए। सरकार के कानों पर जू नहीं रेंग रही। अगर सरकार बढ़े हुए बिजली के दामों को वापस नहीं लेती है तो हें सड़कों पर उतरना होगा।

तिहाड़ में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सेहत पर भी कांग्रेस नेता ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। देवेंद्र यादव ने कहा कि जेल प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि क्योंकि प्रदेश के मुख्यमंत्री जेल में हैं तो ऐसे में उनकी सेहत का ख्याल रखना उनकी ड्यूटी है। यह जेल सीधे दिल्ली सरकार के अंदर ही आता है। इसपर राजनीति नहीं होनी चाहिए लेकिन उनके खाने-पीने और दवाइयों का ख्याल रखा जाना चाहिए।

**आप से गठबंधन नहीं - कांग्रेस:** देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी तैयारी कर रही है और इस चुनाव में आप से कोई गठबंधन नहीं है।

## 18 शिकायतें दी, 1000 बाल मजदूर नहीं हुए आजाद

### एनजीओ की याचिका पर दिल्ली सरकार को नोटिस




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली सरकार से उस याचिका पर जवाब तलब किया जिसमें अधिकारियों से छापेमारी कर देशभर के विभिन्न हिस्सों से लाए गए करीब एक हजार बाल मजदूरों को मुक्त कराने का आग्रह किया गया है जिनसे कथित तौर पर बंधुआ मजदूरी कराई जा रही है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने दिल्ली सरकार, राजस्व विभाग, दिल्ली बाल अधिकार सरंक्षण आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता रोहतास ने जनहित याचिका में दावा किया कि उसने अधिकारियों से दिल्ली की विभिन्न संपत्तियों पर छापेमारी कर 245 बच्चों और 772 किशोरों को मुक्त कराने के लिए 18 शिकायतें दी जिनसे अति असुरक्षित और गंदे माहौल में रोजाना 12 से 13 घंटे काम कराया जा रहा है। रोहतास के मुताबिक वह गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सहयोग केयर फॉर यू' के काम का समर्थन करते हैं। याचिका में कहा गया है कि अधिकांश बच्चे तस्करी करके लाए गए हैं और वे जिन नियोक्ता के लिए काम करते हैं उनके साथ ही रहते हैं एवं उन्हें अत्यंत खतरनाक परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है, जो उनके स्वास्थ्य और शारीरिक विकास के लिए हानिकारक है।

दिल्ली सरकार के स्थायी अधिवक्ता (दीवानी) संतोष कुमार त्रिपाठी ने सुनवाई के दौरान कहा कि याचिकाकर्ता ने उन संपत्तियों का कोई उचित पता नहीं दिया है जहां बाल मजदूरों के काम करने का संदेह है। उन्होंने कहा कि पतों की पहचान किए बिना प्राधिकारियों द्वारा कार्रवाई मुश्किल हो सकती है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि आज तक उन्हें केवल तीन उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) के साथ बैठक के लिए पत्र प्राप्त हुआ है।

### डूब रहा था बेटा, पिता लोगों से मदद की लगाता रहा गुहार; देवदूत बनकर आए पूर्व कमांडो ने बचाई जान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंदिरापुरम में गौर ग्रीन के सामने नहर में डूब रहे युवक की वहां से गुजर रहे नेवी के पूर्व मरीन कमांडो धनवीर सिंह नेगी ने जान बचाई है। इस दौरान उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर नहर में छलांग लगा दी और युवक को बचा लिया। उन्होंने सीपीआर देकर व पेट में भरा पानी निकालने के बाद युवक को उसके पिता को सौंप दिया। बाद में परिजन उसे अस्पताल ले गए। नहर में डूब रहे युवक के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। जानकारी के अनुसार, मिलन विहार अभयखंड में रहने वाले पूर्व नेवी मरीन कमांडो धनवीर सिंह नेगी ने बताया कि वह सोमवार शाम लगभग सवा चार बजे स्कूटी पर नोएडा स्थित कार्यालय से घर लौट रहे थे। इस दौरान जब वह गौर ग्रीन के पास नहर पटरी पर पहुंचे तो लोगों की भीड़ देखकर रूक गए। उन्होंने देखा कि एक युवक नहर में डूब रहा था और उसके पिता लोगों से उसे बचाने की गुहार लगा रहे थे। मामला समझते ही वह बगैर देर किये नहर में कूद गए और डूब रहे युवक को बाहर निकाल लाए। उन्होंने बताया कि युवक के पेट में भरा पानी निकालने और सीपीआर देने के बाद युवक को उसके पिता को सौंप दिया जो उसे ई-रिक्शा में लेकर चले गए। इस दौरान युवक के पिता ने उनका हाथ जोड़कर शुक्रिया अदा किया।

## कनाडा में खालिस्तानियों को खुली छूट, अब बच्चों से लगवा रहे हैं भारत विरोधी नारे



**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की दोबारा सत्ता हासिल करने की महत्वाकांक्षा इतनी ज्यादा प्रबल हो चुकी हैं कि उन्होंने अपने देश में खालिस्तानियों को भारत विरोधी गतिविधियां करने की खुली छूट दे रखी है। हाल ही में खालिस्तान समर्थकों ने सरी में एक रैली का आयोजन किया और इस दौरान पी.एम. मोदी की आपत्तिजनक झांकी भी निकाली।

इस दौरान खालिस्तानी समर्थकों ने रैली में शामिल बच्चों से नारे भी लगावाए। इन नारों में कहा जा रहा था कि हमने इंदिरा गांधी को भी मार डाला और अब पी.एम मोदी की बारी है। बताया जा रहा है कि जस्टिन ट्रूडो की सियासत खालिस्तानियों पर ही टिकी हुई है और आगामी 2025 के आम चुनाव में उन्हें एक बड़ा वोट बैंक छिटकने का डर है जिसके चलते वह खालिस्तानियों की मनमानी को झेल रहे हैं।

**कनाडा और भारत के बेहतर रिश्तों पर सवाल**

मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि कनाडा के सरी में खालिस्तानी समर्थकों की रैली का मंजर तालिबानी शासन जैसा ही था, जहां उन्हें रोकने टोकने वाला कोई नहीं था। ट्रडो सरकार के कार्यकाल में इस तरह की घटना पहली बार नहीं हुई है, जब खालिस्तानियों को ऐसे कृत्य करने की इजाजत दी गई हो। इससे पहले भी खालिस्तानियों का भारत विरोधी गतिविधियां करने की खुली छूट दी जाती रही है। हालात ऐसे हो चले हैं कि कनाडा और भारत के बेहतर रिश्तों को लेकर आए दिन सवाल उठने लगे हैं। बीते साल उसने अपने यहां मारे गए आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ बता डाला था। भारत के विरोध के बाद भी वो बेसिर-पैर बातें करता रहा है। बीते जून माह में कनाडाई संसद में इसी आतंकी की पहली बरसी पर दो मिनट का मौन रखा गया था।

**ऐसे कनाडा में दाखिल हुए थे खालिस्तानी:** एक अन्य रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 1960 के दशक में जब कनाडा में लिबरल पार्टी की सरकार आई तो उसे मैनपावर की जरूरत थी। इस दौरान उसने भारतीयों के लिए वीजा नियमों में काफी ढील दे दी, जिससे पंजाब से जहाज भर-भरकर सिख कनाडा पहुंचने लगे।

## रूस के साथ अपने मजबूत संबंधों का इस्तेमाल करके यूक्रेन युद्ध रुकवाए भारत, अमेरिका की अपील



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका ने भारत से अपील की है कि वह रूस के साथ अपने ऐतिहासिक संबंधों का इस्तेमाल करे और राष्ट्रपति पुतिन को कहे कि वह यूक्रेन के खिलाफ युद्ध रोक दें। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने ये अपील की। मैथ्यू मिलर ने कहा कि भारत के रूस के साथ पुराने और मजबूत संबंध रहे हैं और ये सभी को पता हैं। हम चाहेंगे कि भारत, रूस के साथ अपने संबंधों का इस्तेमाल करते हुए राष्ट्रपति पुतिन से अपील करें कि वह यूक्रेन के खिलाफ जारी अवैध युद्ध को रोक दें और शांति स्थापित करें।

**पुतिन को यूएन चार्टर का सम्मान करने के लिए मनाए भारत:** मिलर ने कहा कि भारत पुतिन से कहे कि वह यूएन चार्टर का सम्मान करें और साथ ही यूक्रेन की क्षेत्रीय संप्रभुता को भी सम्मान करें। भारत हमारा भी अहम सहयोगी है, ऐसे में हम चाहेंगे कि भारत रूस को समझाने की कोशिश करे। अमेरिकी विदेश विभाग का यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस का दौरा किया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के रूस दौरे की आलोचना की थी और कहा था कि इससे शांति प्रयासों को बड़ा झटका लगेगा। अमेरिका ने भी भारत के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की थी।

**पीएम मोदी को रूस से सर्वोच्च सम्मान से किया गया सम्मानित:** प्रधानमंत्री मोदी ने मॉस्को दौरे पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई। दोनों देशों के बीच साल 2030 तक सालाना व्यापार 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। रूस दौरे पर पीएम मोदी को रूस के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से सम्मानित भी किया गया था। पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भी भावी पीढ़ियों के लिए शांति स्थापित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि युद्ध के मैदान से कोई हल नहीं निकल सकता और बातचीत से ही कोई समाधान निकलने की उम्मीद है।

## इंस्टाग्राम मॉडल ने फॉलोअर्स को जबरन सेक्स वर्क में धकेला, कोर्ट ने सुनाई जेल की सजा

**ब्रासीलिया , एजेंसी।** इंस्टाग्राम पर एक वेलनेस इन्फ्लुएंसर के रूप में सफल करियर बनाने वाली पूर्व ब्राज़ीलियाई मॉडल कैट टोरेस को आठ साल की जेल की सज़ा सुनाई गई है। यह चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब एफबीआई की जांच में पता चला कि वह मानव तस्करी और गुलामी में शामिल थी। जांच 2022 में शुरू हुई जब लापता बताई गई दो महिलाओं को टोरेस के साथ रहते हुए पाया गया।



टोरेस के कई अनुयायियों ने दावा किया कि उन्हें तस्करी करके लाया गया था और उन्हें जबरन सेक्स वर्क में धकेला गया था। टोरेस द्वारा तस्करी की गई महिलाओं में से एक ने बीबीसी को बताया कि वह उसकी गरीबी से अमीरी की कहानी से आकर्षित थी। एना ने बीबीसी को बताया, ऐसा लगता था कि उसने बचपन में हिंसा, दुर्व्यवहार और इन सभी दर्दनाक अनुभवों पर काबू पा लिया था।

उन्होंने आगे कहा, वह पत्रिकाओं के कवर पेज पर थीं। उन्हें लियोनार्डो डिकैप्रियो जैसे मशहूर लोगों के साथ देखा गया था। मैंने जो कुछ भी देखा वह विश्वसनीय लगा। उसने महिलाओं को अपने साथ रहने के लिए कैसे लुभाया? 2019 में, टोरेस ने एना से उसके साथ न्यूयॉर्क जाने और उसकी लिव-इन असिस्टेंट बनने के लिए कहा। एना, जो उस समय बोस्टन में एक विश्वविद्यालय में पढ़ रही थी, ने ऑनलाइन अध्ययन करने की व्यवस्था की और प्रभावशाली व्यक्ति के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। टोरेस ने कहा कि वह एना को उसकी और उसके जानवरों की देखभाल के लिए हर महीने 2000 डॉलर (1.6 लाख) का भुगतान करेगी। हालांकि, जब वह टोरेस के अपार्टमेंट में पहुंची, तो उसे वास्तविकता का एहसास हुआ। अपार्टमेंट गन्दा, गंदा और बहुत बदबूदार था। एना ने दावा किया कि वह लगातार इन्फ्लुएंसर के लिए उपलब्ध थी क्योंकि वह अकेले रहना बर्दाश्त नहीं कर सकती थी, यहाँ तक कि नहाने जैसे कामों के लिए भी। एना, जो एक कमज़ोर स्थिति में थी, ने खुद को एक अलग स्थिति में पाया। वह बिल्ली के मूत्र से सने सोफे पर मुश्किल से सो पाती थी। आखिरकार एना जो टोरेस की मानव तस्करी की पहली पीड़ितों में से एक थी, अपने नए प्रेमी की मदद से अपने अपार्टमेंट से भाग निकली।

**और भी पीड़ित और जबरन सेक्स वर्क:** 2022 में दो युवा ब्राज़ीलियाई महिलाएं लापता हो गईं। जब एना को इसके बारे में पता चला तो उसे यकीन हो गया कि यह टोरेस ही है। इस समय तक टोरेस ने ज़ैक नाम के एक व्यक्ति से शादी कर ली थी और वे ऑस्टिन, टेक्सास में पांच बेडरूम वाले अपार्टमेंट में रहने लगे थे। उसने वही पैटर्न दोहराया और दो महिलाओं को अपने लिए काम करने के लिए फुसलाया। बदले में उसने आध्यात्मिक शक्तियों के माध्यम से उनकी समस्याओं को हल करने का वादा किया।

## अमेरिका में ट्रंप के पक्ष में सहानुभूति की लहर, आज हों चुनाव तो भारी बहुमत से बनेंगे राष्ट्रपति

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीवार डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को हुआ हमला राजनीतिक संजीवनी साबित हो सकता है। क्योंकि, हमले के बाद उनके पक्ष में साहनुभूति की जबरदस्त लहर देखने को मिल रही है। हमले से पहले ट्रंप 47 फीसदी के साथ राष्ट्रीय औसत में बाइडन (45 फीसदी) से पहले ही आगे चल रहे हैं। फिलहाल, हमले के बाद पक्ष में बने माहौल को भुनाते हुए ट्रंप 50 फीसदी के राष्ट्रीय औसत को पार करते हुए भारी बहुमत से चुनाव जीत सकते हैं। हालांकि, चुनाव 5 नवंबर को होना है। ऐसे में यह सिर्फ एक काल्पनिक स्थिति है। लेकिन, फिर भी अगर इस सप्ताह में चुनाव हो जाएं, तो इलेक्टोरल कॉलेज के लिहाज से राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए 270 का आंकड़ा हासिल करना होता है, लेकिन तमाम पोल के नतीजे बता रहे हैं कि ट्रंप को 312 तक इलेक्टोरल कॉलेज सीटें मिल सकती हैं। ट्रंप पर जिस पेंसिलवेनिया राज्य में हमला हुआ वहां भी ट्रंप को सर्वे पोल में अच्छी बढ़त मिलती दिख रही है। यहां पर ट्रंप 48 फीसदी के औसत से आगे चल रहे हैं। अगर ट्रंप हर उस राज्य में जीत हासिल कर लेते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा। ) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129